RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 267
नई दिल्ली, सोमवार, 5 अगस्त, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर



भाजपा-जदएस की सरकार बनवाने के लिए काम करेंगे
राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

## बांग्लादेश में फिर भड़की हिंसा, 91 मरे



बांग्लादेश की राजधानी ढाका में रविवार को देश भर में हुई हिंसा में मारे गए पीड़ितों के लिए न्याय की मांग करते हुए बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी सरकार के खिलाफ रैली निकाली। एपी/पीटीआई

**एजेंसी।** ढाका

**बांग्लादेश** की राजधानी ढाका में एक बार फिर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों और सत्तारूढ़ अवामी लीग के समर्थकों के बीच रविवार को खूनी झड़पों में 14 पुलिस कर्मियों समेत 91 लोग मारे गए जबकि सैकड़ों अन्य घायल हो गए। सरकार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शनकारी एक असहयोग कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे। अवामी लीग, छात्र लीग और जुबो लीग के कार्यकर्ताओं ने उनका विरोध किया तथा फिर दोनों पक्षों के बीच झड़प हुई। इस बीच बांग्लादेशी सेना के पूर्व शीर्ष अधिकारियों के एक समूह ने देशभर में हिंसा की नई घटनाओं के बीच रविवार को सरकार से सड़कों पर मौजूद सशस्त्र बलों को वापस बुलाने और उन्हें वापस बैरक में भेजने का अनुरोध किया है। बांग्लादेश की मीडिया के अनुसार, देश के कई जिलों में हुई झड़पों में अब तक 91 लोग मारे जा चुके हैं।

गृह मंत्रालय ने रविवार शाम छह बजे से देश में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगाने का निर्णय लिया। सरकारी एजेंसियों ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक , मैसेंजर , व्हॉट्सऐप और इंस्टाग्राम को बंद करने का आदेश दिया है। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि मोबाइल प्रदाताओं को 4जी इंटरनेट बंद करने का आदेश दिया गया है।

स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन प्लेटफॉर्म ने सरकार के इस्तीफे की एक सूत्री मांग के साथ आज से पूर्ण असहयोग आंदोलन का आह्वान किया। इस बीच, प्रधानमंत्री हसीना ने कहा कि विरोध के नाम पर बांग्लादेश में तोड़फोड़ करने वाले लोग छात्र, नहीं बल्कि आतंकवादी हैं और उन्होंने जनता से ऐसे लोगों से सख्ती से निपटने को कहा। उन्होंने कहा, वह देशवासियों से अपील करती हैं कि इन आतंकियों से सख्ती से निपटा जाए। प्रधानमंत्री कार्यालय के सूत्रों के हवाले से बताया कि हसीना ने गणभवन में सुरक्षा मामलों की राष्ट्रीय समिति की बैठक बुलाई।

बैठक में सेना, नौसेना, वायुसेना, पुलिस, रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी), बांग्लादेश सीमा गार्ड (बीजीबी) के प्रमुखों और अन्य शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों ने हिस्सा लिया। यह बैठक ऐसे समय में हुई जब देश के कई हिस्सों में हिंसा फिर से फैलती जा रही है। विरोध प्रदर्शन के चलते ढाका की ज्यादा दुकानें और मॉल बंद रहे। सैकड़ों छात्र और कामकाजी लोग ढाका के शाहबाग में एकत्र हो गए हैं, जिससे यातायात जाम हो गया। एक न्यूज पोर्टल की एक खबर के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग की और आरक्षण में सुधार को लेकर हाल में हुए विरोध प्रदर्शनों में मारे गए लोगों के लिए न्याय की मांग करते हुए नारे लगाए। प्रदर्शनकारी असहयोग आंदोलन के पहले दिन राजधानी के साइंस लैब चौराहे पर भी एकत्र हुए और उन्होंने सरकार विरोधी नारे लगाए। समाचार पत्र के अनुसार, रविवार को बंगबंधु शेख मुजीब मेडिकल यूनिवर्सिटी (बीएसएमएमयू) (शेष पेज 9)

## टीम हॉकी ओलंपिक स्वर्ण की दौड़ में बरकरार

### ● सेमीफाइनल में ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया

**भाषा।** पेरिस

**अपना आखिरी** टूर्नामेंट खेल रहे पी आर श्रीजेश एक बार फिर भारतीय हॉकी की दीवार साबित हुए और 42 मिनट तक दस खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद भारत ने ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। तारीफ करनी होगी भारतीय डिफेंस की जिसने 36 वर्ष के श्रीजेश की अगुवाई में ब्रिटेन के हर हमले का बचाव करते हुए उसे बढ़त नहीं बनाने दी। ब्रिटेन ने 28 बार भारतीय गोल पर हमला बोला और महज एक कामयाबी मिली। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर रहने पर मुकाबला शूटआउट में गया।

शूटआउट में भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह , सुखजीत सिंह, ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल ने गोल दागे जबकि इंग्लैंड के जेम्स अलबेरी और जाक वालांस ही गोल कर सके। कोनोर विलियमसन का निशाना चूका और फिलिप रोपर का शॉट श्रीजेश ने बचाया। तोक्यो ओलंपिक में ब्रिटेन को ही हराकर भारतीय टीम अंतिम चार में पहुंची थी। श्रीजेश तोक्यो में कांस्य पदक के मुकाबले में जर्मनी के खिलाफ भी भारत की दीवार साबित हुए थे और उन्होंने पेरिस ओलंपिक के अब तक के सबसे कठिन मुकाबले में भी अपेक्षाओं पर खरे उतरकर दिखाया। निर्धारित समय में भारत के लिए हरमनप्रीत ने 22वें और ली मोर्टन ने 27वें मिनट में गोल दागा था। रोहिदास को रेड कार्ड मिलने का ब्रिटेन ने फायदा उठाते हुए 19वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन गोल नहीं कर सके। भारत को जवाबी हमले में 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे हरमनप्रीत ने गोल में बदला। यह पेरिस ओलंपिक में उनका सातवां गोल था।



फ्रांस ओलंपिक में भारत और ब्रिटेन के बीच पुरुष हॉकी मैच के क्वॉटर फाइनल मैच के दौरान रविवार को कोलंबस के यवेस-डु-मानोइर स्टेडियम में भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह (बीच में) साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते हुए। पीटीआई

ब्रिटेन टीम गेंद पर नियंत्रण में भारत पर लगातार भारी रही और 25वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर उसे वैरिएशन आजमाया लेकिन खाता नहीं खुल सका। अब तक शानदार प्रदर्शन कर रहे भारतीय डिफेंस में पहली बार चूक देखी गई और 27वें मिनट में सर्कल पर से गोल के सामने मिली गेंद को मोर्टन ने गोल के भीतर डाला। तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम फिर गेंद पर नियंत्रण के लिए जूझती नजर आई। ब्रिटेन ने पहले ही मिनट से आक्रामक खेल दिखाया और 36वें मिनट में उसे पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर फर्लोंग का शॉट श्रीजेश ने बचाया। ब्रिटेन को तीन मिनट बाद आठवां पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर पहला और रिबाउंड दोनों शॉट भारतीय डिफेंडरों ने बचाए। तीसरे क्वार्टर के आखिरी मिनट में सुमित को ग्रीन कार्ड मिलने से चौथे क्वार्टर के पहले दो मिनट भारत को नौ खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। ब्रिटेन ने चौथे क्वार्टर में लगातार हमले बोलने का सिलसिला जारी रखा लेकिन भारत की तारीफ करनी होगी कि दस खिलाड़ियों के साथ उसने गोल नहीं गंवाया। इससे पहले शुरुआती क्वार्टर में भारतीय डिफेंस ने जबर्दस्त मुस्तैदी दिखाते हुए ब्रिटेन के कई हमलों को नेस्तनाबूद किया। दोनों टीमों को पहले 15 मिनट में तीन तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले (शेष पेज 9)



शिमला में हाल ही में बादल फटने के बाद बचाव और खोज अभियान में जुटे रविवार को अधिकारी। पीटीआई

## हिमाचल में बादल फटने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** शिमला

**हिमाचल प्रदेश** के मंडी जिले में दो और शव मिलने के साथ ही राज्य के तीन जिलों में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। 31 जुलाई की रात में कुल्लू के निरमंड, सैंज और मलाणा, मंडी जिले के पधर और शिमला के रामपुर उपखंड में बादल फटने की कई घटनाओं ने भारी तबाही मचाई थी। इन घटनाओं के बाद अब भी 40 से अधिक लोग लापता हैं।अधिकारियों ने बताया कि मंडी जिले में पधर के राजभान गांव से सोनम (23) और मानवी (तीन माह) के शव बरामद किए गए हैं। बचाव अभियान अब भी जारी है और लापता लोगों का पता लगाने के लिए खोजी कुत्तों, ड्रोन और अन्य उपकरणों की मदद ली जा रही है। अधिकारियों के अनुसार सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), पुलिस और होमगार्ड के 410 कर्मी इस बचावाखोज अभियान में शामिल हैं। उनके मुताबिक रामपुर उपखंड में सरपारा ग्राम पंचायत के सामेज गांव में 30 से अधिक लोग लापता हैं। बचाव अभियान में और मशीनें लगाई गई हैं तथा बचाव अभियान जारी है। उपप्रधान (सरपारा) सी एल नेगी ने बताया कि पानी का प्रवाह घट गया है जिसके बाद अब मशीन मौके पर लाई गई हैं एवं लापता लोगों के मिल जाने की संभावना है।राज्य सरकार ने शुक्रवार को पीड़ितों के लिए 50,000 रुपए की तत्काल राहत की घोषणा की थी और कहा था कि उन्हें अगले तीन महीनों के लिए किराए के लिए 5,000 रुपए मासिक दिए जाएंगे, साथ ही गैस, भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुएं भी दी जाएंगी। 27 जून को मानसून के आगमन से लेकर तीन अगस्त तक हिमाचल प्रदेश को 662 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, बारिश से संबंधित घटनाओं में 79 लोगों की जान जा चुकी है।


## लव जिहाद मामलों में असम उम्र कैद के लिए लाएगा कानून

**पायनियर समाचार सेवा।** गुवाहाटी/नई दिल्ली

**असम के** मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार एक नया कानून लाएगी जो 'लव जिहाद' को अपराध घोषित करेगा। इस प्रस्तावित कानून में दोषी पाए जाने पर आरोपी को आजीवन कारावास का प्रावधान होगा। सरमा का यह बयान उत्तर प्रदेश विधानसभा द्वारा उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक, 2024 पारित किए जाने के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें कुछ परिस्थितियों में दोषी पाए जाने वाले अपराधियों को अधिकतम आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है।

असम की राजधानी में आयोजित राज्य भाजपा कार्यकारिणी की बैठक में बोलते हुए सरमा ने कहा, हमने चुनावों के दौरान 'लव जिहाद' के बारे में बात की थी। जल्द ही हम एक कानून लाएंगे, जिसमें ऐसे मामलों में आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। हालांकि, उन्होंने प्रस्तावित कानून के बारे में किसी समय सीमा के बारे में बात नहीं की।

सरमा ने यह भी कहा कि सरकार नई अधिवास नीति भी लाएगी, जिसके तहत राज्य में जन्मे लोगों को ही सरकारी नौकरी का हकदार बनाया जाएगा। असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव पूर्व वादे के अनुसार एक लाख सरकारी नौकरियों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी गई है, जो पूरी सूची प्रकाशित होने पर स्पष्ट हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम सरकार ने हिंदुओं और मुसलमानों के बीच जमीन की बिक्री के बारे में भी फैसला लिया है। इस सप्ताह की शुरुआत में सरमा ने कहा था कि सरकार वीआईपी संस्कृति को खत्म करेगी और अब से



हर सरकारी कार्यक्रम में केवल शाकाहारी और सात्विक भोजन परोसा जाएगा। सरमा ने यह भी कहा कि राज्य सरकार 13 मेडिकल कॉलेजों में नवजात शिशुओं को आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र एक साथ जारी करने के लिए एक पायलट परियोजना शुरू करेगी। उन्होंने एक प्रेस वार्ता में कहा, मेडिकल कॉलेजों में एक केंद्र स्थापित किया जाएगा, जो जन्म के कुछ दिनों के भीतर नवजात को आधार कार्ड जारी करेगा। शुरुआत में इसे मेडिकल कॉलेजों में लॉन्च किया जाएगा, यह परियोजना जिला अस्पतालों तक विस्तारित होगी, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चों को जन्म के तुरंत बाद दोनों दस्तावेज मिल जाएं और बाद में कतार में न लगना पड़े। सीएम ने यह भी कहा कि असम सरकार ने हिंदुओं और मुसलमानों के बीच जमीन की बिक्री के बारे में भी फैसला लिया है। उन्होंने यह भी बताया कि हालांकि सरकार इस तरह के लेन-देन को रोक नहीं सकती, लेकिन उसने आगे बढ़ने से पहले मुख्यमंत्री की सहमति लेना अनिवार्य कर दिया है।

## मध्य प्रदेश में दीवार गिरने से नौ बच्चों की मौत

**एजेंसी।** सागर

**मध्यप्रदेश के** सागर जिले में रविवार को एक जर्जर मकान की दीवार ढह जाने से नौ बच्चों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना रहली विधानसभा क्षेत्र के शाहपुर गांव में एक मंदिर परिसर के पास एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान सुबह साढ़े आठ और नौ बजे के बीच हुई। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शाहपुर नगर पंचायत के मुख्य निगम अधिकारी और उप अभियंता को निलंबित कर दिया है। उन्होंने राज्य भर के नगर निकायों को जर्जर भवनों की पहचान करने और कार्वाई करने का भी निर्देश दिया।

सागर के मंडल आयुक्त वीरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि शाहपुर में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान दीवार ढहने की घटना में 10 से 15 साल के नौ बच्चों की मौत हो गई एवं दो अन्य घायल हो गए। रावत ने कहा कि जिला अधिकारी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। मुख्यमंत्री ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया और प्रत्येक मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थानीय विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने संवाददाताओं को बताया कि जर्जर मकान के पास एक टेंट में शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान दीवार ढह कर टेंट पर गिर गई। उन्होंने बताया कि कई बच्चे टेंट और मलबे के नीचे दब गए। भार्गव ने बताया कि घटना में जान गंवाने वाले कई बच्चे अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे।



सागर जिले के शाहपुर गांव में रविवार को दीवार गिरने के बाद राहत-बचाव कार्य करते हुए। पीटीआई

जिलाधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि बच्चे मंदिर के पास लगाए गए टेंट में बैठे हुए थे तभी बारिश के कारण मकान की दीवार ढह गई। उन्होंने बताया कि हादसे में दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सात अन्य ने अस्पताल ले जाते समय या इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। आर्य के अनुसार दो घायल बच्चों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है और वे खतरे से बाहर हैं।अधिकारियों के मुताबिक, मृतकों की पहचान ध्रुव यादव (12), नितेश पटेल (13), आशुतोष प्रजापति (15), प्रिंस साहू (12), पर्व विश्वकर्मा (10), दिव्यांश साहू (12), देव साहू (12), वंश लोधी (10) और हेमंत (10) के रूप में की गई है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, सागर जिले के शाहपुर गांव में भारी बारिश के कारण जर्जर मकान की दीवार गिरने से नौ मासूम बच्चों की मौत की खबर सुनकर मुझे दुख हुआ। मैंने जिला प्रशासन को घायल बच्चों का समुचित इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

यादव ने घटना में घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना भी की। उन्होंने कहा, मृतक बच्चों के परिजनों को सरकार की ओर से चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। एक अन्य पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि शाहपुर नगर पंचायत ने जर्जर मकानों की पहचान करते हुए नोटिस जारी किए थे लेकिन उसने स्थानीय प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं दी। उन्होंने बताया कि लापरवाही बरतने के दोषी पाए गए प्रभारी मुख्य निगम अधिकारी और नगर पंचायत के एक उप-अभियंता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी इस घटना पर दुख जताया। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता कमलनाथ ने कहा कि दीवार गिरने से बच्चों की मौत की यह दूसरी घटना है। इससे पहले शनिवार को रीवा में भी इसी तरह की घटना में चार बच्चों की जान चली गई थी।

## बुलडोजरों ने खैबर पास निवासियों के घरों, यादों को मिटाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली विकास** प्राधिकरण ने सिविल लाइन्स इलाके खैबर पास में रविवार को तोड़फोड़ अभियान चलाया। डीडीए ने यहां अवैध अतिक्रमण हटाने के मकसद से यह कार्रवाई की। इस कार्रवाई के बाद यहां रह रहे परिवारों के सिर से छत छिन गई। लोग अब खुले में रहने को मजबूर हो गए हैं। इलाके में पीढ़ियों से रह रहे निवासियों की यादें भी चकनाचूर हो गईं। डीडीए के भूमि एवं विकास विभाग ने यह तोड़फोड़ अभियान चलाया।

खैबर पास इलाके लोगों ने रविवार सुबह देखा कि पड़ोस में बुलडोजर खड़े हैं, जो उनके घरों को ध्वस्त करने के लिए तैयार हैं, जिनमें न केवल उनका सामान था, बल्कि उनकी यादें भी थीं। भूपिंदर सिंह भाटिया, जो अपने घर के पास एक छोटी सी दुकान चलाते थे, निराशा से मलबे को देख रहे थे। भाटिया ने मीडिया से बातचीत में कहा, वह यहां 70 साल से रह रहा था। उन्होंने यह घर और दुकान अपनी मेहनत की कमाई से बनाई थी और आज घर को ध्वस्त होता देखकर बहुत दुख हो रहा है।

शाहना बेगम ने कहा कि वह दशकों से इस इलाके में रह रही हैं। उन्होंने कहा, पिछले महीने उन्होंने सिविल लाइंस इलाके में मेरा घर ध्वस्त कर दिया और आज उन्होंने मेरी बेटी का घर ध्वस्त कर दिया। कुछ घर और दुकानें रविवार को ध्वस्त कर दी गईं, जबकि क्षेत्र के निवासियों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि उनमें से कई लोगों को आने वाले दिनों में तोड़फोड़ किए जाने का नोटिस मिला



नई दिल्ली में खैबर दर्रे इलाके में रविवार को ध्वस्तीकरण अभियान के दौरान मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी। रंजन डिमरी/पायनियर

है। दो बच्चों के पिता मोहित गुप्ता ने कहा कि उनके बच्चे पास के स्कूल में पढ़ रहे हैं, लेकिन वह उनके भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

अपनी दुकान की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, यह मेरी एकमात्र दुकान है, गुप्ता स्टोर, जिसे 13 अगस्त को ध्वस्त कर दिया जाएगा। अब वह बहुत चिंतित हैं कि कि वहकैसे कमाऊंगे और अपने परिवार का भरण-पोषण करूंगा। गुप्ता ने कहा कि वह तोड़फोड़ किए जाने के डर के बीच वह कुछ समय के लिए बुरारी में चले गए हैं। उन्होंने व्यथित होकर कहा, वहां किराया इतना अधिक है कि मेरी सारी बचत इसे चुकाने में खर्च हो जाती है। अपने माता-पिता का घर तोड़े जाने की खबर पाकर शनिवार रात दुबई से लौटीं निशा को अपने बुजुर्ग माता-पिता की चिंता सता रही थी। उन्होंने कहा, अब मैं अपने परिवार को कहां ले जाएंगी। मेरे पिता की तबीयत ठीक नहीं है। उन्होंने पल भर में मेरा घर तोड़ दिया और कई उपयोगी चीजें नष्ट हो गईं। तोड़फोड़ अभियान भूमि एवं विकास कार्यालय (एल एंड डीओ) द्वारा चलाया गया था। इस संबंध में 2010 में उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई थी और अदालत ने निर्देश दिया था कि याचिकाकर्ताओं के खिलाफ कोई कठोर कदम नहीं उठाया जाएगा। अधिकारियों ने इस साल की शुरुआत में एक आदेश जारी किया था जिसमें क्षेत्र से कथित अनधिकृत कब्जे और निर्माण को हटाने की चेतावनी दी गई थी। इस आदेश के बाद याचिकाकर्ताओं ने इस मामले में स्पष्टीकरण के लिए एक आवेदन दायर किया था।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 5 अगस्त, 2024



# गाजियाबाद में बना पहला एआई आधारित आंगनबाड़ी केंद्र

## उत्तर प्रदेश की राज्यपाल बोलीं- जेलों में 80 प्रतिशत कैदी दहेज मामलों के, शून्य अपराध वाला समाज बनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल रविवार को गाजियाबाद पहुंचीं। उन्होंने रजापुर ब्लॉक के गांव मोरटी में देश के पहले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया।

इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि हमारी माताएं सशक्त बनेंगी तो बच्चे भी सशक्त बनेंगे। तभी देश भी सशक्त बनेगा। रोटरी इंटरनोश्नल डिस्ट्रिक-3012 द्वारा इस आंगनबाड़ी केंद्र को तैयार कराया गया है। राज्यपाल ने इस दौरान आंगनबाड़ी बच्चों से बातचीत की। उन्होंने एआई से विद्यार्थियों को पढ़ाने के तरीके के बारे में भी जानकारी ली। समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा- जेलों में महिलाओं से संबंधित अपराधों में 80 प्रतिशत कैदी दहेज मामलो के हैं। हमें चाहिए कि हम ऐसे समाज का निर्माण करें, जहां अपराध के लिए कोई जगह ना हो।

उन्होंने कहा- शिक्षा ऐसी होनी चाहिए कि बच्चे उसे समझ सकें। सिर्फ रटा-रटाया ज्ञान ना हो। बच्चे को समझ आना चाहिए कि वह क्या लिख रहा है, क्या बोल रहा है। शिक्षा के साथ बच्चों में संस्कृति और सभ्यता का भी ज्ञान होना चाहिए।राज्यपाल ने कहा- वर्तमान में बच्चों के साथ महिलाएं भी कुपोषित हैं। हमें उन्हें सशक्त बनाना है। हमें आंगनबाड़ी के माध्यम से गर्भवती महिलाओं तक संदेश पहुंचाना चाहिए कि वे पोषण आहार लें, जिससे स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सकें। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट-3012 के गर्वनर प्रशान्त राज ने कहा- हमारे रोटरी क्लब के 160 प्रेजीडेंट हैं। मेरा उनसे आग्रह है कि वह कम से कम एक-एक आंगनबाड़ी केन्द्र गोद लें और उनमें सुधारात्मक कार्य करें। हमारा लक्ष्य प्रथम चरण में 100 आंगनबाड़ी केन्द्रों को विकसित करने का है। गाजियाबाद डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा- जिले में 1371 आंगनबाड़ी केंद्र हैं। टाटा स्टील सहित कई कंपनी और संस्थाएं इनका पुर्ननिर्माण करा रही हैं।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने भी रोटरी के कार्यों की सराहना की। मेयर सुनीता दयाल ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस करने से बच्चों के दिमाग में और तेजी से विकास होगा। इस मौके पर गाजियाबाद जिले की तरफ से राज्यपाल को मण्डल आर्ट की 100 पुस्तके भेंट की गई।

इसके अलावा राज्यपाल ने एक किट आंगनबाड़ी कार्यकत्री को दी। इसमें साबुन, डिटौल, पट्टी, मरहम, कंघा, सीसा, सुई, धागा, कैंची, तेल सहित अन्य सामग्री है। समारोह में विधायक अजीतपाल त्यागी, विधायक डॉ.मंजू सिवाच, पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्रा, अभिनव गोपाल, ग्राम प्रधान कीर्ति आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ.पूनम शर्मा, कनिष्का और आकार्तिका ने किया।



रजापुर ब्लॉक के गांव मोरटी में देश के पहले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ( एआइ ) आधारित आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन करतीं राज्यपाल आनंदी पटेल।

# सड़कों के किनारे कंक्रीट के फुटपाथ पर एनजीटी ने जारी किया नोटिस

- केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से मांगा जवाब

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और अन्य से गाजियाबाद में सड़कों के किनारे बिना सोचे-समझे कंक्रीट के फुटपाथ का निर्माण करने तथा पार्कों में निर्माण को लेकर याचिका पर जवाब मांगा है।

अधिकरण एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें दावा किया गया है कि बड़े पैमाने पर, बिना सोचे-समझे और अंधाधुंध तरीके से कंक्रीट निर्माण या फुटपाथ बनाया जाना शहरों और कस्बों में जलजमाव, शहरी बाढ़ और जैव विविधता को नुकसान पहुंचने का सबसे बड़ा कारण है। हाल में जारी अपने आदेश में अधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने कहा कि याचिका में पर्यावरणीय मानदंडों के अनुपालन से संबंधित एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया गया है। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल भी शामिल हैं। पीठ ने प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया और मामले की आगे की कार्यवाही के लिए 21 अक्टूबर की तारीख निर्धारित की। मामले के प्रतिवादियों या पक्षकारों में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी), उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए), गाजियाबाद नगर निगम और अन्य शामिल हैं। अधिवक्ता आकाश वशिष्ठ द्वारा दायर याचिका में रेखांकित किया गया है कि हरित क्षेत्रों में इस प्रकार का निर्माण कार्य पर्यावरण नियमों, सरकारी दिशानिर्देशों और अधिकरण के आदेशों तथा निर्णयों का घोर उल्लंघन है।

# ग्रेटर नोएडा की सोसाइटी में कुत्तों के बाद बंदरों का आतंक, महिला पर किया हमला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा का एक वीडियो खूब तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें एक बंदर को दबे पांव घर में घुसकर महिला पर हमला करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो वायरल होने के बाद लोग हक्के-बक्के रह गए हैं और ग्रेनो प्राधिकरण के आवारा पशुओं को लेकर किए जाने वाले दावों पर तरह-तरह के सवाल उठा रहे हैं।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। जहां एक बंदर किचन का दरवाजा खोलकर कमरे में दाखिल हो जाता है और किचन में काम कर रही महिला पर अटैक कर देता है। जहां एक तरफ नोएडा-ग्रेटर नोएडा में कुत्तों का आतंक फिर से देखने को मिल रहा है। वहीं इस कदर घरों में घुसकर बंदरों को हमला करते देख लोगों के दिल में खौफ पैदा हो गया है।

वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि एक महिला किचन के अंदर आराम से काम कर रही है। इसी दौरान बंदर किचन का दरवाजा खोलता है और किचन में दाखिल हो जाता है। जब महिला की निगाह अचानक बंदर पर पड़ती है तो वो चीख-पुकार कर वहां से भागने की कोशिश करती है। इतने में ही बंदर महिला पर अटैक कर देता है। हालांकि महिला किसी तरह से वहां से अपनी जान बचाकर भाग खड़ी होती है। जिसके बाद बंदर किचन में तहस-नहस करना शुरू कर देता है। बंदर के इस करतूत का वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया। खबरों की मानें तो बंदर के हमले से महिला घायल हो गई है। जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रेटर नोएडा का ये वीडियो वायरल होने से बाद से लोगों में गुस्सा बना हुआ है। वहीं ये वीडियो सामने आने के बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा आवारा पशुओं के लिए किए गए दावों पर सवाल खड़े हो गए हैं।

# पीआईडीएस से लैस होगी नोएडा मेट्रो की एक्वा लाइन

- 11.27 करोड़ रुपए होंगे खर्च, 88 सिस्टम होंगे इंस्टॉल, आरएफपी की गई जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा मेट्रो के मुसाफिर का सफर और आसान बनाने के लिए आब एक्वा लाइन पर एडवांस पैसेंजर इन्फॉर्मेशन डिस्पले सिस्टम (पीआईडीएस) लगाया जाएगा।

ये सिस्टम एक्वा लाइन के सभी 21 मेट्रो स्टेशन पर लगाए जाएंगे। इसके लिए एनएमआरसी ने आरएफपी जारी की है। लो कास्ट कंपनी का चयन किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के तहत कुल 88 पीआईडीएस सिस्टम स्टेशन पर इन्स्टॉल किए जाएंगे। इस कार्य में 10 महीने का समय लगेगा। साथ ही 11.27 करो? रुपए खर्च किए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि सभी स्टेशन की अलग-अलग लोकेशन पर इनको लगाया जाएगा। ताकि मुसाफिर आसानी से इनको देख सके और मेट्रो की जानकारी प्राप्त कर सके। इसके लिए 21 मेट्रो स्टेशन के कॉन्कोर्स में कुल 42 पीआईडीएस इन्स्टॉल किए जाएंगे। इसके अलावा आने जाने दोनों प्लेटफार्म पर 2-2 सिस्टम लगाए जाएंगे। जिस कंपनी को काम सौंपा जाएगा।

वहीं सप्लाई, इन्स्टॉलेशन, टेस्टिंग व कमिशनिंग का काम करेगी। टेंडर शर्तों के अनुसार उसे 24 महीने तक सभी डिवाइस का रखरखाव का काम भी करना होगा।

सभी पीआईडीएस डिस्प्ले बोर्ड ट्रू कलर एलईडी बेस्ड होंगे। इसके अलावा इनको कंट्रोल करने के लिए एक कॉमन वर्क स्टेशन भी विकसित किया जाएगा। आधुनिक पीआईडीएस सिस्टम के इन्स्टॉलेशन से इस रूट पर प्रतिदिन यात्रा करने वाले यात्रियों तक जानकारियां पहुंचाने में एनएमआरसी को मदद मिलेगी। एक्वा लाइन के अंतर्गत कुल 21 मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। ये स्टेशन नोएडा सेक्टर 51 से शुरू होकर ग्रेटर नोएडा में डिपो स्टेशन तक है।

सेक्टर 51 मेट्रो स्टेशन के अप व डाउन प्लेटफॉर्म्स पर 2-2 यानी कुल 4 पीआईडीएस इन्स्टॉल होंगे। सेक्टर 50, सेक्टर 76, सेक्टर 81, सेक्टर 101, एनएसईजेड, सेक्टर 83, सेक्टर 137, सेक्टर 142, सेक्टर 143, सेक्टर 144, सेक्टर 145, सेक्टर 146, सेक्टर 147, सेक्टर 148, केपी-2, परी चौक, अल्फा-1, डेल्टा-1 तथा ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण मेट्रो स्टेशन के अप व डाउन प्लेटफॉर्म्स पर 2-2 यानी कुल 4 पीआईडीएस इन्स्टॉल होंगे।



## संक्षिप्त समाचार



गाड़ी पर चढ़कर शोर शराबा कर करने वाले चार पुलिस गिरफ्तार में।

### स्कॉर्पियो से स्टंटबाजी करने वाले चार गिरफ्तार

**नोएडा।** युवाओं पर रील का बुखार इस कदर चढ़ा है कि वो स्टंट बनाने से बाज नहीं आ रहे है। ऐसे में दो वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। जिसमें एक गाड़ी सवार नॉलेज पार्क थाने से निकलते समय रील बना रहा है तो वहीं दूसरे वीडियो में बीच सड़क पर तेज रफ्तार स्कार्पियो को अंडरपास में जंप लगवाकर वीडियो बनाई जा रही है। दरअसल ग्रेटर नोएडा में स्टंट के दो वीडियो जमकर वायरल हो रहे है। एक वीडियो नॉलेजपार्क थाने का है, जहां एक युवक नॉलेजपार्क थाने से गाड़ी से बाहर निकल रहा है और तेज गाना बजाते हुए रील बना रहा है। युवक की यह वीडियो वायरल हो गई। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में संज्ञान लिया और उसकी गाड़ी कब्जे में लेकर कार्रवाई करने के बात कही है। वहीं दूसरा वीडियो बीटा 2 थाना क्षेत्र का है, जहां एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी से कई युवक स्टंट करते हुए दिखाई दिए। एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी को युवक अंडरपास से तेजी से चलाते हुए आते है।

### किसानों की मोबाइल कंपनी पर होगी महापंचायत

**नोएडा।** किसानों के बच्चों को नियमानुसार स्थानीय कल-कारखानों में रोजगार उपलब्ध नहीं कराया गया। इस मामले को लेकर किसानों में रोष व्याप्त है। रोजगार की मांग को लेकर किसान संगठन आगामी 12 अगस्त को वीवो कंपनी पर प्रदर्शन कर महापंचायत करने की तैयारी शुरू कर दी है। किसान एकता संघ के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी रमेश कसाना ने बताया कि किसानों के बच्चों को स्थानीय कल-कारखानों में रोजगार देने की मांग को लेकर गांवों में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। पंचायत के दौरान सोरन प्रधान, देशराज नागर, श्रीकृष्णा बैंसला, पंडित प्रमोद शर्मा, उमेद एडवोकेट, पप्पे नागर, सेलक भाटी, मेहरबान अली, जगदीश शर्मा, राकेश चौधरी, सतीश कनारसी, सुभाष भाटी, फरमान त्यागी, अमित नागर, डॉ. जाफर खान, डॉ अजय शर्मा, परवेज खान, अकरम खान, मनीष नागर, आसिफ खान सहित सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### आईएमएस लॉ कॉलेज में ओरियंटेशन का आयोजन

**नोएडा।** आईएमएस लॉ कॉलेज नोएडा में बीए.एलएलबी, बीकॉम-एलएलबी एवं एलएलबी प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए ओरियंटेशन का आयोजन हुआ। सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बतौर अतिथि कैपजेमिनी के वैश्विक कानूनी प्रमुख लक्षिता जोशी ने अपने विचार प्रकट किए। वहीं कार्यक्रम के दौरान आईएमएस की डीन डॉ. नीलम सक्सेना, आईएमएस लॉ कॉलेज के विभागाध्यक्ष डॉ.भाविश गुप्ता के साथ शिक्षक एवं छात्रों भी मौजूदगी दर्ज कराई। डॉ. नीलम सक्सेना ने कहा कि संस्थान के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) विकास धवन के मार्गदर्शन में आईएमएस लॉ कॉलेज में 5 दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### प्राधिकरण ने दस बड़े बकायेदारों को भेजा नोटिस

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने पानी का बिल नहीं जमा करने वाले 10 ब? बकायादारों को चिन्हित किया है। जल सीवर विभाग ने उन्हें नोटिस भेजा है। उनकी प्रॉपर्टियों पर नोटिस चस्पा किया गया है। यह कार्रवाई नोएडा प्राधिकरण सीईओ डा लोकेश एम के आदेश पर हुई है। 31 जुलाई को कार्यालय पर सीईओ ने बैठक की थी। इस दौरान पानी का बिल जमा नहीं करने वाली कंपनियों के खिलाफ अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। बिल जमा नहीं करने पर लीज डीड की शर्त उल्लंघन के अनुसार कार्रवाई करने की बात कही गई थी। बकायेदारों के यहां पर नोटिस चस्पा किया गया। जल सीवर विभाग महाप्रबंधक आरपी सिंह ने बताया कि इसमें पराग डेरी बी-219 फेज-2, एसडीएस इंफ्रा टेक प्राइवेट लिमिटेड, लाजिक्स सिटी डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड आदि शामिल है।

# मिनी चिड़ियाघर की थीम पर बनेगा हिरण पार्क

- नोएडा प्राधिकरण ने दी मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण सेक्टर-91 के बायोडायवर्सिटी पार्क में करीब 30 एकड़ में मिनी चिड़ियाघर की थीम पर हिरण पार्क बनाएगा।

इस बाबत बोर्ड में मंजूरी मिल चुकी है। इसके लिए टेंडर निकाला जाएगा। यहां प्रवेश के लिए न्यूनतम 100 रुपए का शुल्क लेने पर नोएडा प्राधिकरण विचार कर रहा है। इस तरह का चिड़ियाघर आसपास नहीं होने की वजह से लोगों के यहां आने की काफी संभावना है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए सिविल विभाग को लोगों के चलने के लिए टेंडर निकालने के निर्देश दिए जाएंगे। यहां सौंदर्यीकरण भी कराया जाएगा। इसके अलावा हिरण को बाहर जाने से रोकने के लिए बाड़े लगाए जाएंगे। यहां एक तालाब भी विकसित होगा।

पूरा माहौल वन्य क्षेत्र जैसा बनाया जाएगा। ताकि यहां आने वाले लोगों को चिड़ियाघर का अहसास हो। अधिकारियों का कहना है कि हिरण के अलावा कुछ चिड़ियां भी यहां लाई जाएंगी। हिरण की होंगी प्रजातियां विज्ञापन इस चिड़ियाघर में हिरण की कई प्रजातियां होंगी। हैदराबाद, कानपुर, लखनऊ के अलावा विदेशों से भी मंगाया जाएगा।

इसमें माउस डीयर, ब्रो एंटलर्ड डीयर, हॉग डीयर, स्वैम्प डीयर, ब्लैकबक, चिंकारा, चौसिंघा, स्प्रिंगबॉक, इंपाला, वाइल्डबीस्ट, स्पॉटेड डीयर, सांबर डीयर शामिल हैं।

प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि हिरण पार्क का उद्घाटन इसी वर्ष होना है। इसका काम काफी तेजी से पूरा कराना है। इसमें सिविल का बहुत ज्यादा काम नहीं है। हालांकि लोगों की सुविधा के लिए कुछ कियोस्क भी तैयार किए जाएंगे। बाकी सभी चीजें बाहर से मंगानी है। लिहाजा लोगों का इसका जल्द लाभ मिलेगा।




# बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे 10 कोचिंग सेंटर पर लगा ताला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के 10 कोचिंग सेंटर को जिला प्रशासन ने नोटिस जारी किया है। बताया जा रहा है कि ग्रेटर नोएडा के ये कोचिंग बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे थे। प्रशासन इन सभी शनिवार को इल लीगल कोचिंग पर ताला लगाने का फैसला लिया है।

इसी के साथ उन्हें 6 अगस्त तक जवाब देने के आदेश दिए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) डॉ. धर्मवीर सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी की ओर से गठित कमेटी लगातार बिना मानक के संचालित हो रही कोचिंग को सील करने की कार्रवाई कर रही है। बता दें कि ग्रेटर नोएडा के दादरी में 10 कोचिंग सेंटर को बंद कराया गया है। इसके साथ ही कोचिंग संचालकों को नोटिस जारी कर दिया है कि वह बिना मानक पूरे किए कैसे कोचिंग का संचालन कर रहे हैं। सभी संचालकों को 6 अगस्त तक जवाब देने का वक्त दिया है। आपको बताते चले कि जिला प्रशासन की ओर से अवैध रूप से कोचिंग का संचालन करने वालों पर कार्रवाई की गई है।

# ग्रेनो के 40 हजार फ्लैट की जल्द हो सकेगी रजिस्ट्री

- नोएडा प्राधिकरण ने छह महीने के लिए विलंब शुल्क पर छूट दी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

निर्माणाधीन परियोजनाओं पर बकाए के कारण अधर में अटकी हजारों घर खरीदारों की घर की रजिस्ट्री अब जल्द हो सकेगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ऐसी बिल्डर परियोजनाओं के खरीदारों के लिए छह महीने के लिए रजिस्ट्री के विलंब शुल्क पर छूट दे दी है।

अगले वर्ष मार्च तक का समय उन्हें दिया गया है। प्राधिकरण के मुताबिक 48 परियोजनाओं के करीब 40 हजार खरीदारों को इससे राहत मिलेगी। जून में हुई प्राधिकरण की 135वीं बोर्ड बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव रखा गया था, जिसे बोर्ड ने स्वीकृति दे दी है। प्राधिकरण के मुताबिक फ्लैट का पजेशन मिलने की तिथि से एक वर्ष के भीतर रजिस्ट्री करानी होती है।श तय समय पर रजिस्ट्री न कराने पर 100 वर्गमीटर से कम क्षेत्र के फ्लैट पर 50 रुपये और 100 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र के घर पर 100 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से विलंब शुल्क लगता है। प्राधिकरण क्षेत्र में करीब 98 बिल्डर परियोजनाओं पर लगभग 8,500 करोड़ रुपये का बकाया होने के कारण घर खरीदारों की रजिस्ट्री नहीं हो रही थी, जिस कारण उन पर विलंब शुल्क लग गया। प्रतिदिन के हिसाब से लगने वाले शुल्क काफी हो जाने से घर खरीदारों ने रजिस्ट्री नहीं कराई। कुछ महीने पहले अमिताभ कांत समिति की सिफारिश लागू होने के बाद बकायेदार बिल्डरों को 25 प्रतिशत बकाया का भुगतान देने पर रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू करने की पहल की गई थी।

इसके बाद 48 बिल्डरों ने कुल बकाया का 25 प्रतिशत जमा कर दिया, जिससे रजिस्ट्री का रास्ता साफ हो गया। अब प्राधिकरण ने इन परियोजनाओं के खरीदारों को रजिस्ट्री पर लगे विलंब शुल्क पर छह महीने की छूट दे दी है। 22 जुलाई को इसका कार्यालय आदेश जारी हुआ था, ऐसे में खरीदारों को अगले वर्ष मार्च तक का समय मिला है। बिल्डर के बकाया के कारण खरीदार रजिस्ट्री नहीं करा पा रहे थे।

# बारिश में नहा रही युवती से छेड़छाड़, पीड़िता ने सोशल मीडिया पर अपनी सुनाई आपबीती

- पुलिस ने मामले में स्वत: संज्ञान लेत हुए एफआईआर दर्ज की

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा शहर से एक युवती केस छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है बारिश में नहाती महिला के साथ कुछ युवकों ने छेड़छाड़ की है। जिसकी जानकारी पीड़िता ने सोशल मीडिया पर वीडियो के जारिए दी है। जिसका पुलिस ने संज्ञान लिया और इस मामले में सेक्टर-49 थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक, नोएडा के सेक्टर 48 में बारिश के दौरान युवती ने दो युवकों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। हालांकि युवती की ओर से यह नहीं बताया गया कि घटना कब की है। इस मामले का पुलिस अधिकारियों ने संज्ञान लिया है। युवती की शिकायत पर सेक्टर 49 थाना पुलिस ने कठोरतम धाराओं में केस दर्ज करवाया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमों का गठन कर दिया गया है और आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं। हालांकि इस घटना से जुड़ा हुआ कोई वीडियो सामने नहीं आया है। इस मामले में नोएडा पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते तीन अगस्त को थाना सेक्टर 49 पर तहरीर दी गई है, जिसके बाद कठोरतम धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पीडिता द्वारा बताए गए स्थान पर बारिश में अपने भीगते हुए वीडियो बनाने के दौरान आसपास की सीसीटीवी फुटेज आदि की जांच की जा रही है। इस मामले में कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## बिजली विभाग के एसडीओ पर रिपोर्ट

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में मुरादनगर की झील वाली मस्जिद कॉलोनी में बिजली के खंभे में करंट उतरने से 3 साल की बच्ची चपेट आ गई थी। इससे उसकी मौत हो गई। बिजली विभाग के एसडीओ सहित 3 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।

नगर की झील वाली मस्जिद कॉलोनी निवासी सुबराती का तीन साल के पुत्र हुसैन की शुक्रवार शाम को बिजली के खंभे में उतरे करंट की चपेट में आकर मौत हो गई थी। बच्चे की मौत के बाद कॉलोनी के लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया था। बिजली के खंभे में एक महीने से करंट उतर रहा था। कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

# छह करोड़ की लागत से 'हम-तुम रोड' बनाएगा जीडीए

- राजनगर एक्सटेंशन की तरफ जाने वाले वाहन इस रोड से गुजरते है

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मेरठ रोड से हम-तुम रेस्तरां के पास से होते हुए राजनगर एक्सटेंशन की तरफ जाने वाली सड़क का बुरा हाल है। एक किलोमीटर लंबी सड़क में काफी संख्या में गड्ढे हैं जिस कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर निगम ने छह करोड़ की लागत से कंक्रीट की सड़क बनाने का निर्णय लिया है।

इससे लोगों को गड्ढों के साथ जाम से निजात मिलेगी। दरअसल, राजनगर एक्सटेंशन को जोड़ने वाली हम-तुम रोड बेहद अहम है। राजनगर एक्सटेंशन होते हुए मेरठ रोड पर पहुंचने वाले वाहन व मेरठ रोड से राजनगर एक्सटेंशन की तरफ जाने वाले काफी संख्या में वाहन इस रोड से आवागमन करते हैं। काफी संख्या में मालवाहक वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। इस कारण इस मार्ग पर काफी गड्ढे हो गए हैं। इसके कारण यहां वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग जाता है जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। समस्या से निजात दिलाने के लिए निगम ने इस एक किलोमीटर लंबी सड़क को कंक्रीट की बनाने की योजना पर काम कर रहा है। नगर निगम के मुख्य अभियंता एनके चौधरी ने बताया कि कंक्रीट की सड़क के निर्माण का एस्टीमेट तैयार कराया गया है।

इस सड़क के निर्माण में करीब छह करोड़ रुपये खर्च होंगे। प्रस्ताव उच्चाधिकारियों के सामने पेश किया जाएगा। मंजूरी मिलते ही सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। राजनगर एक्सटेंशन स्थित ऑफिसर सिटी-2 के सामने की सड़क टूटी हुई है। जीडीए की ओर से इसके निर्माण के लिए निविदा निकाली, जिसमें एक फर्म को लाभ देने का अंदेशा होने पर जीडीए वीसी ने अधिशासी अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, जिसका एक सप्ताह में स्पष्टीकरण मांगा है। ऑफिसर सिटी-2 के सामने पिछले काफी समय से करीब 45 मीटर चौड़ी सड़क टूटी है। सोसाइटी के अलावा स्थानीय लोगों की ओर से सड़क निर्माण को लेकर काफी समय से मांग की जा रही है। जीडीए की ओर से पिछले दिनों टूटी सड़क के निर्माण के लिए निविदा निकाली गई। इसे लेकर चार एजेंसियों ने दिलचस्पी दिखाते हुए भाग लिया।

निविदा प्रक्रिया के आवंटन में नियमों की अनदेखी मिली हैं। इसकी शिकायत जीडीए वीसी अतुल वत्स को मिली। उन्होंने अभियंत्रण अनुभाग से पत्रावली तलब कर जांच की। सात जून को खोली गई तकनीकी बिड में सभी चार फर्म की निविदाताओं को स्वीकृत कर वित्तीय बिड की पत्रावली मुख्य अभियंता को भेजी गई, जिनमें एक बिल्डर के दस्तावेज पूरे नहीं थे। आवेदन तकनीकी बिड में निरस्त करने के बजाए आगे बढ़ा दिया गया। मामले में जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने कार्य में लापरवाही के चलते अधिशासी अभियंता लवकेश कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह में स्पष्टीकरण देने को कहा है।



पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 5 अगस्त, 2024



# नालों की बदहाली पर बिफरे उपराज्यपाल

## कहीं गाद तो कहीं मलबा देखकर एलजी विनय सक्सेना बोले- स्थिति भयावह और शर्मनाक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बारिश में जलभराव और नालों में जमा गंदगी लोगों के लिए बड़ी मुश्किलें खड़ी कर रही है। पुराने राजेंद्र नगर की राउज कोचिंग के बेसमेंट में डूबने से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन छात्रों की मौत के बाद राष्ट्रीय राजधानी का जलभराव अब सियासी मुद्दा बन गया है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली सरकार इस मुद्दे पर आमने-सामने हैं। एलजी ने रविवार को बारापुला, कुशक और सुनेहरी नालों की भयावह स्थिति पर नाराजगी जताते कहा कि जमीनी हकीकत भयावह और शर्मनाक है। जलजमाव और बाढ़ के खतरे को कम करने के लिए पानी के सुचारू प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए तत्काल सुधारात्मक उपायों की जरूरत है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रविवार को बारापुला, सुनहरी और कुशक नाला का निरीक्षण किया।

उन्होंने इन नालों की भयावह स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की, जो गाद, कीचड़ और मलबे से अटेपटे हैं। एलजी ने इन नालों की सफाई 15 दिनों के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया। साथ ही ऐतिहासिक एएसआई संरक्षित पुराने बारापुला पुल से अतिक्रमण हटाने और इसे एक सप्ताह के भीतर इसकी मूल स्थिति में बहाल करने को कहा।

एलजी ने राजधानी में बाढ़ के मद्देनजर बंद पड़े नालों की सफाई करने के अपने प्रयासों और निर्देशों को आगे बढ़ाते हुए बारापुला, कुशक और सुनहरी नाला का निरीक्षण किया और इन नालों की व्यापक सफाई के निर्देश दिए। गाद और निर्माण एवं विध्वंस कचरे के ढेर से भारी मात्रा में भरे हुए थे। यमुना में पानी ले जाने वाले नालों की कई वर्षों से सफाई नहीं की गई है, जिसके परिणामस्वरूप शहर में पानी का बहाव रुक जाता है और उनके जलग्रहण क्षेत्रों में बाढ़ आ जाती है, जिसमें दक्षिण पूर्व और नई दिल्ली के बड़े हिस्से शामिल हैं। एमसीडी और आईएंडएफसी जैसी संबंधित नाला स्वामित्व वाली एजेंसियों के अधिकारियों के साथ, उपराज्यपाल ने इन साइटों पर गाद निकालने के काम की शुरूआत की भी देखरेख की और एजेंसियों को 15 दिनों के भीतर काम पूरा करने का निर्देश दिया। संबंधित जिला मजिस्ट्रेटों को तस्वीरों के साथ सफाई कार्यों की दैनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। आईएंडएफसी विभाग के स्वामित्व वाले बारापुला नाले में, पुलिया के नीचे 12 नालों में से केवल 5 ही चालू पाई गईं झुग्गियों के अतिक्रमण के कारण इनमें से एक बंद थी।

नाले के जाम होने से पानी बैकफ्लो होता है और निजामुद्दीन, लोधी रोड, जंगपुरा, सीजीओ कॉम्प्लेक्स और अन्य आस-पास के हिस्सों जैसे इलाकों में बाढ़ आ जाती है। आईएंडएफसीडी को तुरंत सभी नालों को साफ करने का निर्देश दिया गया। एलजी ने ऐतिहासिक एएसआई संरक्षित पुराने बारापुला पुल का भी दौरा किया और पाया कि उस पर भारी अतिक्रमण है।

उन्होंने डीएम को आईएंडएफसी, एमसीडी, पीडब्ल्यूडी और एएसआई के साथ संयुक्त कार्रवाई करके सभी अतिक्रमण को हटाने और एक सप्ताह के भीतर पुल को उसकी मूल स्थिति में बहाल करने को कहा। इसी तरह, सुनहरी नाले में, 6 में से 3 खिड़कियां पूरी तरह से बंद थीं, जिससे नाले से बारिश के पानी का मुक्त प्रवाह बाधित हो रहा था। कुशक नाले में, 7 में से केवल 4 खिड़की पाई गईं रविवार को नालों की सफाई के लिए 4 जेसीबी मशीनें लगाई गर्गं।


रिहायशी इलाके में नाले में उठीं दुर्गंध से अपने मुंह पर रूमाल रखने को मजबूर हुए उपराज्यपाल वीके सक्सेना।

## कूड़ा डालने वालों पर कार्रवाई के निर्देश



**नई दिल्ली। उपराज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बंद पड़े नालों की तुरंत सफाई करें। साथ ही, अधिकारियों को इन मुख्य नालों के किनारे अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को नालों की घेराबंदी करने को कहा ताकि नालों में कूड़ा-कचरा और मलबा न डाला जा सके। उन्होंने अधिकारियों को सीसीटीवी कैमरों के जरिए नालों की निगरानी करने और नालों में कूड़ा डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा।**

उपराज्यपाल ने नालों को साफ करने के लिए और मशीनें लगाने के निर्देश दिए हैं। सुनहरी और कुशक नाला दोनों ही एमसीडी के हैं। नालों की स्थिति और संबंधित एजेंसियों की निष्क्रियता पर नाराजगी जताते हुए उपराज्यपाल ने बाढ़ को कम करने के लिए पानी के सुचारू प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए तत्काल सुधारात्मक उपाय करने के निर्देश दिए।

# डॉक्टरों की भर्ती के लिए एलजी को लिखा कई बार पत्र : भारद्वाज

- चिकित्सकों की कमी पर स्वास्थ्य मंत्री ने दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने रविवार को आरोप लगाया कि उन्होंने सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी के बारे में उपराज्यपाल वीके सक्सेना को कई बार पत्र लिखा है लेकिन उनके पत्रों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस आरोप पर उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

भारद्वाज ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि डॉक्टरों और तकनीशियनों की भर्ती उपराज्यपाल के अधिकार क्षेत्र में आती है। भारद्वाज ने कहा, मैंने उन्हें कई बार पत्र लिखा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मैंने पिछले साल मार्च में स्वास्थ्य मंत्री का पद संभाला था और अप्रैल में उन्हें डॉक्टरों के 292 और विशेषज्ञों के 234 रिक्त पदों को भरने के लिए पत्र लिखा था। मैंने सुझाव दिया था कि चूंकि यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) के माध्यम से भर्ती में समय लग रहा है, इसलिए डॉक्टरों को अनुबंध के आधार पर रखा जा सकता है। मंत्री ने कहा कि उन्होंने इस साल 26 जुलाई को फिर से उपराज्यपाल से डॉक्टरों, विशेषज्ञों और पारामेडिकल कर्मियों को अनुबंध के आधार पर भर्ती करने का अनुरोध किया। भारद्वाज ने कहा कि उच्च न्यायालय ने भी सेवा विभाग को डॉक्टरों को अनुबंध पर नियुक्त करने का निर्देश दिया था लेकिन कोई भर्ती नहीं की गई।


प्रेस वार्ता में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज।

# पूर्व आईआरएस अधिकारी पर चाकू से हमला

- चोरी के इरादे से घर में घुसे थे चोर, पत्नी भी घायल, पुलिस ने दबोचा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

वसंत कुंज इलाके में रविवार तड़के एक चोर ने घर में घुसकर भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी और उनकी पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया जिससे दोनों घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित अभय कुमार सिंह के अलावा उनकी पत्नी अनुपमा को भी मामूली चोट लगी है और दोनों को तुरंत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि इलाज के बाद दोनों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में 38 वर्षीय शातिर चोर जितेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया है। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त रोहित मीना ने बताया कि वसंत कुंज दक्षिण पुलिस थाने में रात करीब सवा एक बजे चोरी का प्रयास करने की घटना की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि यह घटना उस दौरान हुई जब सिंह अपनी पत्नी के साथ शयन कक्ष में सो रहे थे और उनका बेटा तथा नौकर घर के अन्य कमरों में थे। डीसीपी ने कहा, शयन कक्ष से सटी बालकनी से रात एक बजे तेज आवाज सुनने के बाद सिंह नींद से जाग गए। उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति उनके कमरे में घुसने की कोशिश कर रहा है। जिसके बाद सिंह ने शोर मचाना शुरू कर दिया और अपनी पत्नी को जगाया। इसके बाद चोर ने अभय और उनकी पत्नी पर चाकू से हमला करके उन्हें घायल कर दिया। मीना ने बताया कि शोरगुल से घर के अन्य लोग जाग गए और उन्होंने चोर को शयन कक्ष में बंद कर दिया। लेकिन इसके बावजूद वह बालकनी से भाग गया। पुलिस ने घटना के बाद हमलावर की तलाश के लिए छह टीम गठित की। हमलावर की पहचान मूल रूप से मेरठ निवासी जितेंद्र के रूप में हुई है।

# हरियाणा के गुभाना गांव तक दौड़ेगी ई-बस

- डीटीसी ने रुट नंबर 848 का किया विस्तार, परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने झंडी दिखाकर किया रवाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

हरियाणा के गुभाना गांव तक दौड़ेगी दिल्ली परिवहन निगम की इलेक्ट्रिक बस। डीटीसी ने रुट नंबर 848 का गुभाना-माजरी तक विस्तार किया है। पहले इस बस का आखिरी पड़ाव दिल्ली का बाकरगढ़ था। रविवार को परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बस को झंडी दिखाकर रवाना किया।

29 जुलाई को गुभाना और माजरी के ग्रामीणों द्वारा परिवहन मंत्री के गांवों के दौरे के दौरान किए गए अनुरोध के बाद इस विस्तार को मंजूरी दी गई थी। कैलाश गहलोत ने कहा, हरियाणा के गुभाना गांव तक बस रूट 848 के विस्तार के जरिए वह यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सार्वजनिक परिवहन सेवाएं उन सभी स्थानों तक पहुंचें जहां इसकी मांग है। वह लोगों की परिवहन जरूरतों को पूरा करने और उनके रोजाना आवागमन को सुगम बनाने के लिए कटिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि पहले इस बस दिल्ली अंतिम स्टॉप दिल्ली का बाकरगढ़ था। गुभाना गांव जो कि हरियाणा के झज्जर जिले का हिस्सा है और बाकरगढ़ से केवल 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, वहाँ सार्वजनिक परिवहन की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण स्थानीय निवासियों को दिल्ली आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। गुभाना गांव के लोगों ने लंबे समय से बस सेवाओं के विस्तार का अनुरोध किया था।

पिछले दिनों जब परिवहन मंत्री ग्रामवासियों को आवागमन में हो रही कठिनाइयों का पता चला तो उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि गुभाना-माजरी क्षेत्र हरियाणा में होने के बावजूद, केजरीवाल सरकार इस क्षेत्र को कनेक्टिविटी प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इस बस रूट 848 के गुभाना-माजरी गाँव तक चलने से गुभाना, माजरी, लुकसर, गंगडवा, गोयला, खेड़का, देशलपुर, शाहपुर, खुँगाई, जगरतपुर, खरमान और बूपनीय ग्रामवासियों को दिल्ली आने-जाने में अब कठिनाई नहीं होगी।

बस सेवाओं के इस क्षेत्र में विस्तार से गुभाना-माजरी और आसपास के क्षेत्रों के 50,000 से अधिक निवासियों को लाभ होने की उम्मीद है।


रुट नंबर 848 का गुभाना-माजरी की बस को झंडी दिखाते मंत्री कैलाश गहलौत।

### रूट 848 का मार्ग

तिलक नगर, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, उत्तम नगर टर्मिनल, नवादा, करोला ब्रिज, नंगली सकरावती, नजफगढ़ दिल्ली गेट, प्रेम नर्सरी, मित्राऊं, सुरहेड़ा क्रासिंग, रावता क्रासिंग, मुंढेला क्रासिंग, बाकरगढ़ क्रासिंग, बाकरगढ़ बॉर्डर, गुभाना-माजरी।

# पुलिस ने दो लड़कियों को जीबी रोड से बचाया, महिला समेत दो गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने जीबी रोड इलाके के एक कोठे से दो लड़कियों को बचाया है जिनसे जाली आधार कार्ड का इस्तेमाल करके वयस्क बताकर कथित तौर पर यहां वेश्यावृति कराई जा रही थी।

पुलिस ने बताया कि घटना के सिलसिले में एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त (मध्य) एम हर्षवर्धन ने बताया किकमला मार्केट थाने के प्रभारी और उनकी टीम नियमित जांच कर रही थी और इस दौरान लड़कियों को बरामद किया गया। डीसीपी ने कहा, संदेह होने पर जांच की गई और पाया गया कि दोनों लड़कियां नाबालिग थीं जिनकी उम्र लगभग 17 वर्ष थी। दोनों लड़कियों को कोठे से बचाया गया और एक एनजीओ से काउंसलर को बुलाकर उन्हें आश्रय गृह ले जाया गया।

काउंसलिंग के बाद पता चला कि लड़कियों को एक साल पहले किरण देवी नामक महिला के पास कोठे पर लाया गया था और ऋषि तथा संजय नामक दो व्यक्ति उन्हें उसके पास लेकर आए थे। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी लाला राम ने लड़कियों के आधार कार्ड में छेड़छाड़ करके उन्हें वयस्क दिखाने में मदद की थी। पुलिस ने बताया कि देवी की निशानदेही पर लाला राम को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

# एमसीडी में एल्डरमैन की नियुक्ति पर फैसला आज

- सुप्रीम कोर्ट के तीन सदस्यीय पीठ ने पिछले साल 17 मई को फैसला सुरक्षित रखा लिया था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की याचिका पर पांच अगस्त को अपना फैसला सुनाएगा, जिसमें मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के बिना दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में एल्डरमैन नामित करने के उपराज्यपाल के फैसले को चुनौती दी गई है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने पिछले साल 17 मई को इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट के अनुसार, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की अध्यक्षता वाली पीठ फैसला सुनाएगी। पिछले साल 17 मई को शीर्ष अदालत ने कहा था कि उपराज्यपाल को एमसीडी में पार्षदों को नामित करने का अधिकार देने का मतलब होगा कि वह निर्वाचित नगर निकाय को अस्थिर कर सकते हैं। एमसीडी में 250 निर्वाचित और 10 नामित सदस्य हैं।

दिसंबर 2022 में आम आदमी पार्टी ने नगर निगम चुनाव में 134 वार्ड में जीत के साथ एमसीडी पर भारतीय जनता पार्टी के 15 साल के शासन को समाप्त कर दिया था। भाजपा ने 104 सीट जीतीं और कांग्रेस नौ सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही। शीर्ष अदालत ने कहा था, क्या एमसीडी में विशेषज्ञ लोगों को नामित करना केंद्र के लिए इतनी चिंता का विषय है। वास्तव में, उपराज्यपाल को यह शक्ति देने का मतलब यह होगा कि वह लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित नगर समितियों को अस्थिर कर सकते हैं, क्योंकि उनके पास मतदान का अधिकार भी होगा।

# केजरीवाल अपने मंत्रियों की सलाह लेने पर नहीं करते विश्वास : सचदेवा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अरविंद केजरीवाल तानाशाह मुख्यमंत्री हैं, वह लोकतंत्रिक वोट से चुने जरूर गये हैं पर लोकतांत्रिक प्रशासनिक प्रक्रिया में बिल्कुल भी विश्वास नहीं करते।

लोकतांत्रिक सरकार की नींव होती है मंत्रीमंडल बैठक में चर्चा जहाँ मुख्यमंत्री के लाये प्रस्तावों पर मंत्रीमंडल के साथ ही मुख्य सचिव एवं अन्य भागीदार अधिकारी अपने सुझाव देते हैं और फिर सर्वसम्मति से प्रस्ताव आगे बढ़ते हैं। किसी आपात स्थिती में मंत्रीमंडल की सर्कुलेशन बैठक का भी संवैधानिक प्रावधान है जिसके अंतर्गत मुख्यमंत्री निर्णय ले कर लागू कर देते हैं और बाद में सभी मंत्री एवं अधिकारी उस पर हस्ताक्षर करने को बाध्य होते हैं। सचदेवा ने कहा है कि भाजपा लगातार कहती रही है कि मुख्यमंत्री लोकतांत्रिक प्रशासनिक व्यवस्थाओं में विश्वास नहीं रखते वह सरकार को मशवरे से ही अपनी हठधर्मी से चलाते हैं।

केजरीवाल सरकार लगातार संविधान की अवेहलना कर रही है, मुख्यमंत्री अपने मंत्रीमंडल की बैठक बुला कर चर्चा करने में विश्वास नहीं रखते और उन्होंने आपत स्थिती के लिए बनाये गये मंत्रीमंडल की सर्कुलेशन बैठक के प्रावधान को प्रशासनिक व्यवस्था बना लिया है।

# भाजपा ने झुग्गियों में चलाया स्वच्छता अभियान

- सांसदों, विधायकों एवं प्रदेश पदाधिकारियों ने मुहिम में लिया हिस्सा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी में विधानसभा चुनाव जनवरी-फरवरी 2025 में होने की संभावना है, लेकिन भाजपा अभी से लोगों तक अपनी पकड़ मजबूत करने में जुट गई है।

इस रणनीति के तहत पार्टी रविवार को 252 झुग्गी बस्तियों में भाजपा ने रविवार को साफ-सफाई अभियान चलाया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की अगुवाई में पार्टी ने बस्तियों में संगठात्मक विस्तार एवं मजबूती का अभियान शुरू किया। इस मुहिम में पार्टी के सांसदों, विधायकों, पार्षदों व प्रदेश के पदाधिकार ने हिस्सा लिया।

वीरेन्द्र सचदेवा ने विधायक ओपी शर्मा, जिला अध्यक्ष संजय गोयल, प्रदेश प्रवक्ता डॉ अनिल गुप्ता एवं निगम पार्षद डॉ. मोनिका पंत सहित अन्य कार्यकर्ताओं के साथ आनंद विहार झुग्गी बस्ती में स्वच्छता श्रमदान किया। सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बिलासपुर झुग्गी बस्ती, बदरपुर में स्वच्छता श्रमदान किया।


आनंद विहार झुग्गी बस्ती में श्रमदान करते दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा।

# नगर निगम की पौधे गोद लेने की अनोखी पहल

- अभियान के अंतर्गत पेड़ को गोद लेने वाले का नाम एवं पौधे लगाने की तारीख भी अंकित की जाएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पेड़-पौधे प्रकृति का अनमोल उपहार है। इसे हमें अपने और आने वाली पीढ़ी के लिए सहेजकर रखना होगा। इसी के मद्देनजर दिल्ली नगर निगम ने शाहदरा उत्तरी क्षेत्र के न्यू जाफराबाद से पौधे गोद लेने का अभियान का शुरू किया है। इसका संचालन एमसीडी का उद्यान विभाग कर रहा है। निगम व नागरिकों के साथ मिलकर साझा प्रयास से इस मुहिम का उद्देश्य दिल्ली का सौंदर्यीकरण करना, जैव विविधता को बढ़ाना और वायु गुणवत्ता को सुधारने का प्रयास करना है। इस अभियान के अंतर्गत पौधे गोद लेने वाले नागरिकों द्वारा गोद लिए गए वृक्ष की सुरक्षा जाली पर उनका नाम एवं वृक्ष लगाने की तारीख भी अंकित की जाएगी। एमसीडी की इस पहल को पर्यावरण मंत्री गोपाल राय का भी समर्थन हासिल है।

दिल्ली नगर निगम का उद्यान विभाग इस अभियान के लिए रिहायशी इलाकों के लिए उपयुक्त पौधों ( फूलों वाले,छायादार,फलों वाले एवं औषधीय पौधे) जैसे, अमलतास, कचनार, चंपा, मोलश्री, अशोक, आंवला, हारश्रृंगार, जामुन, अमरूद, फाइकस बेंजामिना, लेजरस्ट्रोमिना इत्यादि पौधे उपलब्ध करा रहा है। इसके साथ ही निगम का उद्यान विभाग पौधे लगाने के लिए गड्ढे खोदना और उनकी सुरक्षा जाली भी उपलब्ध करा रहा है।

गोपाल राय ने पार्षद प्रियंका सक्सेना, निगम के अतिरिक्त आयुक्त अमित कुमार शर्मा और निगम के उद्यान विभाग के निदेशक आर.के.सिंह ने भी वृक्ष गोद लेकर इस अभियान में अपना सहयोग दिया। इस दौरान न्यू जाफराबाद के 50 से अधिक नागरिकों ने भी पौधों को गोद लिए। इसके अलावा आने वाले दिनों में दो अन्य वार्डों में भी नागरिकों द्वारा कुल 250 से अधिक वृक्ष गोद लिए जाने की योजना है और अगर इस योजना को नागरिकों का समर्थन मिलता है तो अन्य वार्डों में भी इसे लागू किया जाएगा। वहीं पर्यावरण विशेषज्ञों का कहा है कि अब समय आ गया है कि हम सजग हों और पर्यावरण को बचाएं, अन्यथा इसके गंभीर परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि आसपास के स्थान को स्वच्छ बनाएं, नदी, तालाब और अन्य जलस्रोतों को दूषित होने से बचाएं। प्लास्टिक का उपयोग न करने का संकल्प लें। इन छोटे-छोटे कदमों से निश्चय ही पर्यावरण को स्वच्छ रख पाएंगे।



# युवक से 31.55 लाख की ठगी में चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक व्यक्ति से 31.55 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के तार चीन से जुड़े हुए हैं। इसने बताया कि आरोपियों पहचान देव भाटी (36), रॉबिन सोलंकी (25), विष्णु सोलंकी (20) और आकाश कुमार जैन (31) के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त (मध्य) एम. हर्षवर्धन ने बताया कि पुलिस को ऑनलाइन माध्यम से 18 जुलाई को एक शिकायत मिली थी जिसमें शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि 13 जुलाई को उन्हें एक कॉल आई और उनसे कहा गया कि उनके नाम से जारी एक मोबाइल सिम का इस्तेमाल कई अपराधों में किया गया है और लखनऊ के आराम बाग की पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

# जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिवस

**पीएनएस।** नई दिल्ली/हरिद्वार

पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिवस जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया गया। स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण ने लोगों को स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज, स्वस्थ राष्ट्र व स्वस्थ विश्व के लिए वृक्षारोपण हेतु संकल्पित कराया। उन्होंने स्वयं रक्तदान कर जनसामान्य को रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में स्वामी रामदेव ने आचार्य को जन्मदिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि उनका जीवन कर्ममय, पुरुषार्थमय व परमार्थमय है। इस अवसर पर आचार्य ने कहा कि जन्मदिवस तो मात्र बहाना है, निरंतर राष्ट्रसेवा के कार्य करते हुए, पेड़-पौधे लगाना हमारा लक्ष्य है। हमारी दृष्टि में जन्मदिवस हमारे पूरे साल के कार्यों का रिपोर्ट कार्ड पेश करने तथा भविष्य के लिए चिंतन-मनन करने का दिन है। आचार्य जी ने बताया कि आज ही पतंजलि विश्वविद्यालय में शल्य तंत्र आधारित तीन दिवसीय सम्मेलन 'सुश्रुतकोण' का उद्घाटन किया जा रहा है। कार्यक्रम में इस दौरान वर्ल्ड हर्बल इंसाइक्लोपीडिया का पोर्टल लांच किया।


गुलदस्ता भेंट कर बधाई देते रामदेव।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 5 अगस्त, 2024



# ‘कच्ची नौकरियों से छुटकारा दिलाएगी कांग्रेस’

## पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा ने कौशल रोजगार निगम में लगे कर्मियों को नीति बनाकर पक्का करने का किया वादा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



इंटक हरियाणा द्वारा आयोजित कामगार अधिकार सम्मेलन को संबोधित करते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी कौशल निगम की कच्ची भर्तियों के जरिए पढ़े-लिखे युवाओं का शोषण कर रही है। निगम के तहत लगे कर्मियों को ना उचित वेतन मिलता है, ना पेंशन और ना ही जॉब सिक्युरिटी। हमेशा उनके सिर पर काम से निकाले जाने की तलवार लटकती रहती है। कांग्रेस सरकार बनने पर कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मियों को नीति बनाकर उनकी योग्यतानुसार पक्का किया जाएगा।

वे रविवार को यहां इंटक हरियाणा के अध्यक्ष अमित यादव द्वारा आयोजित कामगार अधिकार सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान, कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज व गुरुग्राम से कांग्रेस उम्मीदवार रहे राज बब्बर समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि भविष्य में हरियाणा को युवाओं को कच्ची नौकरियों के जंजाल से छुटकारा दिलाने के लिए खाली पड़े 2 लाख पदों पर पक्की भर्तियां की जाएंगी। हुड्डा ने कहा कि हरियाणा को आगे बढ़ाने में श्रमिक कामगारों का सबसे महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनको उचित सम्मान व वेतनमान दिलवाने के लिए ही कांग्रेस कार्यकाल के दौरान एक विस्तृत श्रमिक नीति बनाई गई थी। कांग्रेस की हरियाणा सरकार ने देश में सबसे ज्यादा न्यूनतम दिहाड़ी और मनरेगा मजदूरी निर्धारण की थी। भविष्य में भी देश में सबसे ज्यादा मनरेगा मजदूरी और न्यूनतम दिहाड़ी देने के लिए हरियाणा कांग्रेस पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वहीं, दूसरी तरफ बीजेपी श्रम कानूनों के साथ खिलवाड़ करके गरीब श्रमिकों को शोषण की दलदल में धकेल रही है। क्योंकि बीजेपी निजीकरण में विश्वास रखती है तो कांग्रेस राष्ट्रीयकरण में भरोसा करती है।

भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि अपनी निजीकरण वाली नीति को बीजेपी ने शिक्षा के क्षेत्र में भी लागू कर दिया है। ताम गरीब, मजदूर, श्रमिकों, कामगारों, एससी व ओबीसी के बच्चों को पढ़ाने के लिए कांग्रेस ने प्रदेश में हजारों स्कूल खोले थे। लेकिन बीजेपी ने मर्जन के नाम पर 5 हजार स्कूलों को बंद कर दिया। कॉलेज और यूनिवर्सिटीज की फीस भी बेतहाशा बढ़ाई जा रही है। क्योंकि बीजेपी नहीं चाहती कि गरीब श्रमिकों के बच्चों को अच्छी शिक्षा हासिल हो। लेकिन कांग्रेस सरकार बनने पर ऐसी तमाम नीतियों पर ब्रेक लगाई जाएगी जो गरीब, मजदूर व किसान विरोधी होगी।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए उदयभान ने कहा कि देश के गरीब श्रमिकों की आवाज को उठाने के लिए इंटेक का गठन किया गया था। कामगारों के लिए कांग्रेस ने मजबूत लेबर कानून बनाए थे और लेबर कोर्ट खोली गईं थीं। कांग्रेस सरकार ने 8 घंटे से ज्यादा काम करवाने पर मजदूर को ऑवर टाइम का दोगुना वेतन देने जैसे कानून लागू किए थे। साथ ही महिलाओं को काम की जगह पर शोषण से बचाने के लिए अलग कानून बनाए थे। लेकिन बीजेपी ने उनमें बदलाव करके पूंजीपतियों के लिए शोषण के रास्ते खोल दिए। श्रम के घंटे 8 से बढ़ाकर 12 कर दिए।



गुरुग्राम के सोहना में जनता का अभिवादन स्वीकारतीं अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल।

# ‘आप’ ने बदली देश की राजनीतिः सुनीता

### ● दिल्ली के सीएम की पत्नी बोलीं, पीएम मोदी ने अरविंद केजरीवाल को जेल में डालकर हरियाणा को ललकारा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने देश की राजनीति में भूचाल लाने का काम किया। ऐसे-ऐसे काम किए, जो कोई भी पार्टी नहीं कर पाई। आज पूरी दुनिया में लोग अरविंद केजरीवाल को उनके कामों से जानते हैं।

सुनीता केजरीवाल रविवार को सोहना में बदलाव जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली और पंजाब के सरकारी स्कूल अच्छे कर दिए। गरीबों के बच्चों का भविष्य उज्जवल कर दिया। शानदार मोहल्ला क्लीनिक और अस्पताल कर दिए, जहां मुफ्त और अच्छा इलाज होता है। उन्होंने बिजली फ्री कर दी। महिलाओं को बस में फ्री सफर करने की सुविधा दी। बुजुर्गों के लिए फ्री तीर्थ यात्रा कर दी और अब हर महीने हर महिला को एक हजार रुपए की सम्मान राशि देने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तीन महीने बाद हरियाणा में विधानसभा चुनाव है। बीजेपी को हरियाणा में एक सीट भी नहीं जानी चाहिए।

अरविंद केजरीवाल को भारी बहुमत से जीताना है। ये बात अरविंद केजरीवाल की नहीं है, ये हरियाणा की इज्जत का सवाल है। जनता हर चीज पर टैक्स देती है। इसलिए जनता को अधिकार है कि सरकार उनको अच्छी शिक्षा, अच्छी चिकित्सा, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं दे। बीजेपी ने जनता को 10 साल में कुछ नहीं दिया। उनको विकास से कोई मतलब नहीं है। सोहना के खेल स्टेडियम में कोई सुविधा नहीं है, कोच भी नहीं है। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि हरियाणा के लाल अरविंद केजरीवाल ने जनता के लिए पांच गारंटी दी है। अरविंद केजरीवाल अपनी गारंटी को पूरी करके दिखाते हैं। दिल्ली और पंजाब में उनकी गारंटी पूरी हो रही हैं। अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा को पहली गारंटी दिल्ली और पंजाब की तरह घरेलू बिजली फ्री करने की दी है। आम आदमी की सरकार बनने के बाद हरियाणा में घरेलू बिजली फ्री और 24 घंटे मिलेगी। दूसरी गारंटी, दिल्ली और पंजाब की तरह हर गांव और हर शहर में मोहल्ला क्लीनिक बनाने का काम करेंगे। सरकारी अस्पताल अच्छे होंगे, सबका अच्छा और फ्री इलाज होगा। तीसरी गारंटी, सरकारी स्कूलों को अच्छा बनाएंगे, जहां अच्छी और फ्री शिक्षा मिलेगी। चौथी गारंटी, हर महिला को हर महीने एक हजार रुपए देने का काम करेंगे। पांचवीं, हर बेरोजगार युवा को रोजगार देंगे। इसके अलावा किसानों, व्यापारियों, खिलाड़ियों, महिलाओं और बुजुर्गों के विकास और खुशहाली के लिए विस्तृत योजनाएं लेकर आएंगे। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली और पंजाब को बदला है। अब हरियाणा में बदलाव की बारी है। आपको अपने लाल केजरीवाल को अपना घर ठीक करने की जिम्मेदारी देनी है और झाड़ू के निशान पर वोट देना है। अरविंद का जन्म तो सिवानी गांव में हुआ था, लेकिन उनकी पढ़ाई, लिखाई और परवरिश हिसार में हुई थी।

### आम आदमी की जरूरतों को राजनीति के केंद्र में लाए: डा. सुशील

आप के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि अरविंद केजरीवाल एक ऐसे व्यक्ति हैं, जिसने पूरे देश में घोषणा की कि आम आदमी पार्टी का सांसद और विधायक एक पेंशन लेगा। बाकी पार्टियों की तरफ कई-कई पेंशन नहीं लेंगे। हरियाणा के लाल अरविंद केजरीवाल राजनीति के केंद्र बिंदु में आम आदमी की जरूरतों को लेकर आए। इस दौरान हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता समेत प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, लोकसभा अध्यक्ष मुकेश डागर, डॉ. सारिका वर्मा, एडवोकेट निशांत आनंद, एडवोकेट दिनेश यादव समेत अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सड़क पर भरे पानी में बैठकर खोली निगम की पोल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




बादशाहपुर की गली में भरे गंदे पानी में बैठकर विरोध जताते कांग्रेस नेता राजेश यादव।

सीवरेज के ओवरफ्लो और बरसात से होने वाले जलभराव से त्रस्त लोगों की आवाज उठाते हुए कांग्रेस के एक नेता ने अलग ही तरीके से विरोध किया। उन्होंने सड़क पर भरे पानी में बैठकर विकास के दावों की पोल खोली।

बादशाहपुर के त्यागी मोहल्ले की गली में कई दिन से सीवरेज व बरसात का पानी भरा है। कोई निकासी नहीं हो रही। लोगों को परेशानी हो रही है। जिस गली में यह पानी भरा है, वह बादशाहपुर तहसील और बाबा कुसालसाद मंदिर जाने के लिए है। तहसील से 50 मीटर से भी कम दूरी पर है। लोगों की इस समस्या को लेकर कांग्रेस के नेता राजेश यादव ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि नगर निगम में शामिल लोग नरक जैसा जीवन जी रहे हैं। गली में भरे पानी की निकासी नहीं होने के विरोध में राजेश यादव गली के बीच में पानी में ही बैठकर विरोध जताने लगे। विरोध में एक तख्ती भी उन्हें ले रखी थी। उन्होंने कहा कि जब से बादशाहपुर गांव नगर निगम शामिल हुआ है, तब से गांव नरक बन गया है। इस गली के हालात इसलिए ऐसे हैं, क्योंकि यहां सीवर लाइन गलत तरीके से डाली गई है। नगर निगम के अधिकारियों के पास हजारों शिकायतें भेजी जा चुकी हैं, लेकिन अधिकारी कोई काम नहीं करते। राजेश यादव ने कहा कि सरकार ने बादशाहपुर में 80 करोड़ रुपये विकास पर खर्च करने की बात कही है। इतना पैसा लगा है तो विकास भी नजर आना चाहिए। गुरुग्राम को सुपर स्मार्ट सिटी का तमगा दिया जाता है।

### अवैध शराब बेचने वालों पर चला पुलिस का चाबुक

**गुरुग्राम।** अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध शराब पकड़ी है। तीन आरोपियों को भी काबू किया है। पुलिस ने इन्हें अलग-अलग स्थानों से काबू किया है। आरोपियों में सुदेश कुमार निवासी गांव कुरतारा जिला मैनपुरी (उप्र), अनूप कुमार निवासी गांव बदोली जिला फर्रुखाबाद (उत्तर-प्रदेश) तथा प्रहलाद कुमार निवासी पटिगना जिला अरडिया (बिहार) शामिल हैं। तीनों आरोपियों के कब्जा से कुल 323 पेटी, 242 पव्वा, 71 अध्धे अवैध शराब, 1 ट्रक व 1 कार बरामद की गई। आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में केस दर्ज किए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार



सैनी सभा के नवनियुक्त प्रधान शेर सिंह सैनी का स्वागत करते लोग।

### पूर्व पुलिस अधिकारी शेर सिंह बने सैनी सभा के अध्यक्ष

**गुरुग्राम।** फर्रूखनगर सैनी सभा जिले की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर रविवार को स्थानीय महराजा शूर सैनी धर्मशाला में बैठक हुई। नगरपालिका के पूर्व प्रधान हरीचंद सैनी की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। बैठक में सैनी सभा के निवर्तमान प्रधान मुकेश सैनी ने अपनी कार्यकारणी को भंग करके नई कार्यकारिणी बनाने की घोषणा की। बैठक में सर्वसम्मति से दिल्ली पुलिस के पूर्व अधिकारी शेर सिंह सैनी पुत्र ताराचंद सैनी को प्रधान चुना गया। सैनी सभा के सभी सदस्यों द्वारा उनका फूलमालाओं व पगड़ी पहना कर स्वागत किया। नव नियुक्त प्रधान शेर सिंह सैनी ने सैनी सभा के सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सर्व समाज द्वारा उन्हें जो समाज की बागडोर संभालने की जिम्मेदारी दी है, वह इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे। इस अवसर पर सैनी सभा के पूर्व प्रधान हुकम सिंह सैनी, मंडी प्रधान कालू सैनी आढती, पूर्व प्रधान मुरारी लाल सैनी, पूर्व पार्षद रामपत सैनी, अधिवक्ता जितेंद्र सैनी, अशोक सैनी, पूर्व बैंक अधिकारी कुद्दू राम सैनी, संजय सैनी, उपाध्यक्ष कवंर सिंह सैनी, होशियार सैनी, पूर्व पार्षद डाक्टर बलजीत सैनी, देविंद्र सैनी, बीजेपी के पूर्व मंडल अध्यक्ष प्यारे लाल सैनी समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

### पुलिस ने नशे पर रोकथाम के लिए किया जागरुक

**गुरुग्राम।** पुलिस द्वारा हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत राहगीरी फाउंडेशन और संबंधित विभागों की सहायता से राहगिरी जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन सूर्य विहार रोड स्थित सेक्टर-4/7 पुलिस चौकी पर किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त यातायात विरेंद्र विज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस आयोजन के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पूर्व सुरेंद्र कौर, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पश्चिमी जय सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त उद्योग नवीन कुमार, थाना प्रभारी न्यू कॉलोनी, थाना प्रभारी सेक्टर-9, यातायात निरीक्षक रामनाथ, यातायात निरक्षक वीरेंद्र सिंह के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली बच्चे व अध्यापकों सहित करीब 2000 लोग मौजूद रहे। राहगीरी आयोजन के दौरान गणेश वंदना, योग, जुंबा डांस, पेंटिंग, साइकिलिंग, नुक्कड़ नाटक ड्रग बारे, डांस,पुलिस बैंड, रस्सा कसी, सांप सीढ़ी, लूडो, म्यूजिकल चेयर, यातायात नियमों की जानकारी देने के कार्यक्रम आयोजित किये गये। सभी लोगों को डायल 112 और हेल्पलाइन नंबर 1095 भी जनकारी दी गई।

### सीएससी पर कॉमन ब्रांडिंग व रेट लिस्ट लगाना जरूरी

**गुरुग्राम।** जिला के सभी सीएससी केंद्रों पर दी जा रही विभिन्न सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने व निर्धारित वर्ग को केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से एडीसी हितेश कुमार मीणा ने सभी केंद्रों पर कॉमन ब्रांडिंग और रेट लिस्ट लगाने के निर्देश दिए हैं। एडीसी हितेश कुमार मीणा ने कहा कि नागरिकों की सुविधा के लिए जरूरी सेवाओं जैसे विवाह पंजीकरण, रिहायशी प्रमाण पत्र, बीसी, ओबीसी प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र सहित अन्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए सीएससी केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसके लिए सरकार द्वारा सरकारी फीस निर्धारित की गई। ऐसे में जिला के सभी नागरिक निर्धारित फीस के तहत समयबद्ध तरीके से विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ ले सके इसके लिए सभी केंद्रों पर रेट लिस्ट चस्पा करना अनिवार्य है।

# ‘ग्रीन, क्लीन व फिट रहकर ही बनेगा बेहतर गुरुग्राम’

### ● कहीं बेहतर तो कहीं ग्रीन गुरुग्राम विजन पर नवीन गोयल ने की सभाएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



वजीराबाद में चाय पर चर्चा कार्यक्रम में ग्रामीणों के साथ नवीन गोयल।

व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा, हरियाणा के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल ने रविवार को कई स्थानों पर जनसम्पर्क अभियान के तहत कार्यक्रमों में शिरकत की।

वजीराबाद में मनोज द्वारा की ओर से चाय पर चर्चा कार्यक्रम में पहुंचकर लोगों के साथ बेहतर गुरुग्राम बनाने पर चर्चा की। डीएलएफ फेज-1 के सी-ब्लॉक में गुरुग्राम को ग्रीन, क्लीन और फिट बनाने के सेवा प्रकल्पों के बारे में लोगों से बात की। उन्होंने कहा कि बेहतर गुरुग्राम बनाने के लिए सरकार से पहले हम सबको भी अपनी भूमिका तय करनी होगी। हम बिना कुछ खर्च किए अपने शहर, अपने क्षेत्र, अपने गांव, अपनी गली को बेहतर बनाकर रख सकते हैं।

# सहारा-ए-इंसा मुहिम के तहत जरूरतमंद परिवारों को दिया राशन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



राशन किट भेंट करने के दौरान डेरा सेवादार।

डेरा सच्चा सौदा के संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी के अवतार माह की खुशी में डेरा के सेवादारों ने ज्योति पार्क में परिवारों को एक माह का राशन भेंट किया।

डेरा सेवादारों ने बताया कि संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह की ओर से सहारा-ए-इंसा मुहिम शुरू की गई है। इस मुहिम के तहत गरीब परिवारों को संगत एक माह का राशन किट भेंट करती है। संगत गरीब, जरूरतमंद लोगों तक खुद भी पहुंचती है और बाहर से लोग भी ऐसे लोगों से संपर्क कराते हैं। गुरूजी के वचनों के अनुसार संगत की ओर से राशन किट भेंट करके संगत सेवा का यह काम करती है। दो परिवारों को राशन किट वितरित करते हुए सेवादारों ने बताया कि उन्हें खुशी है कि वे किसी परिवार का चूल्हा जलाने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

# गुर्जर भवन निर्माण के लिए उल्लावास गांव ने दिए 5 लाख 11 हजार रुपये

### ● अब तक एकत्रित हो चुके हैं 7 करोड़ रुपये की राशि

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



ग्रामीणों को राशि प्राप्ति की रसीद देते कमेटी सदस्य।

सोहना में प्रस्तावित गुर्जर भवन के निर्माण के लिए लोग दिल खोलकर चंदा दे रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को उल्लावास गांव की ओर से एकत्रित करके 5 लाख 11 हजार रुपये की राशि गुर्जर भवन निर्माण समिति को सौंपी गई। समिति की ओर से जानकारी दी गई कि अब तक 7 करोड़ रुपये की राशि एकत्रित हो चुकी है। जल्द ही भवन का भूमि पूजन करके निर्माण शुरू होगा।

सभी समाजों की तरह गुर्जर समाज का भी एक आलीशान भवन हो, इस पर गुर्जर समाज के बड़े-बुजुर्गों, मौजिज लोगों ने मिल-बैठकर इस बात पर चर्चा की थी कि क्यों न गुर्जर समाज का भी अपना एक भवन हो, जहां लोगों के सुख-दुख के आयोजनों के लिए सहूलियत हो। हर किसी के काम में भवन आए।

# पृथला क्षेत्र में बह रही विकास की गंगाः रावत

### ● विधायक नयनपाल ने किया करोड़ों की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



पृथला विधायक नयनपाल रावत ने रविवार को गांव दयालपुर, नरहवाली, पन्हेड़ा कलां एवं पन्हेड़ा खुर्द में करीब 2 करोड़ 60 लाख की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्धघाटन किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने जगह-2 फूल मालाओं एवं ढोल नगाड़ों से उनका स्वागत किया। उनका जोश एवं उत्साह देखते ही बन रहा था।

विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि मैं आपका बेटा हूं और क्षेत्र की सेवा करना, विकास करना मेरा फर्ज है। आपके प्यार और आशीर्वाद ने जो मुझे ताकत दी है, वह केवल पृथला विधानसभा की भलाई एवं उन्नति के लिए है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकास की एक नई गाथा लिखी जा रही है, उसी प्रकार प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में विकास का एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। पृथला विधानसभा क्षेत्र में जितने भी विकास कार्य अधूरे पड़े हैं, या चल रहे हैं, उनको जल्द से जल्द पूरा करेंगे, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके। क्षेत्र में जो यह विकास की लहर बह रही है, यह लगातारी जारी रहेगी।

# तीज महोत्सव कार्यक्रम में हुईं प्रतियोगिताएं

### ● श्री वैश्य अग्रवाल सभा की महिला इकाई ने किया आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



श्री वैश्य अग्रवाल सभा की महिला इकाई के तत्वावधान में आयोजित विशाल तीज महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन ओमेक्स सिटी पलवल स्थित नवनिर्मित महाराजा अग्रसेन सेवा सदन में किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं ने अपनी संस्कृति के अनुसार पारंपरिक वेशभूषा में शिरकत की।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें में हर उम्र की महिलाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में आई हुई सभी प्रतिभागी महिलाओं को महिला इकाई की तरफ से उपहार दिए गए एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली सखियों को आकर्षक इनाम दिए गए। समारोह की अध्यक्षता श्री वैश्य अग्रवाल सभा रजि. महिला इकाई की अध्यक्षा श्रीमती कविता मंगला ने की। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्री दीपक मंगला की धर्मपत्नी श्रीमती मोनिका मंगला, विशिष्ट अतिथि श्रीमती अलका गुप्ता एवं श्रीमती पूनम बंसल रहीं जबकि मंच का संचालन श्रीमती ज्योति मंगला ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ समारोह की मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया। प्रतियोगिताओं का संचालन श्रीमती अंशु तायल व नंदिनी मंगला ने किया जबकि पंजीकरण का कार्य श्रीमती प्रीति अग्रवाल, श्रीमती कंचन गर्ग ने किया।

# पुनरीक्षण अभियान जारी, मतदान केंद्रों पर बीएलओ ने लिए वोटिंग फार्म

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



मतदान केंद्र पर वोटिंग फार्म लेते बीएलओ।

मतदाता सूचि पुनरीक्षण अभियान के तहत रविवार को विधानसभा क्षेत्रों के 1504 मतदान केंद्रों पर दिन भर बीएलओ मौजूद रहे और नागरिकों से वोटर लिस्ट के लिए फार्म भरवाए।

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने रविवार को बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 27 अगस्त तक यह पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें 16 अगस्त तक फार्म प्राप्त किए जाएंगे। इसके बाद 26 अगस्त तक प्राप्त हुए दावे-आपत्तियों का निपटान किया जाएगा। जिला के विधानसभा क्षेत्रों की 27 अगस्त को अंतिम मतदाता सूचि का प्रकाशन होगा। उन्होंने बताया कि रविवार को लगातार दूसरे दिन बीएलओ ने पोलिंग स्टेशनों पर लोगों से फोटोयुक्त मतदाता सूचि के लिए फार्म प्राप्त किए। कार्यक्रम के मुताबिक 10 और 11 अगस्त को भी मतदान केंद्रों पर वोटिंग फार्म जमा करवाने का विशेष कैंपेन चलाया जाएगा। रविवार को बीएलओ बूथ पर मौजूद रहे और उन्होंने नागरिकों से नए वोट बनवाने, सूचि में दर्ज नाम को कटवाने, अपना फोटो, मोबाइल नंबर, पता आदि बदलवाने के लिए आनलाइन व आफलाइन फार्म भरवाए। डीसी ने बताया कि पटौदी, बादशाहपुर, गुड़गांव और सोहना विधानसभा क्षेत्र के बूथों पर मतदाता सूचि पुनरीक्षण अभियान चलाया गया।

# नायाब घोषणाएं कर सैनी ने किया चुनावी आगाज

## कहा- एमएसपी पर खरीदी जाएंगी सभी फसलें, आबियाने के 133 करोड़, 55 लाख, 48 हजार बकाया भी माफ

- मुआवजे की लंबित 137 करोड़ रुपए की राशि एक सप्ताह में होगी जारी
- तीन स्टार मोटर बनाने वाली सभी कंपनियां पैनल पर होंगी
- नए ट्यूबवेल कनेक्शन के आवेदन करने वाले किसानों को मिलेगी बड़ी राहत


कुरुक्षेत्र में आयोजित थानेसर विधानसभा की जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य नेतागण।

शिखा शर्मा। चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों को एक और महत्वपूर्ण सौगात देते हुए किसानों का पिछले आबियाने का 133 करोड़ 55 लाख 48 हज़ार रुपए बकाया माफ करने की घोषणा की। इससे किसानों को प्रति वर्ष लगभग 54 करोड रुपए की राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को जिला कुरुक्षेत्र में आयोजित थानेसर विधान सभा की जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सभी फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर करने की भी घोषणा करते हुए कहा कि वर्तमान में प्रदेश सरकार द्वारा 14 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है। अब हरियाणा की अन्य सभी फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने जिला रोहतक, नूहं, फतेहाबाद और सिरसा में 2023 से पहले आपदा में फसलों को हुए नुकसान की मुआवजा की लंबित 137 करोड रुपए की राशि का भुगतान करने की घोषणा करते हुए कहा कि एक हफ्ते में यह राशि सम्बंधित किसानों के खाते में चली जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब किसानों को नए ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए तीन स्टार वाली मोटर देश भर से कहीं से भी खरीदने की अनुमति होगी। वर्तमान में प्रदेश में तीन स्टार मोटर की केवल 10 कंपनियां पंजीकृत हैं। अब देश में तीन स्टार मोटर बनाने वाली सभी कंपनियां हरियाणा के पैनल पर आ जाएंगी और किसान अपनी सुविधा अनुसार किसी भी कंपनी से तीन स्टार मोटर खरीद सकेंगे। इससे 31 दिसंबर 2023 तक नए ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए आवेदन करने वाले किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। इसके अतिरिक्त, बिजली का ट्रांसफार्मर खराब होने पर ट्रांसफार्मर का खर्चा किसान से नहीं लिया जाएगा। ये ट्रांसफार्मर बिजली निगमों द्वारा अपने खर्चे पर बदले जाएंगे ।

उन्होंने कहा कि आज धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र से चुनाव अभियान का शंखनाद किया जा रहा है प्रदेश की 90 विधानसभाओं में ऐसी भव्य जनसभाएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि हमने बिना किसी भेदभाव के मेरिट और पारदर्शिता के आधार पर 1,41,000 युवाओं को नौकरी प्रदान की है। साथ ही 40,000 और पदों पर भर्ती करने का निर्णय लिया है। प्रदेश में भय, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, क्षेत्रवाद को खत्म कर विकसित हरियाणा की नींव हमने पिछले 10 सालों में रखी है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नॉनस्टॉप हरियाणा को और तेज गति दे रहे हैं। आज उन्होंने किसानों के लिए सौगात की झड़ी लगा दी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य होगा जिसने किसानों की सभी उपज एमएसपी पर खरीदने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी चुनौती देते हुए हिसाब मांग रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हिसाब दे कि क्यू उन्होंने किसानों की हजारों एकड़ जमीन बिल्डरों को औने-पौने दाम पर देकर उन्हें लूटने का काम किया। कांग्रेस राज्य में महिलाओं पर सर्वाधिक अत्याचार हुए। कांग्रेस तय करें कि हिसाब कौन देगा।

इससे पहले त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री और चुनाव सह प्रभारी बिप्लब देव ने कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन भूमि को पूरी दुनिया जानती है। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस और आम आदमी पार्टी हरियाणा में सत्ता इसलिए हथियाना चाहते हैं ताकि पंजाब की तरह हरियाणा को भी खत्म कर दिया जाए। इससे पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा तथा सांसद नवीन जिंदल ने भी जनसभा को संबोधित किया।

### आयुष विवि के नए भवन के लिए 500 करोड़ मंजूर

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से थानेसर विधानसभा के गांव फतुपुर में देश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के नए भवन का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना के लिए सरकार की तरफ से 500 करोड़ रुपए का बजट मंजूर किया है। इस विश्वविद्यालय में देश की प्राचीन पद्धति के अनुसार इलाज किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने रविवार को थानेसर अनाज मंडी में राज्यमंत्री एवं संयोजक सुभाष सुधा द्वारा आयोजित थानेसर शंखनाद रैली में थानेसर विधानसभा व कुरुक्षेत्र के विकास पर में सरकार द्वारा पिछले 10 सालों में किए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डाला।

# इंडिया गठबंधन के बहकावे में नहीं आएंगे देशवासी: अमित शाह

- चंडीगढ़ के मनीमाजरा में 24 घंटे जलापूर्ति योजना का उदघाटन
- दस साल में तीन हजार करोड़ के विकास कार्य करवाए: गृह मंत्री



### सांसद व मेयर नहीं आए, कांग्रेसियों को किया नजरबंद

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के चंडीगढ़ दौरे के दौरान कांग्रेस सांसद मुनीष तिवारी के अलावा मेयर कुलदीप कुमार नहीं आए। उनके साथ चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया भी मौजूद रहे। अमित शाह के दौरे से पहले पुलिस ने युवा कांग्रेस के नेता आशीष गजनवी समेत कई नेताओं को हिरासत में ले लिया। युवा कांग्रेस ने अमित शाह के दौरे के खिलाफ प्रदर्शन करने का ऐलान किया था।

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

गृहमंत्री अमित शाह ने आईएनडीआईए गठबंधन को देश विरोधी करार देते हुए कहा है कि हालही में हुए चुनाव के दौरान जितनी सीटें आईएनडीआईए गठबंधन की आई हैं उससे ज्यादा सीटें केवल भारतीय जनता पार्टी की आई हैं। विरोधी देशवासियों को जितना चाहें गुमराह करें लेकिन 2029 में भी मोदी सरकार सत्ता में आएगी।

अमित शाह रविवार को चंडीगढ़ के मनीमाजरा में 24 घंटे पेयजल आपूर्ति शुरू करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। अमित शाह ने चंडीगढ़ दौरे के दौरान सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। यहां उन्होंने तीन नए कानूनों से जुड़े ई-साक्ष्य, ई-सम्मन, न्याय सेतु और न्याय श्रुति जैसे ऐप लांच किए। गृहमंत्री अमित शाह ने सचिवालय में 3 नए कानून का प्रेजेंटेशन देखा।

अमित शाह ने कहा कि भारत विकसित राष्ट्र बनेगा और हर क्षेत्र में दुनिया में नंबर एक राष्ट्र बनेगा। यह जनता के संकल्प से ही हो सकता है।

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने चंडीगढ़ के विकास के लिए पिछले 10 साल में 3 हजार करोड़ का विकास कार्य किया है। 500 करोड़ रेलवे के विकास के लिए दिए। 2014 से 2024 के 10 साल देश के विकास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखे जाएंगे। इन 10 सालों में राष्ट्र ने अनेक उपलब्धियां हासिल की है। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और भारत को मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में दुनिया में लेकर जाना मोदी जी का लक्ष्य है। 60 के दशक के बाद कोई एक ऐसा व्यक्ति है जो 3 बार लगातार सरकार बना रहा है। देश की जनता ने मोदी जी पर विश्वास किया है जिसको जो कहना है कहने दीजिए। 2029 में भी मोदी ही आएंगे।

अमित शाह ने कहा कि हर घर नल से जल पहुंचे, इसका प्रावधान भी भारत सरकार की तरफ से किया जा रहा है। 15 करोड़ घरों में पानी पहुंचाने का काम अब तक पूरा हो चुका है। देश के 74 प्रतिशत घरों में स्वच्छ पानी पहुंच रहा है।

अमित शाह ने कहा कि चंडीगढ़ के लोगों को अब मिनरल वाटर खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यहां के लोगों को अब 24 घंटे पानी मिलेगा। पहले महिलाओं को पानी भरने के लिए अलार्म लगाना पड़ता था। अब इसकी जरूरत नहीं पड़ेगी।

# नवीन जिंदल ने वितरित की छात्रवृत्तियां

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना के 31वें छात्रवृत्ति वितरण समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभावान विद्यार्थियों को आर्थिक तौर पर प्रोत्साहित करने के लिए विद्या भारती सभागार गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में सांसद नवीन जिंदल ने मुख्य अतिथि के तौर पर छात्रवृत्तियां वितरित कीं। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया।

श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने आशीर्वाद एवं प्रेरणा दी। जबकि श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मंच पर समाजसेवी विपिन जिंदल, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता, विद्या भारती के निदेशक रामेन्द्र सिंह भी विराजमान रहे। 102 बच्चों को छात्रवृत्तियां प्रदान की गई। मंच संचालन डा. मोहित गुप्ता ने किया। मैसी के प्रधान मुनीष मित्तल गुप्ता एवं महासचिव संजीव गर्ग ने कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। संस्था की तरफ से कपिल मित्तल ने अतिथियों का धन्यवाद किया।

### समाजिक संस्थाओं ने लगाया रक्तदान शिविर

**फरीदाबाद।** राजस्थान एसोसिएशन, मारवाड़ी युवा मंच, जय सेवा फाउंडेशन, इनर व्हील क्लब ऑफ इंडस्ट्रियल टाउन, जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, जिला रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर राजस्थान भवन सेक्टर 10 में आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 30 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। राजस्थान एसोसिएशन के प्रधान मनोज अग्रवाल ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते हुए रक्त का बहुत अभाव है हम सभी को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष विमल खंडेलवाल ने बताया कि उनकी संस्था के माध्यम से निरंतर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# युवा नौकरी करने की बजाए देने वाले बनें: धर्मेन्द्र प्रधान

- गुरुकुल की एनडीए विंग में छात्रों से संवाद करते हुए बोले शिक्षा मंत्री
- आचार्य देवव्रत जी के प्राचीन संस्कारों के साथ आधुनिक शिक्षा 'पेट्र्न' को प्रधान ने सराहा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



गुरुकुल की एनडीए विंग में एक कार्यक्रम में मौजूद शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान व गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत।

देश के युवाओं को 'जॉब सीकर की बजाए जॉब प्रोवाइडर' बनने की जरूरत है क्योंकि बड़ा लक्ष्य लेकर मेहनत करने वालों को सफलता अवश्य मिलती है और हमारे देश के कई उद्योगपतियों ने इस बात को साबित भी किया है। उक्त शब्द रविवार को गुरुकुल की एनडीए विंग में छात्रों से सीधा संवाद कर रहे केन्द्रीय शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहे। धीरूभाई अंबानी, मुकेश अंबानी व नारायणमूर्ति जैसे उद्यमियों का नाम लेकर उन्होंने कहा कि इन लोगों ने जीवन में आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत की और आज दुनिया में उनका नाम है।

इस अवसर पर गुरुकुल के संरक्षक एवं गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी, पदम्श्री राघवेन्द्र तंवर, डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार, प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक बिग्रेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य, मुख्य संरक्षक संजीव आर्य आदि मौजूद रहे। केन्द्रीय मंत्री ने आचार्यश्री के साथ गुरुकुल की अत्याधुनिक गोशाला, विद्यालय भवन, एनडीए विंग, आर्ष महाविद्यालय आदि प्रकल्पों का भ्रमण किया।

# बीजेपी ने दस साल शासन नहीं, कुशासन किया है: कुमारी सैलजा

- बलजीत कौशिक नेतृत्व में आयोजित कांग्रेस की संदेश यात्रा उमड़ा जनसैलाब

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


ओल्ड फरीदाबाद में संदेश यात्रा के दौरान अभिवादन स्वीकार करती कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा व अन्य नेता।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि जनता को न्याय दिलाने के लिए हम सब ने संघर्ष का रास्ता चुना है। जिसके चलते आने वाले विधानसभा चुनावों में बीजेपी को सत्ता से बाहर करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में पिछले दस सालों से लगातार ऐसे फैसले किए जा रहे है जो जनता को लाभ देने की बजाय नुकसान और परेशान कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बागडोर बीजेपी के हाथ में पिछले दस सालों से है पर आज हमें विकास को ढूंढना पड़ रहा है। जब विकास ढूंढने जाते हैं तो कूड़े के ढेर व गंदगी ही दिखाई देती है विकास कहीं नजर नहीं आता। सड़कों पर बेरोजगार युवा संघर्ष करते दिखते हैं। किसान अपने हकों के लिए मांग उठाते हैं तो उन पर लाठियां चलती देखने को मिल रही है। महिलाओं को महंगाई की मार से हाहाकार करते देखा जा रहा है। गरीब और मजदूर को दर-दर की ठोकरें खाते देखते हैं। दुकानदार और व्यापारी को सरकारी सिस्टम से परेशान होते देख रहे हैं। शिक्षा व सेहत सेवाओं का जनाजा निकालते देख रहे है। कानून व्यवस्था की तो स्थिति ऐसी हो गई है कि कोई अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा।

कुमारी शैलजा रविवार को फरीदाबाद विधानसभा 89 के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक के संयोजन में निकाली गई कांग्रेस जनसंदेश यात्रा में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितजनों को संबोधित कर रही थी। इस पदयात्रा की शुरूआत सेक्टर 19-28 डिवाइडिंग रोड से हुई, पदयात्रा ओल्ड फरीदाबाद में नजदीक पूजा फर्नीचर, सेक्टर 19-28 डिवाइडिंग रोड से आरंभ होकर अग्रवाल धर्मशाला, पथवारी मंदिर, अग्रसेन चौक, अनाज मंडी चौक, बजाज स्वीट्स से होते हुए, भाटवाड़ा चौक (शर्मा स्वीट्स) से चांदीवाली धर्मशाला (बाडमोहल्ला) पर समापन हुई। कुमारी सैलजा की पदयात्रा में कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ा।

कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाडों की थाप पर नाच गाकर व पुष्प वर्षा कर सांसद कुमारी सैलजा का स्वागत किया और उनके समर्थन में जोरदार नारेबाजी की। बाजारों में से होकर गुजरी कुमारी सैलजा की पदयात्रा का जगह-जगह पर स्वागत किया गया।

# भाजपा सरकार ने लोगों को पोर्टलों व आईडी के जाल में उलझाकर लाइनों में लगाया: दीपेंद्र

- सांसद ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में निकाली पदयात्रा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


सांसद दीपेंद्र हुड्डा की पद यात्रा के दौरान उमड़ी भीड़ व नेतागण।

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में अग्रवाल धर्मशाला चावला कालोनी से बस अड्डा मार्केट, राजा नाहर सिंह महल, अंबेडकर चौक, मेन बाजार से होकर अग्रसेन चौक, गुप्ता होटल, पंजाबी धर्मशाला तक पदयात्रा की।

इस दौरान बारिश के बावजूद सड़कों पर पैर रखने की जगह तक नहीं बची। दीपेंद्र हुड्डा के साथ बारिश में भीगते हुए ही भारी तादाद में लोगों का सैलाब सड़कों पर चलता रहा। इस अवसर पर दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा की जनता ने बदलाव का फैसला ले लिया है और लोकसभा चुनाव में बीजेपी को हाफ करके इसकि झलक दिखा दी है। अब विधान सभा चुनाव में जब तक भाजपा को सत्ता से बाहर नहीं कर देते हम चैन से नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद सबसे ज्यादा टैक्स देता है लेकिन फरीदाबाद को न तो शुद्ध हवा मिलती है, न शुद्ध पानी, न साफ सफाई, न ही अच्छी सड़कें। भाजपा सरकार ने फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी बनाने के नाम पर नरक में बदल दिया। साफ-सफाई का इतना बुरा हाल है कि जरा सी बारिश होते ही सारी व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है।

# प्यासे को पानी पिलाना संसार में सबसे पुण्य का कार्य: राजेश भाटिया

- व्यापार मंडल में किया प्रधान ने प्याऊ का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


प्याऊ का शुभारंभ करते सरदार हरजिंदर सिंह बांगा।

प्रोत्साहन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा एवं तिकोना पार्क स्थित ब्यापार मंडल फरीदाबाद द्वारा ब्यापार मंडल फरीदाबाद के ही प्रांगण में प्याऊ लगाया गया। इस प्याऊ का शुभारंभ मुख्यातिथि के रुप में सरदार हरजिंदर सिंह बांगा ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्यापार मंडल के प्रधान राजेश भाटिया ने की।

इस मौके पर राजेश् भाटिया ने सरदार हरजिंदर सिंह का प्याऊ के शुभारंभ अवसर पर फूलों का बुक्के भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान राजेश भाटिया एवं नम्रता मित्तल ने प्रमोद जिंदल जी का इस प्याऊ में उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया व अभिनंदन किया और उन्होंने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि संसार में प्यासे को पानी पिलाना सबसे पुण्य का कार्य है और ब्यापार मंडल फरीदाबाद के प्रांगण में प्याऊ लगने से यहां से गुजरने वाले लोगों को शीतल पेय मिलेगा, उससे उनकी प्यास बुझेगी। उन्होंने कहा कि हम सभी को ऐसे नेक कार्यो में बढ़चढ़कर भाग लेना चाहिए वहीं भाटिया ने प्रोत्साहन चैरिटेबल ट्रस्ट की भूरि भूरि प्रशंसा की यह ट्रस्ट सामाजिक कार्यो में अपनी अग्रणीय भूमिका निभा रहा है।

# छिटके दलितों को साथ लाने में जुटी भाजपा

- सीएम के चीफ मीडिया को-आर्डिनेटर कर रहे समस्याओं की सुनवाई
- सम्मेलनों के माध्यम से कांग्रेस से दलित संबंधी मुद्दा छीनने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

लोकसभा चुनाव के दौरान बीजेपी से दूर हुए दलितों को दोबारा पार्टी के साथ जोड़ने के लिए बीजेपी हाईकमान गंभीर हो गई है। एक तरफ कांग्रेस ने जहां अपनी चुनाव प्रचार रणनीति को दलितों पर केंद्रीत कर दिया है वहीं बीजेपी द्वारा नाराज दलितों को मनाकर दोबारा पार्टी के साथ जोडने् की कवायद तेज कर दी गई है। कांग्रेस ने संविधान बचाओ का नारा देकर दलितों की वोट हासिल करने में कामयाब रही है।

पार्टी द्वारा प्रदेश भर में दलित सम्मेलनों का आयोजन करके दलितों की समस्याओं का समाधान करके उन्हें दोबारा जोडने् का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश के दस जिलों में दलित सम्मेलन करने के बाद अब बीजेपी द्वारा राज्य के आरक्षित विधानसभा हलकों तथा दलित बाहुल्य विधानसभा क्षेत्रों में दलित सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री के चीफ मीडिया को-आर्डिनेटर सुदेश कटारिया इन सम्मेलनों के मुख्य आयोजक हैं। इसके अलावा संबंधित क्षेत्र के दलित नेता भी इन कार्यक्रमों में शामिल होकर दलितों की समस्याएं सुन रहे हैं। लोकसभा चुनाव के बाद ग्राउंड से आई रिपोर्ट में यह बात सामने आई थी कि अफसरशाही द्वारा सुनवाई नहीं किए जाने के कारण दलित समुदाय के लोग बीजेपी से दूर हुए हैं।

अब सुदेश कटारिया द्वारा दलित सम्मेलन का प्रयोग 'समस्या निवारण' के मंच के रूप में किया जा रहा है।

इन सम्मेलनों में आने वाली शिकायतों के समाधान के लिए हरियाणा सिविल सचिवालय के छठी मंजिल पर भी सुदेश कटारिया द्वारा कर्मचारियों की विशेष डयूटी लगाई गई है। मुख्यमंत्री के चीफ मीडिया को-आर्डिनेटर सुदेश कटारिया ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि सोमवार से शुक्रवार तक हरियाणा सिविल सचिवालय में बैठते हैं और शनिवार व रविवार को जिलों में दलित सम्मेलनों में हिस्सा लेते हैं।

सचिवालय में जिलावार दिन निर्धारित किए गए हैं, इससे संबंधित जिलों की समस्याओं का समाधान करवाने सुगमता रहती है और अलग-अलग जिलों की समस्याओं के निवारण को लेकर मामला उलझन में नहीं पड़ता है। सुदेश कटारिया ने बताया कि जिलों में आयोजित होने वाले दलित सम्मेलनों में सबसे ज्यादा शिकायतें उनके पास अफसरशाही की मनमानी की आती हैं।

# वृंदावन से लौट रहे दो दोस्तों की सड़क हादसे में मौत

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

मुंडकटी थाना अंतर्गत अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक पर सवार दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई।

आरोपी चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। जिन्हें एंब्यूलेंस से अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। यूपी जिला गौतमबुद्ध नगर निवासी प्रान्सू ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि 2 अगस्त को उसका भाई भानू अपने दोस्त शैलेश के साथ बाइक पर सवार होकर यूपी के वृंदावन गए थे। यहां से मंदिर में दर्शन करने के बाद वापस घर के लिए जा रहे थे। रात के करीब साढ़े दस बजे मीतरोल स्थित फ्लाईओवर पर पहुंचे कि उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर चोटें आई। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने दोनों को एंबूलेंस से अस्पताल भिजवाया यहां डाक्टरों ने दोनों मृत घोषित कर दिया।

### बेटा पैदा होने की खुशी का माहौल मातम में बदला

मृतक भानू पर 3 वर्षीय एक बेटी व एक बेटा है। बेटे का जन्म 24 जुलाई को हुआ था। बेटे के जन्म के बाद भानू के घर में जश्न का माहौल था। मृतक के भाई ने बताया कि भानू को बेटे की खुशी में एक बडा कार्यक्रम आयोजित करना था। लेकिन इस हादसे के बाद घर की सभी खुशियां चकनाचूर हो गई।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 5 अगस्त, 2024



# आरक्षण प्राविधान

## सुप्रीम कोर्ट का फैसला

**सुप्रीम कोर्ट** ने एससी-एसटी आरक्षण में उप-वर्गीकरण को अनुमति देकर ज्यादा समावेशन का मार्ग खोल दिया है। एक उल्लेखनीय फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने घोषणा की कि अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों में उप-वर्गीकरण की अनुमति है। जस्टिस पंकज मिथल ने जोर दिया कि आरक्षणों से एक श्रेणी में केवल पहली पीढ़ी को लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर समीक्षा का आह्वान किया कि क्या बाद की पीढ़ियां सामान्य श्रेणी के बराबर पहुंच गई हैं। इस फैसले से ईवी चिन्नैया मामले में निर्णय उलट गया है जिसमें कहा गया था कि एक समूह में सभी जातियां समान हैं, इसलिए उनका उप-विभाजन नहीं हो सकता है। इस निर्णय का ऐतिहासिक रूप से हाशियाकृत समुदायों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान व राजनीतिक प्रतिनिधित्व पर काफी प्रभाव पड़ेगा। इस फैसले में एक जाति के भीतर 'क्रीमी लेयर' के मुद्दे को भी संबोधित किया गया है। तर्क दिया गया है कि जातीय आरक्षण पर अक्सर एक जाति के भीतर क्रीमी लेयर द्वारा कब्जा कर लिया जाता है क्योंकि एक जाति के भीतर कुछ लोगों का उत्थान होने के साथ वे शिक्षित होते हैं तथा बाकी लोगों की तुलना में उनके पास बेहतर साधन और संपर्क होते हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 341 और 342 कुछ समुदायों को हाशियाकृत मानते हैं। सरकार को ऐतिहासिक रूप से वंचित इन समुदायों के उत्थान के लिए विशेष प्राविधान करने की अनुमति है। इन उपायों में शिक्षा संस्थानों, सरकारी नौकरियों व विधायी संस्थाओं में आरक्षण भी शामिल है। पिछले वर्षों में इन लाभों के असमान वितरण



पर चिन्ता प्रकट की जाती रही है। व्यापक एससी-एसटी समुदायों के भीतर कुछ उप-जातियों या उप-समूहों ने अधिकांश लाभों पर कब्जा कर लिया है, जबकि बाकी पीछे छूट गए हैं। इस स्थिति के कारण उप-वर्गीकरण की मांग होती रही है।

याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि ऐसे उप-वर्गीकरण से इन समुदायों की एकता को नुकसान पहुंचेगा तथा यह समानता व गैर-भेदभाव के संविधान में वर्णित सिद्धान्तों के विपरीत होगा। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में जोर दिया कि आरक्षण नीतियों का प्रमुख उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक न्याय है। एक जाति में उप-वर्गीकरण कर सरकार ज्यादा बेहतर नीतियां बना कर एससी-एसटी श्रेणियों के सभी उप-समूहों तक समान रूप से लाभों का वितरण सुनिश्चित कर सकती है। इस निर्णय से एससी-एसटी में उप-समूहों का बेहतर राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सकता है। इससे ज्यादा समावेशी नीतियों का मार्ग खुल सकता है जो इन समुदायों की विविधतापूर्ण आवश्यकताओं तथा महत्वाकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करेंगी। लेकिन कुछ कमियां दूर करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के फैसले में कुछ अतिरिक्त प्राविधान होने चाहिए। 'क्रीमी लेयर' या विशिष्ट समूह की अवधारणा का संबंध खासकर दूसरी पीढ़ी के लिए होता है, पर स्पष्ट रूप से परिभाषित न होने के कारण इसकी अनेक व्याख्यायें हो सकती हैं। 'क्रीमी लेयर' की स्पष्ट परिभाषा न होने से समस्या पैदा होती है जिसकी विविधतापूर्ण व्याख्याओं को अदालत में चुनौती दी जा सकती है। सर्वोच्च न्यायालय ने 'क्रीमी लेयर' परिभाषित करने का काम राज्यों पर छोड़ दिया है। देखना होगा कि विभिन्न सरकारें इस निर्णय की व्याख्या और क्रियान्वयन कैसे करती हैं। हालांकि, अदालत ने एससी-एसटी के लाभ हेतु 'सकारात्मक कार्रवाई' को ज्यादा समावेशी व समतापूर्ण बनाने की पृष्ठभूमि तैयार कर दी है, पर इसके समुचित क्रियान्वयन के चरण तक पहुंचने में अभी कुछ समय लगेगा।

# कमला हैरिस की स्थिति मजबूत

पहली महिला उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस अब एक नई सीमा तोड़ कर संयुक्त राज्य अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव अब महत्वपूर्ण मोड़ पर आ गया है। देश की पहली महिला उप-राष्ट्रपति बनी कमला हैरिस अब एक नई सीमा तोड़ कर संयुक्त राज्य अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। वे आशा और उत्साह से भरी हैं। अमेरिकी उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस ने इस सप्ताह घोषणा कर दी, 'मैं कमला हैरिस हूं और मैं राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ रही हूं।' अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में यह ऐतिहासिक क्षण वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन के राष्ट्रपति चुनाव से अलग रहने की घोषणा के बाद आया। उन्होंने कमला हैरिस की राष्ट्रपति उम्मीदवारी का समर्थन भी किया। यह अमेरिकी राजनीति में एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय है। इस प्रकार आधिकारिक घोषणा के बाद अब वर्तमान उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस आधिकारिक रूप से डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति उम्मीदवार हैं। अनेक प्रभावशाली डेमोक्रेटों ने भी कमला हैरिस की उम्मीदवारी का समर्थन किया है। इनमें पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, स्पीकर नैंसी पैलोसी, दानदाता जार्ज क्लूनी, आदि शामिल हैं। कमला हैरिस के पीछे अब पूरी डेमोक्रेटिक पार्टी मजबूती से खड़ी है इससे हैरिस में अपने नेतृत्व के प्रति आत्मविश्वास बहुत बढ़ गया है। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के 248 साल के इतिहास में इसके पहले कभी कोई महिला राष्ट्रपति नहीं रही है। यहां तक कि 2008 और 2016 में राष्ट्रपति की उम्मीदवार रही हिलेरी क्लिंटन को भी सफलता नहीं मिली थी। चार साल पहले कमला हैरिस ने उस समय भी इतिहास रचा था जब वे संयुक्त राज्य अमेरिका की पहली महिला उप-राष्ट्रपति बनी थीं।

ऐसे समय यह सवाल उठता है कि क्या वे राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में इतिहास बनाएंगी? क्या वे यह चुनाव जीत सकती हैं? हालांकि, उनकी स्थिति अच्छी मानी जा रही है, पर उनको दो महत्वपूर्ण काम करने होंगे। पहला, उनको डेमोक्रेटिक पार्टी का नामांकन प्राप्त करना है और इसके बाद उनको चुनाव में विजय प्राप्त करनी है। अब अमेरिकन राष्ट्रपति चुनाव के लिए समय बहुत कम है। कमला हैरिस के पास केवल चार महीने का समय है क्योंकि 5 नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव होगा। भारतीय मूल की सुश्री हैरिस के पास अनेक सकारात्मक उपलब्धियां हैं, पर उनकी कुछ कमजोरियां भी हैं। वर्तमान समय में वे देश की उप-राष्ट्रपति हैं और आपातकाल में राष्ट्रपति के रूप में काम करने की उनकी क्षमता असंदिग्ध तथा उनके लिए लाभदायक है। चार साल पहले उप-राष्ट्रपति सुश्री कमला हैरिस को उम्मीद थी कि राष्ट्रपति जो बाइडेन राष्ट्रपति के रूप में एक कार्यकाल पूरा करने के बाद चुनाव में नहीं उतरेंगे और व्हाइट हाउस को अलविदा कह देंगे। लेकिन जो बाइडेन अपनी जिद पर अड़ गए कि वे दूसरे कार्यकाल के लिए भी राष्ट्रपति उम्मीदवार बनेंगे।

हालांकि, उनकी शारीरिक और मानसिक क्षमताओं पर लगातार सवाल उठ रहे थे तथा अनेक डेमोक्रेटिक नेताओं का दबाव था कि वे चुनाव मैदान से हट जाएं। आखिरकार बाइडेन ने कुछ समय पहले अपनी उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। कमला हैरिस के साथ एक महत्वपूर्ण लाभ की स्थिति इस कारण है कि वे महिलाओं के लिए निर्धारित परंपरागत सीमायें तोड़ कर इस बार पहली महिला राष्ट्रपति बन सकती हैं। अब कमला हैरिस को अश्वेत, एशियाई और महिला मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित कर उनका तथा अन्य अल्पसंख्यक समुदायों का समर्थन प्राप्त करना होगा। उनको अब तक किसी पार्टी से मजबूती से नहीं जुड़े, यानी अनिर्णीत व युवा मतदाताओं का समर्थन भी प्राप्त करना होगा। इससे 'स्विंग स्टेट्स' में रिपब्लिकन उम्मीदवार व पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तुलना में उनकी स्थिति ज्यादा मजबूत हो सकती है।

यह तथ्य निश्चित रूप से कमला हैरिस के पक्ष में है कि उनको वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन का मजबूत वारिस माना जाता है। हालांकि, इस स्थिति के कुछ नकारात्मक तत्व हैं, पर यह पूरी तरह नकारात्मक नहीं है। बाइडेन से उनके जुड़ाव ने अंततः कमला हैरिस की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कमला हैरिस अपने व्यक्तित्व के चलते अपनी पार्टी के मध्यमार्गी और कट्टरपंथी सदस्यों का समर्थन प्राप्त कर उनको एकजुट कर सकती हैं। इस प्रकार वे एकीकरण करने वाली शक्ति का काम कर सकती हैं। डोनाल्ड ट्रंप को पराजित करने के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी को एकजुट हो कर कमला हैरिस का समर्थन करना होगा। अमेरिका के इतिहास पर गौर करे तो स्पष्ट होगा कि जहां ओबामा पहले अश्वेत राष्ट्रपति तथा जान एफ. कैनेडी पहले कैथोलिक राष्ट्रपति थे। ये दोनों पूर्व राष्ट्रपति कमला हैरिस के लिए 'रोल माडल' का काम कर सकते हैं और इस प्रकार वे अनेक लोगों के दिल में उम्मीद जगा सकती हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने उनका न केवल पुरजोर समर्थन किया है, बल्कि उनके लिए चुनाव प्रचार का वादा भी किया है। महत्वपूर्ण रूप से कमला हैरिस केवल 59 वर्ष की हैं और आयु का यह अंतर 78 वर्षीय ट्रंप की तुलना में उनके लिए लाभदायक है। इस प्रकार उनकी आयु किसी प्रकार बाधक नहीं है और इससे युवा मतदाताओं में उनके प्रति आकर्षण बढ़ता है। कमला हैरिस अपनी उपलब्धियों का प्रचार कर अनिर्णीत मतदाताओं को अपने पक्ष में ला कर उनका समर्थन प्राप्त कर सकती हैं। उनको बाइडेन का 100 मिलियन डालर का 'वार चेस्ट' मिल सकता है। कमला हैरिस ने अपनी उम्मीदवारी के पहले सप्ताह में 200 मिलियन डालर एकत्र किए हैं और 1700 स्वयंसेवक तैयार किए हैं। इसके बावजूद उनको चुनाव में होने वाले भारी खर्च के लिए अन्य दानदाताओं में विश्वास पैदा करना होगा। हालांकि, यह तथ्य उल्लेखनीय है कि अपने राजनीतिक कॅरियर की शुरुआत से ही कमला हैरिस के 'सिलिकान वैली' से मजबूत संबंध हैं और वे इसका प्रयोग फंड एकत्र करने में कर सकती हैं।

हालांकि, कमला हैरिस को डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ संघर्ष में अच्छा समर्थन मिल रहा है, पर उनको अभी बहुत कुछ करना है। सबसे पहले उनको अपने उप-राष्ट्रपति के लिए उचित उम्मीदवार चुनना होगा। सही जोड़ी से उनको ट्रंप-वांस टीम पर विजय की संभावना और मजबूत होगी। कमला हैरिस ने वादा किया है कि 'मैं डेमोक्रेटिक पार्टी और देश को एकजुट करने के लिए तथा डोनाल्ड ट्रंप व उनके अतिवादी 2025 एजेंडे को पराजित करने के लिए यथासंभव सारे कदम उठाऊंगी।' कमला हैरिस का राष्ट्रपति बनने और इसके लिए संघर्ष करने का मिशन तात्कालिक और महत्वपूर्ण है। उनको अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए उन मतदाताओं का समर्थन प्राप्त करना होगा जिन्होंने अभी डेमोक्रेटिक या रिपब्लिकन उम्मीदवार के पक्ष में अपना मन नहीं बनाया है। अनिर्णीत मतदाताओं पर विजय प्राप्त करना हैरिस के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। 'वाल स्ट्रीट जर्नल' द्वारा कराए हालिया जनमत सर्वेक्षण के अनुसार, कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप के बीच राष्ट्रपति पद के वर्तमान मुकाबले में फिलहाल 'कांटे की टक्कर' जैसी स्थिति बनी हुई है। यह टक्कर महत्वपूर्ण है। जनमत सर्वेक्षणों ने दिखाया है कि कमला हैरिस के लिए गैर-श्वेत लोगों में समर्थन बढ़ा है। इसके साथ ही डेमोक्रेटों में उनके लिए प्रचार करने का जोश भी काफी बढ़ा है। लेकिन कमला हैरिस को इस कारण चुनौती का सामना करना पड़ रहा है कि वे 2020 में राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने में विफल रही थीं। इस तथ्य को देखते हुए उनको अपनी 'अप्रूवल रेटिंग' या समर्थन बढ़ाने के साथ ही अपने चुनाव प्रचार के लिए भारी मात्रा में फंड भी जुटाना होगा।

हालिया एनबीसी न्यूज़पोल के अनुसार, ट्रंप बाइडेन से 43 के मुकाबले 45 प्रतिशत से आगे थे और हैरिस तथा उनके बीच भी 45 के मुकाबले 47 का अंतर था। लेकिन धीरे-धीरे यह स्थिति बदल रही है। लेकिन समय कम है और अब केवल 100 दिन बचे हैं। नवंबर के पहले हैरिस की टीम को ट्रंप को पराजित करने की रणनीति बनानी होगी। ट्रंप की टीम हैरिस को अनुभवहीन व खतरनाक बता रही है। उनको ट्रंप के अभियान में 'नस्लवाद' का सामना करना पड़ सकता है। यह चुनाव अमेरिका के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। बाइडेन के पीछे हटने से डेमोक्रेटों में जोश है। अब कमला हैरिस की जिम्मेदारी है कि वे इसका लाभ उठाएं। आने वाले दिनों में तय होगा कि वे सफलता की दिशा में आगे बढ़ती हैं या नहीं।

# कारगिल में भारतीय वायु सेना की जांबाज़ी

> इस ऑपरेशन ने भारतीय वायुसेना की बहादुरी, सरलता और रणनीतिक महत्व को उजागर किया, जिसने आधुनिक युद्ध में इसकी विरासत को मजबूत किया।

**दीपक कुमार पांडेय**
(लेखक वायुसेना के सेवानिवृत्त ग्रुप कैप्टन हैं)



वर्ष 1999 का कारगिल युद्ध भारतीय वायु सेना के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, जिसने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद पहली बार बड़े पैमाने पर युद्ध में भाग लिया। अप्रैल 1999 में, लगभग 1500 पाकिस्तानी सैनिकों ने कश्मीर और लद्दाख के बीच संबंध तोड़ने के लिए जम्मू और कश्मीर के कारगिल में भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की।

भारतीय वायुसेना द्वारा कारगिल क्षेत्र में हवाई अभियानों को ऑपरेशन सफेदसागर नाम दिया गया था। 1990 के दशक में, उच्च ऊंचाई वाली चोटियों पर तैनात पाकिस्तान के गुप्त घुसपैठियों ने भारतीय सेना और द्वस्न के लिए जम्मू और कश्मीर के चुनौतीपूर्ण पहाड़ी इलाकों में सैन्य अभियान चलाना मुश्किल बना दिया था क्योंकि उनके सटीक स्थानों को इंगित करना असंभव था। ऑपरेशन सफ़ेदसागर ने एक अलग और चुनौतीपूर्ण सेटिंग में हवाई क्षमताओं के क्रांतिकारी उपयोग को चिह्नित किया। कारगिल संघर्ष में वायुसेना द्वारा वायु शक्ति का सफल उपयोग भारत के लिए गर्व का विषय है। युद्ध में वायु शक्ति की रणनीतिक तैनाती आवश्यक हो गई, क्योंकि इसने जमीनी सैनिकों को प्रभावी रूप से प्रत्यक्ष हवाई सहायता प्रदान की और दुश्मन के ठिकानों पर अत्यधिक सटीक बमबारी की, जिससे युद्ध के अंतिम परिणाम पर काफी प्रभाव पड़ा। भारतीय वायुसेना को अपने परिचालन क्षेत्रों के भौगोलिक और पर्यावरणीय कारकों के कारण उल्लेखनीय चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

कारगिल क्षेत्र अपनी बहुत ही जटिल स्थलाकृति के लिए जाना जाता है। उच्च ऊंचाई पर ऑपरेशन में शामिल होने से हमेशा कई कठिन बाधाएं आती हैं, जैसे कि विमान और हथियार दोनों की प्रभावकारिता में उल्लेखनीय गिरावट। लक्ष्य तक हथियार की डिलीवरी उच्च ऊंचाई पर मौसम से काफी प्रभावित होती है। हवाएं आमतौर पर



शक्तिशाली और मूल उपकरण निर्माताओं द्वारा आवश्यक 'न्यूनतम' से अधिक होती हैं। इसे देखते हुए, आवश्यक प्रक्षेपण को पूरा करने के लिए युद्धाभ्यास आवश्यक है। चुनौतीपूर्ण भौगोलिक और मौसम संबंधी स्थितियों के बावजूद, ऑपरेशन ने असाधारण बहादुरी, दृढ़ता और प्रतिबद्धता का उदाहरण पेश किया। 23 जुलाई, 1999 तक भारतीय सेना ने कारगिल की पहाड़ियों पर सफलतापूर्वक कब्ज़ा कर लिया, जो उनकी अटूट प्रतिबद्धता और बहादुरी का प्रमाण है, जो निश्चित रूप से प्रेरणादायी है। भारतीय वायुसेना ने कारगिल संघर्ष के दौरान कई अद्वितीय नवाचारों को सफलतापूर्वक तैनात करके असाधारण सरलता और संसाधनशीलता का प्रदर्शन किया। भारतीय वायुसेना का लक्ष्य कई हथियार प्रक्षेपण रणनीतियों को विकसित करना और उनका उपयोग करना था। भारतीय वायुसेना ने मिराज-2000 विमानों से तैनात लेजर-निर्देशित बमों का प्रभावी ढंग से उपयोग किया, ताकि विरोधी के रसद मार्गों को महत्वपूर्ण रूप से बाधित किया जा सके, जो उनकी अभिनव रणनीति का प्रमाण है। लेजर-निर्देशित मिसाइल पॉड्स को द्वितीय विश्व युद्ध के समय के 1000 किलोग्राम के बम ले जाने के लिए संशोधित किया गया था, विशेष रूप से अजीत विमान पर भंडारण के लिए।

मिराज-2000 विमानों ने तत्काल संशोधन करने के बाद पहली बार इन बमों का इस्तेमाल किया। कथित तौर पर भारतीय वायुसेना ने हथियार-प्रभाव वाले क्षेत्रों को चुना, जो डोमिनोज़ प्रभाव को ट्रिगर कर सकते हैं, जिससे हिमस्खलन या भूस्खलन हो सकता है। उच्च ऊंचाई पर रॉकेट और हथियारों के लिए फायरिंग सीमा निर्धारित करने के लिए, दुश्मन की किलेबंदी की ऊंचाई से मिलते-जुलते विशिष्ट पर्वत शिखरों को निर्धारित करने के लिए एक सावधानीपूर्वक प्रक्रिया की आवश्यकता होती है। ऐसी स्थितियों में वास्तविक समय पर शूटिंग परीक्षण करने से इन हथियारों की दक्षता को बढ़ाने और बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण डेटा प्राप्त करने में मदद मिलती है।

मिराज-2000 लड़ाकू विमानों द्वारा छोड़े गए गोला-बारूद को निर्देशित करने के लिए मिग-29 विमानों पर स्थापित लेजर डिज़ाइनर का उपयोग करना एक अविश्वसनीय उपलब्धि थी। इस अभिनव पद्धति का उपयोग करके, प्रभावों की सटीकता और दक्षता में काफी सुधार हुआ।

मिराज-2000 विमानों को लाइटनिंग पॉड्स से सुसज्जित किया गया था, जो लक्ष्य का पता लगाने में सुधार करते थे और निर्देशित मिसाइलों की सटीक लॉन्चिंग की सुविधा प्रदान करते थे। यह लड़ाकू अभियानों में द्वस्न द्वारा अत्याधुनिक लक्ष्यीकरण तकनीक की पहली तैनाती थी।

कारगिल युद्ध में हवाई अभियानों के दौरान, सटीक हमलों की क्षमताओं ने वायू सेना को संपार्श्विक क्षति की मात्रा को कम करने और शत्रुतापूर्ण ठिकानों को बेअसर करने में मदद की। वायु शक्ति के कुशल उपयोग ने अधिक हताहतों को टाला है और युद्ध के मैदान पर भारतीय सेना की अवधि को काफी कम कर दिया है। कारगिल अभियान की गहन समझ एयरोस्पेस शक्ति में भारत के बदलते स्वरूप को समझने के लिए महत्वपूर्ण है। यह युद्ध अत्यंत पहाड़ी क्षेत्रों में संयुक्त मुठभेड़ों में वायुशक्ति के उपयोग का विश्लेषण करने के लिए एक असाधारण केस स्टडी के रूप में कार्य करता है।

## आप की बात

### जाति-केन्द्रित विमर्श

**आज** देश का समग्र राजनीतिक चिन्तन और विमर्श सम्प्रदाय और जाति केन्द्रित हो गया है। इस महामारी की नींव उन्हीं विपक्षी दलों ने रखी है जिन्होंने संसद में जाति पूंछने पर हंगामा खड़ा कर रखा है। इस जातिवाद को समाप्त करने के लिए महर्षि दयानन्द सरस्वती और डॉ अम्बेडकर जैसे महापुरुषों ने प्राणपण से अपना सारा जीवन लगा दिया। इसी दोष के चलते महान व गौरवशाली सनातन समाज मध्यकाल में कमजोर हुआ और देश को सैंकड़ो वर्षों तक विदेशियों की दासता सहनी पड़ी। हमने अतीत से भी कुछ नहीं सीखा। जो राहुल गांधी पिछले 10 वर्षों से देश के इस कोने से उस कोने तक जाति आधारित जनगणना की अलख जगा रहे हैं और जाति पूछते कैमरे पर कई बार रिकार्ड हुए हैं। लेकिन जब संसद में अनुराग ठाकुर ने बिना नाम लिए अपनी बात रखी तो उन्होंने हंगामा खड़ा कर दिया। जब जाति जनगणना वाले राहुल गांधी के घर जाएंगे तब भी तो वे राहुल से जाति पूछेंगे और उन्हें बतानी होगी। प्रश्न है कि जाति पूछना बाहर वैध और संसद में अवैध कैसे हो सकता है? सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के बाद तो विभिन्न जातियों की उप-जातियों में भी टकराव जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। ऐसे में जातिवाद कैसे समाप्त होगा और जाति-विहीन समाज कैसे बनेगा?

– **नरेन्द्र टोंक,** मेरठ

### प्राकृतिक आपदायें

**केरल** के वायनाड में इन दिनों भूस्खलन की वजह से तबाही का मंजर बना हुआ है। लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 200 पार हो गई है और कई लोग लापता हैं। केरल, हिमाचल और उत्तराखंड पर्यावरण सेंसिटिव क्षेत्र हैं। लेकिन इसके बावजूद यहां पर बड़ी तादाद में निर्माण गतिविधियां कई वर्षों से चालू है जिनमें पर्यटकों के लिए बड़े होटल, सड़कें, सुरंगें आदि शामिल हैं। इनके लिए बड़े पैमाने पर पहाड़ों की खुदाई हो रही है और बड़ी संख्या में पेड़ काटे गए हैं। गत 7 दशकों में सिर्फ केरल में 65 प्रतिशत वन गायब हो गए हैं और अभी भी पेड़ों की कटाई जारी है। नए वृक्ष लगाने पर उनके विकसित होने में 10 वर्ष से अधिक समय लगता है, फ्रि भी वे पुराने घने जंगलों और विशाल पेड़ों जितने मजबूत नहीं होते। जिसके चलते पहाड़ी भूमि कमजोर होती जा रही है। मानवीय गतिविधियों और पर्यटन सुविधायें बढ़ाने के बावजूद इनका निर्माण इस प्रकार किया जाए कि उस क्षेत्र की मिट्टी का कटाव ना हो और इकोसिस्टम मजबूत बना रहे। प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए विकास और पर्यावरण संरक्षण में संतुलन जरूरी है। गांधीजी का कथन याद रखें कि प्रकृति के पास सबके लिए सब कुछ है, पर किसी के लालच के लिए कुछ नहीं।

– **सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### भ्रष्टाचार का प्रकोप

**विपक्ष** ने कहा कि अंदर नए संसद की छत लीक हो रही है और संसद के बाहर पेपर लीक हो रहे हैं। लेकिन आरोप लगाने वाले स्वयं भ्रष्टाचार में गले तक डूबे रहे हैं। इंडिया नामक विपक्षी ।गठबंधन की अधिकाँश पार्टियां केंद्र अथवा राज्यों में लम्बे समय तक सत्तारूढ़ रही हैं। कुछ पार्टियों को भ्रष्टाचार के कारण सत्ता से हाथ धोना पड़ा। बिहार में लालू प्रसाद यादव की पार्टी राजद, दिल्ली में केजरीवाल की आप व अन्य पार्टियां भ्रष्टाचार का पर्याय बन गई हैं। ऐसा लगता है कि भ्रष्टाचार पूरी व्यवस्था में घुन की तरह लग गया है। लेकिन विडंबना है कि हर पार्टी स्वयं को दूसरे की तुलना में ज्यादा ईमानदार और दूसरे को भ्रष्ट ठहराने में ही समय बरबाद करती है, जबकि भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति जरूरी है। जब तक संकुचित व दलगत राजनीति से ऊपर उठकर भ्रष्टाचार-उन्मूलन के प्रयास नहीं होते तब तक यह बना रहेगा और फलता-फूलता रहेगा। विडंबना है कि आज अनेक पार्टियां अपने नेताओं के भ्रष्टाचार आरोपों में जेल जाने और सुप्रीम कोर्ट से भी राहत न मिलने के बावजूद उनको सर्वशुद्ध तथा उनके खिलाफ कार्रवाई को बदले की भावना बताती हैं। इस संकुचित दृष्टिकोण से भ्रष्टाचार कभी समाप्त नहीं होगा।

**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### सराहनीय निर्णय

**शिक्षा मंत्रालय** ने हाल में एक आदेश जारी किया है जिसमें देश के सभी स्कूलों में 10 दिन तक बच्चों को बैगलेस यानी बिना बैग के स्कूल जाना होगा। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों के बस्ते का बोझ कम करने की मांग होती रही है जो अब जाकर फ्लीभूत होती नजर आ रही है। इस आदेश के अनुसार बैगलेस वाले दिनों में बच्चों को विभिन्न स्थानों जैसे पंचायत, ऑफ्सि, गांव, बैंक, पार्क और विभिन्न तरह के शिक्षा संस्थानों में ले जाया जाएगा। वहां उन्हें विभिन्न तरह की जानकारियां मिलेगी। इससे उनका बौद्धिक विकास होगा। इसके अलावा उन्हें खिलाड़ियों, डिजाइनरों और अपने क्षेत्र के दिग्गज लोगों से मिलवाया जाएगा। इससे बच्चे न केवल खुश होंगे बल्कि निश्चित रूप से उनसे प्रेरणा भी ले सकेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान परिषद द्वारा इस संदर्भ में उठाया गया यह कदम वास्तव में ऐतिहासिक और सराहनीय है। इसके साथ ही बच्चों की शिक्षा को मनोरंजक बनाने तथा प्राथमिक कक्षाओं में शारीरिक दंड न देने की संस्तुतियां की जाती रही हैं। विडंबना है कि ऐसी अनेक चीजें जमीन तक नहीं पहुंचती हैं।

–**अंकित सोनी,** मनावर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# आपदा में सुरक्षा व सहायता के लिए सरकार प्रतिबद्धः योगी

● मुख्यमंत्री ने कुशीनगर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

● कहा, बाढ़ प्रभावित एक-एक नागरिक की सहायता के लिए 24 घंटे डटी है डबल इंजन सरकार



**लखनऊ/कुशीनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जिले में नारायणी और गंडक नदी के बाढ़ से बचाव के लिए बीते सात साल में बड़े स्तर पर प्रयास किये गये हैं। करीब 600 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च करते हुए बाढ़ से बचाव के विभिन्न प्रबंध करने का ही परिणाम है कि 83 गांव की 1,16,000 की आबादी और 20 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि सुरक्षित हुई है। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि वह नारायणी नदी पर पक्का पुल बनाने के लिए सर्वे का काम जल्द से जल्द शुरू करें। उन्होंने कहा कि नारायणी के उस पार करीब 20 हजार की आबादी को इस पुल से बहुत फायदा मिलेगा, ऐसे में बाढ़ का पानी उतरते ही नदी पर कहां पुल बनाया जाना है, इसका सर्वे कराकर रिपोर्ट शासन को भेजी जाए। उन्होंने कहा कि आपदा में सरकार 24 घंटे अपने नागरिकों की सहायता और सुरक्षा के लिए खड़ी है।

मुख्यमंत्री ने रविवार को जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम सभा तुर्कहा में बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात की और राहत सामग्री का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने इससे पहले भैंसहां-छितौनी तटबंध का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और विद्यार्थियों में टैबलेट वितरित किया। साथ ही बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया। साथ ही टॉफी देकर उनको दुलार किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 7 साल में समय पर बाढ़ से बचाव के उपाय करने का परिणाम है कि बड़े पैमाने पर जनधन की हानि को रोकने में मदद मिली है। अकेले कुशीनगर में करीब 3 लाख की आबादी को बाढ़ से बचाने में भी मदद मिली। इसी का परिणाम हे कि न केवल हम यहां सुरक्षित और निश्चिंत हैं, बल्कि प्रदेश के अन्य जनपदों में भी बाढ़ से बचाव को लेकर कार्य हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशीनगर हिमालय की तलहटी में होने के कारण यहां नदी का करंट यहां बहुत तेज होता है, फिर भी यहां काफी राहत है। सात साल पहले छितौनी तटबंध पर जो लोग काम करते थे उनकी निर्मम हत्या होती थी। इस क्षेत्र में माफिया हावी थे, सूर्य अस्त के बाद लोग आना जाना बंद कर देते थे। आज आतंक, अराजकता और गुंडागर्दी का अंत हो गया है। सीएम योगी ने कहा कि महात्मा बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली के रूप में पूरी दुनिया इसे शांति की भूमि के रूप में देखती है। इसे दुनिया की आस्था का केंद्र बनाने के लिए सरकार की ओर से लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। कभी यहां के बच्चे इन्सेफेलाइटिस से प्रभावित होते थे। आज इस बीमारी को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। कुशीनगर में आज मेडिकल कॉलेज बन रहा है। कृषि की आधुनिक तकनीक यहां के लोगों को मिल सके, इसके लिए नया कृषि विश्वविद्यालय कुशीनगर को उपलब्ध कराया गया है। यहां इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण भी कर दिया गया है। कुशीनगर की सड़कों पहले ऐसी थीं कि पता ही नहीं लगता था कि सड़क है या गड्ढा। मुख्यमंत्री ने बताया कि बीते सात से नौ जुलाई के बीच जब नेपाल में भारी बारिश हुई थी, तब गंडक और नारायणी में लगभग साढ़े 4 लाख क्यूसेक वाटर छोड़ा गया था। सामान्यतः यह 12 से 20 हजार क्यूसेक ही रहता है, इसके बावजूद यहां के तटबंध डटे रहे। ये बताता है कि काम सही हुआ है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों ने उसपार के गांवों के बारे में चिंता व्यक्त की है। बताया गया है कि नारायणी नदी पर पक्का पुल बनना चाहिए। यहां 15-20 हजार की आबादी रहती है। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी उमेश मिश्रा को निर्देशित करते हुए कहा कि पीएम गति-शक्ति के माध्यम से पुल का सही लोकेशन देखा जाए, जिससे लोगों को फायदा हो। बरसात समाप्त होने के बाद सर्वे का कार्य शुरू कर दिया जाए। सीएम योगी ने कहा कि छितौनी-भैंसहां तटबंध के पिच के कार्य को भी तेज गति से आगे बढ़ाया जाए, जिससे आवागमन में आराम हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आपके सुख में आपके साथ सुखी होना चाहती है, मगर आपको कभी दुख न उठाना पड़े, सरकार इसके लिए समय से उपाय करती है, फिर भी आपदा आती है तो सरकार आपकी मदद के लिए प्रभावी कदम उठाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां मुसहर जाति की बड़ी आबादी रहती है। हमने इन्हें जमीन का पट्टा, आवास, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड दिया। इसके अलावा वृद्धा पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांगजन पेशन देने का कार्य हुआ है। आपको कोई परेशानी न हो, आपकी हर समस्या के समधान के लिए ये सरकार हमेशा आपके साथ खड़ी है। बाढ़ प्रभावित हर व्यक्ति की सुरक्षा और सहायता के लिए सरकार 24 घंटे खड़ी है।

# भाजपा प्रतिनिधिमंडल अयोध्या बलात्कार पीड़िता के परिजनों से मिला

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में सामूहिक बलात्कार की शिकार नाबालिग लड़की के परिजनों से मिलने के लिए भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को अयोध्या पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा के राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद तथा संगीता बलवंत बिंद और राज्य के पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप शामिल थे। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने इस घटना के संबंध में परिवार से विस्तृत जानकारी भी जुटाई। बाबूराम निषाद ने इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए पीटीआई-भाषा से कहा, हमने बलात्कार पीड़िता की मां और उसके परिवार के अन्य लोगों से बात की और घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटाई। सरकार की तरफ से जो भी कार्रवाई होनी है, वह की जा रही है। हमने आरोपी मोइद खान के बारे में अन्य जानकारियां भी जुटाई हैं। हम इसकी तह तक जाएंगे और जांच करेंगे। निषाद ने कहा, इस घटना की रिपोर्ट भाजपा के ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लक्ष्मण को सौंपी जाएगी। बलात्कार पीड़िता का परिवार आरोपी के खिलाफ सरकार द्वारा की गई कार्रवाई से संतुष्ट है। पुलिस ने 30 जुलाई को एक नाबालिग लड़की से बलात्कार के मामले में अयोध्या जिले के भदरसा में बेकरी चलाने वाले मोइद खान और उसके कर्मचारी राजू खान को गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक, मोइद खान और राजू खान ने दो महीने पहले लड़की से बलात्कार किया था और इस कृत्य को रिकॉर्ड भी किया था। चिकित्सा जांच में लड़की के गर्भवती पाए जाने के बाद यह घटना सामने आई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आरोप लगाया है कि मोइद खान समाजवादी पार्टी का सदस्य है और फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद की टीम का हिस्सा है। आदित्यनाथ ने पिछले बृहस्पतिवार को विधानसभा में कहा था, यह अयोध्या का मामला है। मोइद खान सपा से है और अयोध्या के सांसद की टीम का सदस्य है। उसे 12 साल की बच्ची के साथ बलात्कार में शामिल पाया गया है। समाजवादी पार्टी ने उसके खिलाफ कोई कार्वाई नहीं की है। अयोध्या जिला प्रशासन ने शनिवार को मोइद खान की बेकरी को ध्वस्त कर दिया था।

## दोषियों को ऐसी सजा मिलेगी कि उनकी पुश्ते भी याद रखेंगी : बृजेश पाठक



**बलिया।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने रविवार को कहा कि अयोध्या के बलात्कार मामले के दोषियों को इतनी कड़ी सजा मिलेगी कि उनकी आने वाली पुश्तें भी याद रखेंगी। पाठक ने इस मामले में पीड़िता का डीएनए और नार्को परीक्षण कराने की मांग करने वाले मुख्य विपक्षी दल सपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सपा के डीएनए में गुंडई और अराजकता है, हत्यारों और बलात्कारियों को संरक्षण देना सपा की पुरानी आदत रही है। पाठक ने जिले के बांसडीह में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत के दौरान सपा द्वारा अयोध्या के बलात्कार मामले में डीएनए और नार्को टेस्ट की मांग पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। उनकी आने वाली पुश्तें भी याद रखेगी इतनी कड़ी सजा मिलेगी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, हत्यारों और बलात्कारियों को संरक्षण देना सपा की पुरानी आदत रही है। जब-जब सपा को ताकत मिलती है वह गुंडों और माफियाओं के साथ खड़ी दिखाई देती है। सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी पार्टी के सारे नेता अपराधियों के बलबूते सरकार बनाने का प्रयास करते रहे हैं, जो कभी सफल नहीं होगा। पाठक ने कहा कि अयोध्या में पीड़िता के साथ सरकार खड़ी है और अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्वाई हो रही है। उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पूरे उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के बाद सपा के लोग कहर बरपाने का काम भोली-भाली जनता पर कर रहे हैं। सपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। पुलिस ने 30 जुलाई को एक नाबालिग लड़की से बलात्कार के मामले में अयोध्या जिले के भदरसा में बेकरी चलाने वाले मोइद खान और उसके कर्मचारी राजू खान को गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक, मोइद खान और राजू खान ने दो महीने पहले लड़की से बलात्कार किया था और इस कृत्य को रिकॉर्ड भी किया था। चिकित्सा जांच में लड़की के गर्भवती पाए जाने के बाद यह घटना सामने आई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आरोप लगाया है कि खान समाजवादी पार्टी का सदस्य है और फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद की टीम का हिस्सा है। आदित्यनाथ ने पिछले बृहस्पतिवार को विधानसभा में कहा था, यह अयोध्या का मामला है। मोइद खान सपा से हैं और अयोध्या के सांसद की टीम के सदस्य हैं। उन्हें 12 साल की बच्ची के बलात्कार में शामिल पाया गया है। सपा ने उनके खिलाफ कोई कार्वाई नहीं की है। अयोध्या जिला प्रशासन ने शनिवार को मोइद खान की बेकरी को ध्वस्त कर दिया था।

## अखिलेश यादव ने अदालत से स्वतः संज्ञान लेने का किया आग्रह



**लखनऊ।** सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को अदालत से अनुरोध किया कि वह अयोध्या में नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए इसका स्वत: संज्ञान ले तथा अपनी निगरानी में दुष्कर्म पीड़िता की सुरक्षा सुनिश्चित कराए। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के मोहरा अखिलेश यादव इस मामले में न्यायालय की बात कर गुमराह न करें। उन्होंने एक्स पर लिखा, बलात्कार पीड़िता के लिए सरकार अच्छे-से-अच्छा चिकित्सीय प्रबंध कराए। बालिका के जीवन की रक्षा की जिम्मेदारी सरकार की है। इससे पहले, सपा प्रमुख ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था, "माननीय न्यायालय से विनम्र आग्रह है कि वह स्वत: संज्ञान लेकर स्थिति की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए अपने पर्यवेक्षण में पीड़िता की हर संभव सुरक्षा सुनिश्चित करवाए। उन्होंने अपने पोस्ट में किसी का नाम लिए बगैर कहा, "बदनीयत लोगों का इस तरह की घटनाओं का राजनीतिकरण करने का मंसूबा कभी कामयाब नहीं होना चाहिए। अखिलेश ने अयोध्या में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी सपा कार्यकर्ता मोईद खान और उसके नौकर राजू खान का डीएनए परीक्षण कराने की शनिवार को मांग की थी, जिसे लेकर विवाद खड़ा हो गया था। बसपा की प्रमुख मायावती ने अखिलेश के इस बयान पर सवाल किया था कि सपा शासन में ऐसे मामलों में कितने आरोपियों का डीएनए परीक्षण किया गया था। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया था कि अखिलेश ने सपा से जुड़े आरोपी मोइद खान को "क्लीन चिटै दे दी है। अखिलेश ने एक्स पर कहा था, कुकृत्य के मामले में जिन पर भी आरोप लगे हैं, उनका डीएनए टेस्ट कराकर इंसाफ का रास्ता निकाला जाए, न कि केवल आरोप लगाकर सियासत की जाए। जो भी दोषी हो, उसे कानून के हिसाब से पूरी सजा दी जाए, लेकिन अगर डीएनए टेस्ट के बाद आरोप झूठे साबित हों, तो सरकार के संलिप्त अधिकारियों को भी न बख्शा जाए। यही न्याय की मांग है। अन्य सपा नेताओं ने भी मामले में नार्को परीक्षण की मांग की। भाजपा ने इस पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि सपा अपनी "लड़कों से गलती हो जाती है वाली मानसिकता दिखा रही है। इस बीच, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कांग्रेस के मोहरा अखिलेश यादव इस मामले में न्यायालय की बात कर गुमराह न करें। उन्होंने एक्स पर कहा, "कांग्रेस के मोहरा अखिलेश यादव निषाद समाज की पीड़ित बेटी के मामले में (सपा के नारे) पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) को भूलकर न्यायालय की बात कर गुमराह न करें। आपको वोट बैंक के नाराज होने की चिंता है। प्रदेशवासियों को दोषी को दंड, पीड़िता को न्याय दिलाने की अपेक्षा है। सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाएगी। अयोध्या पुलिस ने 30 जुलाई को जिले के पूराकलंदर थाना क्षेत्र के भदरसा नगर में बेकरी चलाने वाले मोइद खान और उसके कर्मचारी राजू खान को 12 साल की बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया कि मोइद और राजू ने दो महीने पहले नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया था और इस कृत्य को रिकॉर्ड भी किया था।

# लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर कार से टकराकर पलटी बस, सात लोगों की मौत, 25 अन्य घायल

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के ऊसराहर थाना क्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर एक डबल डेकर बस के शनिवार देर रात गलत दिशा से आ रही कार से टकराने के बाद खाई में गिर जाने से सात लोगों की मौत हो गई जबकि 25 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने रविवार को संवाददाताओं को बताया कि तीनाचार अगस्त की दरमियानी रात को करीब पौने एक बजे नगालैंड के नंबर वाली एक डबल डेकर बस रायबरेली से दिल्ली जा रही थी, तभी वह रास्ते में इटावा जिले के ऊसराहर थाना क्षेत्र में किलोमीटर संख्या 129 के पास सामने से आ रही कार से टकरा गई। ऐसा बताया जा रहा है कि कार में सवार परिवार राजस्थान के मेहंदीपुर बालाजी में दर्शन के बाद कन्नौज के तालग्राम में अपने घर लौट रहा था। पुलिस अधीक्षक वर्मा के अनुसार, ऐसा प्रतीत होता है कि कार चालक को नींद आ गई और गलत लेन में दाखिल होने के कारण उसकी गाड़ी सामने से आ रही बस से टकरा गई। उन्होंने बताया कि टक्कर से अनियंत्रित हुई बस सड़क के किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरी। वर्मा के मुताबिक, इस हादसे में कार सवार मोनू (25), उसकी मां चंदा देवी (52) और प्रद्युम्न (24) तथा बस सवार ओमप्रकाश (50) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एक अन्य मृतक बस यात्री की पहचान अमेठी जिले के निवासी यासिर अल्वी के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस दो अज्ञात शवों की शिनाख्त की कोशिश कर रही है। वर्मा के अनुसार, हादसे में 25 अन्य लोग घायल हो गए। उन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बस में करीब 60 लोग सवार थे। उन्होंने कहा कि सुरक्षित बचे लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया है। बस में सवार रंजना नाम की एक यात्री ने कहा कि चालक कई बार टोके जाने के बावजूद वाहन चलाते समय लगातार फोन का इस्तेमाल कर रहा था।

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा की कार्यशाला आज

**लखनऊ।** भाजपा हर घर तिरंगा अभियान को लेकर सोमवार 5 अगस्त को राजधानी लखनऊ में कार्यशाला आयोजित करेगी। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह अभियान के संदर्भ में विस्तृत चर्चा कर उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों का मार्गदर्शन करेंगे। हर घर तिरंगा अभियान के संयोजक पार्टी के प्रदेश महामंत्री श्री अनूप गुप्ता व अभियान की प्रदेश टीम में प्रदेश मंत्री श्री शंकर गिरि, श्री विजय शिवहरे, श्री बसंत त्यागी व प्रदेश प्रवक्ता श्री समीर सिंह को सदस्य बनाया गया है। हर घर तिरंगा अभियान के संदर्भ में सोमवार को होने वाली प्रदेशस्तरीय कार्यशाला में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रभारी, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष व हर घर तिरंगा अभियान के क्षेत्र व जिलों के संयोजको सहित अन्य प्रमुख पार्टी पदाधिकारी सम्मिलित होगें।

## मेनका गांधी की याचिका पर आज होगी सुनवाई

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** भाजपा नेता मेनका गांधी की याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में सुनवाई होगी। इस याचिका में सुल्तानपुर से निर्वाचित सपा सांसद राम भुआल निषाद के निर्वाचन को चुनौती दी है। जस्टिस राजन रॉय की एकल पीठ के समक्ष मेनका गांधी की इस याचिका को सूचीबद्ध किया गया है। 27 जुलाई को यह याचिका दाखिल की गई थी। उनके वकील प्रशांत सिंह अटल ने बताया है कि इस याचिका में अन्य पहलुओं के साथ-साथ मुख्य रूप से यह आधार लिया गया है कि राम भुआल निषाद ने नामांकन के समय दाखिल शपथ पत्र में अपने आपराधिक इतिहास से संबंधित जानकारियां छिपाई हैं। राम भुआल निषाद पर 12 आपराधिक मुकदमे चल रहे हैं। जबकि उन्होंने अपने शपथ पत्र में सिर्फ आठ मुकदमों की ही जानकारी दी है। गोरखपुर के पिपराइच थाने के एक व बडहलगंज थाने के दो तथा देवरिया के मदनपुर थाने के एक आपराधिक मुकदमों की जानकारी राम भुआल निषाद ने छिपाई है। याचिका में राम भुआल निषाद का निर्वाचन निरस्त कर मेनका गांधी को निर्वाचित घोषित करने की मांग की गई है।

## सपा प्रतिनिधि मण्डल आज जाएगा कन्नौज

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल 05 अगस्त सोमवार को जनपद कन्नौज जायेगा। कन्नौज विधान सभा क्षेत्र सदर के ग्राम कछपुरवा निवासी दलित छात्रा सुबह विद्यालय के लिए निकली थी परन्तु शाम तक घर नहीं पहुंची जब छानवीन की गई तो अगले दिन सुबह गॉव के बाहर खेत में पेड़ पर लटका हुआ शव मिला जिसकी जांच एवं जानकारी तथा शोकाकुल परिवार से मिलने हेतु प्रतिनिधि मण्डल ग्राम कछपुरवा जनपद कन्नौज पहुंचेगा। प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यगण हैं मो. कलीम खान जिलाध्यक्ष सपा कन्नौज, चन्द्रशेखर चौधरी प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ उप्र, कल्याण सिंह दोहरे पूर्व विधायक, बउअन तिवारी पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद कन्नौज, कुक्कू चौहान पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद तिर्वा, यश दोहरे वरिष्ठ नेता समाजवादी पार्टी कन्नौज, सुश्री सुषमा दोहरे प्रदेश महासचिव समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, अंशु पाल जिलाध्यक्ष समाजवादी लोहिया वाहिनी कन्नौज, प्रवेन्द्र दिवाकर जिलाध्यक्ष समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, शकील अहमद जिला प्रवक्ता समाजवादी पार्टी, शशिमा सिंह दोहरे प्रदेश महासचिव समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ एवं अनिल पाल पूर्व प्रत्याशी।

### सपा मुखिया ने व्यक्त किया दुख

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इटावा के पास लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 6 लोगों की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया है। अखिलेश यादव ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सरकार से पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग की।

# जनता कांग्रेस की ओर देख रही है इसका लाभ उठाना चाहिएः अजय राय




**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के समस्त फ्रंटल विभाग एवं प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों/चेयरमैनों की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित कांग्रेसजनों ने संगठन को धार देने के लिए अपने-अपने सुझाव नेतृत्व के समक्ष प्रस्तुत किये। बैठक में नवनिर्वाचित सांसद तनुज पुनिया, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष तथा कांग्रेस फ्रंटल, विभाग एवं प्रकोष्ठों के प्रभारी श्री विश्वविजय सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि हम सभी की मंशा संगठन को मजबूत करने की होनी चाहिए और यह तभी संभव है कि जब हम आपस में सामंजस्य बनाकर काम करेंगे। हमारे नेता राहुल गांधी के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है इसका हम सभी को लाभ उठाना चाहिए। राय ने कहा कि आप सभी लोग जनपदों में जाये वहां होने वाले कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। महिलाओं के प्रति अत्याचार के मामलों को प्रमुखता से उठाया जाये। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महंगाई तथा बेरोजागारी के मुद्दे को उठाया जाये। आज जनता आपकी ओर देख रही है हमें इसका लाभ उठाना चाहिए अगर अब हम चूक गये तो समय हमारे हाथ से निकल जायेगा और इसके लिए जनता आपको माफ नहीं कर पायेंगे।

बैठक में विशेष रूप से जननायक श्री राहुल गांधी जी के जन्मदिवस पर कांग्रेस पार्टी द्वारा शुरू किये राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान के तहत फ्रंटल विभाग एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों द्वारा अब तक कितना वृक्षारोपण किया गया इसकी भी विस्तृत समीक्षा हुई।

बैठक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ. सीपी राय, सेवादल के मुख्य संगठक डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय, राजेश सिंह काली, महिला कांग्रेस मध्यजोन की अध्यक्ष ममता चौधरी, अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष आलोक प्रसाद, मध्यजोन अध्यक्ष तनुज पुनिया, अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस के चेयरमैन शाहनवाज आलम, पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन मनोज यादव, वार रूम के सदस्य संजय दीक्षित, संजय सिंह, अनामिका यादव, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अंकित तिवारी, दीपक शिवहरे, एनएसयूआई मध्यजोन के अध्यक्ष अनस रहमान, चिकित्सा प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ0 जियाराम वर्मा, डॉ. रिर्चा शर्मा कौशिक, आरटीआई प्रकोष्ठ के चेयरमैन पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, अनीस अंसारी, पूर्व सैनिक विभाग के वाइस चेयरमैन सुभाष मिश्र, किसान कांग्रेस के चेयरमैन जगदीश सिंह, शिवनारायण सिंह परिहार, सोशल आउटरीच के प्रदेश संयोजक विक्रम पाण्डेय, विचार विभाग के चेयरमैन सम्पूर्णानंद मिश्रा, कृपाशंकर मिश्रा, जितेन्द्र वर्मा, तीर्थराज मिश्रा, सदफ जाफर, विधि विभाग के चेयरमैन नितिन कुमार मिश्रा, कैप्टन वंशीधर मिश्रा, राजू सैनी, अशोक सिंह, नरेन्द्र दत्त त्रिपाठी, कृपाशंकर मिश्रा, सहित समस्त फ्रन्टल, विभाग एवं प्रकोष्ठ के अध्यक्ष/चेयरमैनों ने अपने सुझाव दिये।

# राम मंदिर के जरिए साकार हो रहा गोरक्षपीठ का सपना, भूमि पूजन की चौथी वर्षगांठ आज





**लखनऊ।** यह सच का दस्तावेज होता है। ऐसा प्रमाणिक दस्तावेज जिसे कभी झुठलाया नहीं जा सकता। अयोध्या में रामलला की जन्मभूमि पर बन रहे भव्य राम मंदिर के बाबत भी यही सच है। इस बाबत हुए करीब 500 वर्षों के संघर्षों और आंदोलनों का जब भी जिक्र होगा तब पिछले सौ वर्षों में गोरखपुर स्थित गोरक्षपीठ की केंद्रीय भूमिका का जिक्र भी अनिवार्य रूप से होगा। एक ऐसा आंदोलन जिसने जिसने देश के समाज और राजनीति पर बहुत गहरा और व्यापक असर डाला। जंगे आजादी के बाद इतने व्यापक असर वाला सबसे बड़ा आंदोलन। ऐसा आंदोलन जिसने हमारी संस्कृति, परंपरा और अतीत को नई पहचान दी। जिसने देश दुनियां के करोड़ों रामभक्तों को आत्मगौरव की अनुभूति कराई। उस आंदोलन के सौ वर्षों के दौरान गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वरों की केंद्रीय भूमिका रही।

इस एक सदी के दौरान पीठ की तीन पीढियां बदल गईं, पर हर बदलाव के साथ राम मंदिर के प्रति संकल्प और मजबूत होता गया। इस समयावधि में जब भी राममंदिर को लेकर कोई महत्वपूर्ण घटना हुई योगी जी के दादा गुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजय नाथ से लेकर उनके गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ अयोध्या में मौजूद रहे।

यह कितना सुखद संयोग रहा कि सुप्रीमकोर्ट के फैसले के बाद जब करीब 500 वर्ष पुराना यह विवाद खत्म हुआ और मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन हुआ उस समय गोरक्षपीठ के वर्तमान पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ही उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री थे। इतिहास में ऐसी मिसालें अपवाद हैं कि किसी संस्था या संप्रदाय की दो पीढ़ियों ने करीब 100 साल से जिस मुद्दे को लेकर विषम परिस्थितियों में भी बिना रुके, बिना डिगे, बिना झुके लगातार संघर्ष किया हो, उसकी तीसरी पीढ़ी अपने पूर्वजों के उस सपने को साकार कर रही हो। अगर हम मंदिर आंदोलन पर एक नजर डालें तो इसमें गोरक्षपीठ की केंद्रीय भूमिका का पता चलता है। मसलन पिछले करीब तीन दशकों से योगी आदित्यनाथ ने यह साबित किया कि वह अयोध्या के हैं और अयोध्या उनकी। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी उन्होंने अयोध्या से अपने लगाव को यथावत रखा। वह अयोध्या, जिसके नाम से ही विपक्ष को करंट लगता था। जो लोग अपने मर्यादा पुरुषोत्तम को ही काल्पनिक मानते थे, उनकी अयोध्या योगी के लिए सर्वोपरि रही है। दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद उनकी पहली यात्रा अयोध्या की ही रही। अभी 1 अगस्त को भी वह अयोध्या गये थे। हुनमान गढ़ी और रामलला के दर्शन बाद उन्होंने राम मंदिर निर्माण का भी जायजा लिया। पहली बार उन्होंने अयोध्या में कैबिनेट की बैठक की। दीपोत्सव की परंपरा शुरू कर अयोध्या की देश दुनियां में जबर्दस्त ब्रांडिंग की। राम मंदिर के बाबत सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद राम मंदिर न बनने तक रामलला को टेंट से हटाकर चांदी के सिंहासन पर एक अस्थाई ढांचे में ले जाने का काम योगी ने ही किया था।

गोरक्षपीठ को केंद्र में रखकर राम मंदिर आंदोलन के इतिहास पर गौर करें तो पता चलेगा कि देश की जंग-ए-आजादी और आजादी के तुरंत बाद के वर्षों में जब हिंदू और हिंदुत्व की बात करना भी गुनाह था, तब योगी आदित्यनाथ के दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ ने गोरक्षपीठाधीश्वर और सांसद के रूप में हिंदू- हिंदुत्व की बात को पुरजोर तरीके से उठाया। न सिर्फ उठाया बल्कि राम मंदिर आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई। सच तो यह है कि करीब 500 वर्षों से राम मंदिर के आंदोलन 1934 से 1949 के दौरान आंदोलन चलाकर एक बेहद मजबूत बुनियाद और आधार देने का काम महंत दिग्विजयनाथ ने ही किया था। दिसंबर 1949 में अयोध्या में रामलला के प्रकटीकरण के समय वह वहीं मौजूद थे।

### मंदिर आंदोलन के शीर्ष नेता थे योगी के गुरुदेव

उसके बाद तो यह सिलसिला ही चल निकला। नब्बे के दशक में जब राम मंदिर आंदोलन चरम पर था तब भी गोरक्षपीठ की ही केंद्रीय भूमिका रही। मंदिर आंदोलन से जुड़े सभी शीर्षस्थ लोगों अशोक सिंघल, विनय कटियार, महंत परमहंस रामचंद्र दास, उमा भारती, रामविलास वेदांती आदि का लगातर पीठ में आना-जाना लगा रहता था। उनकी इस बाबत तब के गोरक्षपीठाधीश्वर ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ ने लंबी गुफ्तगू होती थी। यही नहीं 1984 में शुरु रामजन्म भूमि मुक्ति आंदोलन के शीर्षस्थ नेताओं में शुमार महंत अवेद्यनाथ आजीवन श्रीरामजन्म भूमि मुक्ति यज्ञ समिति के अध्यक्ष और रामजन्म भूमि न्यास समिति के सदस्य रहे।

बतौर उत्तराधिकारी महंत अवेद्यनाथ के साथ दो दशक से लंबा समय गुजारने वाले उत्तर प्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी इस पूरे परिवेश की छाप पड़ी। बतौर सांसद उन्होंने अपने गुरु के सपने को आवाज दी। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी योगी ने साबित किया कि अयोध्या उनकी तब भी अपनी थी और आज भी अपनी।

मालूम हो कि बतौर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जितनी बार गए, अयोध्या को कुछ न कुछ सौगात देकर आए। उनकी मंशा अयोध्या को दुनिया का सबसे खूबसूरत पर्यटन स्थल बनाने की है। इसके अनुरूप ही अयोध्या के कायाकल्प का काम जारी है। मुख्यमंत्री होने के बावजूद अपनी पद की गरिमा का पूरा खयाल रखते हुए कभी राम और रामनगरी से दूरी नहीं बनाई। गुरु के सपनों को अपना बना लिया। नतीजा सबके सामने है। उनके मुख्यमंत्री रहते हुए ही राम मंदिर के पक्ष में देश की शीर्ष अदालत का फैसला आया। देश और दुनिया के करोड़ों रामभक्तों, संतों, धर्माचार्यों की मंशा के अनुसार योगी की मौजूदगी में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन्मभूमि पर भव्य एवं दिव्य राम मंदिर की नींव रखी। युद्ध स्तर इसका निर्माण भी जारी है। उम्मीद है कि 2024 के अंत या 2025 के शुरुआत में रामलला की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर बनकर तैयार भी हो जाएगा।

# गड़बड़ घोटाले में दो पूर्ति निरीक्षकों समेत चार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

संवाददाता। संडीला, हरदोई

**तहसील** संडीला में पूर्ति विभाग की तमाम उपेक्षा और कमाऊ नीति के कारण गरीबों के हक पर सीधे तौर पर डाका डाला जा रहा है। इसी क्रम में तहसील के दो पूर्ति निरीक्षकों और कोटेदारों के विरुद्ध एफ़आईआर भी दर्ज कराई गयी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्ति विभाग के जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण गरीबों को वितरित किए जाने वाले खाद्यान पर खुलेआम डाका डाला जा रहा है। हद तो यह है कि पूर्ति निरीक्षकों के शै पर क्षेत्र में कई अवैध वसूली एजेंट बाकाएदे पूर्ति निरीक्षकों के नाम पर सीधे-सीधे कोटेदारों से वसूली भी की जा रही है। अतरौली में कोटेदार पति ने बाकायदा कोटेदारों से पूर्ति निरीक्षक के नाम पर धनराशि जमा करने और पैसा देने मे ना नुपुर करने पर कोटेदार के विरुद्ध कार्रवाई की धमकियां भी दीं। इसका वीडियो वायरल होने के बाद सारे मामले की जांच की गयी और मामला सही पाया गया।

इस पर जिला पूर्ति अधिकारी ने पूर्ति निरीक्षक मो0 सहलाल, सुमित सिंह, कोटेदार पति अमरपाल तथा एक प्राइवेटकर्मी लवकुश के विरुद्ध कार्रवाई की रिपोर्ट जिलाधिकारी को दी। इसी रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी ने सभी दोषी पाए गए लोगों के विरुद्ध एफ़आईआर दर्ज कराने के आदेश दिए। जिलाधिकारी के आदेश पर थाना अतरौली में सभी नामजद व्यक्तियों के विरुद्ध एफ़आईआर दर्ज कर ली गयी है। इसी प्रकार का मामला एक अन्य कोटेदार का भी है। उक्त कोटेदार का कोटा अनियमितताओं के कारण शासन द्वारा निरस्त किए जाने के बाद भी उसपर कृपा बनाई रखी और उसे राशन बराबर उठवाते रहे। इस मामले की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी ने सख्त रवैया अपनाया तथा मामले की जांच कराई और जांच में मामला सही पाए जाने पर पूर्ति निरीक्षक तथा कोटेदार के विरुद्ध एफ़आईआर दर्ज कर ली गयी।

पूर्ति विभाग की कार्य प्रणाली लगातार सवालों के घेरे में है। सबसे बड़ी बात यह है कि राशन कार्ड धारकों को खाद्यान पूरा नहीं मिलता। कम से कम एक यूनिट का खाद्यान कोटेदार नहीं देता। इसी के साथ जितना खाद्यान देता भी है, उसमें भी अच्छी खासी चोरी कर ली जाती है। संडीला के लूमामऊ के कोटेदार का एक वीडियो वायरल हुआ है। इसी वीडियो में कोटेदार तौल कर देने के बजाए बाल्टी से नापकर खाद्यान बांट रहा है और जो व्यक्ति आपत्ति करता भी है, उसे डांट कर चुप करा देता है। विभाग की इस कार्यप्रणाली से लोगों में आक्रोश स्वाभाविक है।

# सेंट जेवियर हाईस्कूल में बच्चों ने निकाली स्वच्छ भारत रैली



**फतेहपुर।** स्थानीय सेंट जेवियर हाईस्कूल में शिक्षारत बच्चों के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ भारत स्वच्छ भारत रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक नीतीश कुमार एवं प्रधानाचार्य डॉ. प्रियंका गुप्ता ने झंडी दिखाकर किया।

रैली का आयोजन सेंट जेवियर्स के गेट से डाक बंगला आबूनगर होते हुए सीओ सिटी कार्यालय एवं रानी कॉलोनी होकर पुनः स्कूल में समाप्त हुई। इसके पूर्व विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों को अपने आसपास के स्थान के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छता बनाए जाने हेतु प्रेरित किया गया। बच्चों को प्लास्टिक के थैले, बोतल आदि न उपयोग करने के लिए कहा गया। साथ ही यह भी कहा गया कि वह दूसरों को भी ऐसा ही करने के लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम में बच्चों द्वारा स्वच्छ भारत-स्वच्छ भारत पर अपनी अभिव्यक्त दी गई तथा संगीत में ड्रामा का आयोजन किया गया। अंत में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य समेत समूचे स्टाफके द्वारा स्वच्छता का संकल्प लिया गया।

# हमीरपुर जिले में पशुधन बीमा योजना से किसानों को नही मिल रहा कोई लाभ

संवाददाता। हमीरपुर

**जिले** में किसानों को पशु बीमा योजना का कोई लाभ नही मिल रहा है। जिले में गाय व भैस पशुधन मिलाकर चार लाख संख्या है मगर बमुश्किल एक हजार पशुओं का ही बीमा कराया गया है। इसके लिये पशु चिकित्सा विभाग की लापरवाही के साथ साथ किसानों में जागरुकता का अभाव बताया जाता है।

जानकारी के मुताबिक शासन के सख्त आदेश है कि ज्यादा से ज्यादा पशुओ का बीमा कराया जाये इसके लिये शासन पशु मूल्य के अनुसार प्रीमियम का 75 फीसदी जमा करता है केवल किसान को पच्चीस फीसदी जमा करना होता है। उसमे भी अनुसूचित जाति के लोगो को केवल दस फीसदी ही प्रीमियम जमा करना होता है।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. अरविंद कुमार का कहना है कि जिले के सभी पशु चिकित्साधिकारियों को पशुओं के बीमा करने के आदेश कर दिये गये है मगर किसान इसमे कोई रुचि नही लेता है। उनका मानना है कि अभी तक ज्यादा से ज्यादा पांच सौ पशुओ का बीमा हुआ होगा। बाकी पशुओं के लिये प्रयास किया जाता ही मगर किसान बीमा कराने से साफ मना कर देता है।

हमीरपुर जिले मे पशु बीमा कराने की जिम्मेदारी नेशनल एंश्योरेंस कंपनी को दी गयी है मगर इनके अधिकार व कर्मचारी भी इस ओर कोई प्रयास नही करते है। यही नही सबसे बड़ी बिडंबना तो यह है कि जिले में सरकारी योजनाओं से खरीदे गये पशुओ की बीमा झांसी से होता है जिससे विभागीय अधिकारी गाय भैस बकरी पालन योजना में किसानो को धन देकर पशु खरीदने के लिये प्रेरित कर देते है मगर बीमा के लिये कोई बातचीत नही करते हैं, क्योकि इसके लिये अधिकारी व किसान को झांसी दौरना पड़ेगा।

इधर पशु बीमा के नोडल अधिकारी डा अमित कुमार का कहना है कि पिछले साल शासन से 549 पशुओ के बीमा करने का आदेश आया था मगर केवल अस्सी फीसदी लक्ष्य पूरा हो पाया है। इस साल दस फीसदी बढ़ाकर लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

उनका मानना है कि गाय की लाइफ करीब बारह साल व भैस की लाइफ करीब पंद्रह साल होती है। बीमारी व दैवीय आपदा से मौत होने पर किसानों को उसका लाभ मिलता है। हालांकि बिजली विभाग व अन्य किसी कारण से दैवीय आपदा से मरने पर शासन मामूली नुकसान की भरपायी करता है यदि पशुओ का बीमा हो जाये तो किसान की काफी हानि को बचाया जा सकता है।

# ऑनलाइन शिकायत पर कार्रवाई कर 95,000 रुपये वापस लौटाए



## ●सायबर सेल की तत्परता से आनलाइन ठगी के शिकार व्यक्ति को मिली राहत

**कानपुर देहात।** साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्री निर्मल कुमार पुत्र श्री ओमकार सिंह निवासी ग्राम लहरापुर थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात के साथ दिनांक 23.07.2024 को साइबर अपराधी द्वारा नौकरी का झांसा देकर साइबर ठगी की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में निर्मल कुमार उपरोक्त ने दिनांक 25.07.2024 को साइबर हेल्पलाइन नं0 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराई जिस पर साइबर सेल थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर अपराधी के मोबाइल नं0 को ब्लॉक करते हुए बैंक अकाउंट को डेबिट फ्रीज कराया गया एवं दिनांक 02.08.2024 शिकायतकर्ता के बैंक खाते में कुल धनराशि 95,000 रुपये वापस कराये गये।

पुलिस/साइबर पुलिस की त्वरित कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने जनपद कानपुर देहात पुलिस का धन्यवाद दिया।

# इंडियन रेडक्रास सोसाइटी की बैठक में मिला सम्मान

## ●50 टीबी मरीजों को लेंगे गोद, बनाएंगे यूथ संगठनः अनुराग

संवाददाता। फतेहपुर





इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की वार्षिक सामान्य बैठक, आजीवन सदस्यता प्रमाण पत्र वितरण व सम्मान समारोह का आयोजन सरदार पटेल प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि व अध्यक्षता जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजीव नयन गिरि, उपनिदेशक युवा कल्याण विभाग झांसी मंडल मनोज कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी सुनील भारती, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ निशात शहाबुद्दीन रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित व रेडक्रॉस के संस्थापक सर हेनरी ड्यूनेंट की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया तत्पश्चात चेयरमैन डा. अनुराग ने मंचासीन अतिथियों को पुष्पगुच्छ, शाल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। चेयरमैन ने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट बताई। बताया कि इस पूरे वर्ष में 316 सेवाकार्य किए गए व आगामी कार्य योजना में प्रमुखता से सभी ब्लॉकों में 50 टीबी मरीजों को गोद लेने व रेडक्रॉस यूथ संगठन बनाने की बात कही। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया। शीघ्र ही रेडक्रॉस के लिए कार्यालय व सेवाकार्यों के लिए आर्थिक सहयोग भी दिलाने की बात कही। सम्मान कार्यक्रम में सर्वप्रथम डीएम, सीडीओ, डॉ. विनय अरोरा, डॉ. तेजमान सिंह, राजेंद्र त्रिवेदी, काली शंकर श्रीवास्तव, मिथिलेश गौड़, डॉ. राजीव रतन शर्मा, मिस्बाहुल हक, डॉ. एसबी सिंह, डॉ. देवाशीष को माल्यार्पण, शाल व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। फिर कार्यकारिणी सदस्यों को सम्मानित किया गया।

मंचासीन अतिथियों ने नरेंद्र सिंह, प्रमोद त्रिपाठी, सीमा बाजपेयी को विशिष्ट सेवा सम्मान, 38 लोगों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान, 76 लोगों को उत्कृष्ट कार्यकर्ता सम्मान साथ ही सभी 212 आजीवन सदस्यों को आजीवन सदस्यता प्रमाण पत्र दिया। अंत मे राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ। इस अवसर पर वॉइस चेयरमैन रजिया सुल्ताना, सचिव अजीत सिंह, कार्यकारिणी सदस्य डॉ विवेक श्रीवास्तव, संजय सिन्हा, स्मिता सिंह, मोहन ज्योति, आजीवन सदस्य बीपी पांडेय, अजय सिंह चौहान, सुधाकर अवस्थी, संजय श्रीवास्तव, रीता सिंह तोमर सहित प्रमुख सहयोगी गोरेलाल, राशिद हुसैन, सुरेश श्रीवास्तव, चैतन्य कुमार व सभी गणमान्य आजीवन सदस्य उपस्थित रहे।

विनोद को मिला उत्कृष्ट सेवा सम्मानः जिलाधिकारी/अध्यक्ष रेडक्रॉस सोसाइटी की अध्यक्षता में प्रेक्षागृह सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सीडीओ पवन कुमार मीना एवं सीएमओ डा. नयन गिरि ने सामाजिक कार्यों के प्रति रेडक्रास सोसाइटी के आजीवन सदस्य व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार श्रीवास्तव को उत्कृष्ट सेवा सम्मान से नवाजा।

## क्विक न्यूज

### युवक का कई दिन पुराना शव बरामद

**संडीला, हरदोई।** थाना अतरौली के अंतर्गत गोमती नदी में एक युवक का शव पाया गया है। शव लगभग कंकाल जैसा हो चुका था। पुलिस ने इस शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भट्पुर के पास बहने वाली गोमती नदी में किनारे पर एक युवक का शव, जो कई दिन पुराना था और कंकाल जैसा हो गया था, लोगों ने देखा। इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। इसी बीच पुलिस को जानकारी मिली कि थाना बर्रा कानपुर का निवासी 25 वर्षीय अभय त्रिपाठी जो उन्नाव में डिजिटल मार्केटिंग का कार्य करता था, वह 25 जुलाई से लापता था। इसकी सूचना पुलिस ने परिजन को दी। परिजन ने शव की पहचान की। युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए संडीला पोस्टमॉर्टम हाउस पर भेजा गया, जहां सीएचसी अधीक्षक डॉ0 शरद वैश्य ने वीडियोग्राफी कराते हुए पोस्टमॉर्टम किया लेकिन पोस्टमॉर्टम में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। उनके अनुसार विसरा सुरक्षित रख लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पत्नी से झगड़ा करने के बाद फांसी लगाकर जान दी

**राठ, हमीरपुर।** पत्नी से झगड़ा करने के बाद युवक ने शराब के नशे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत पर स्वजनों में मातम छाया हुआ है। मझगवां थाने टोला रावत गांव व हालपता चरखारी रोड नई बस्ती निवासी हरीराम ने बताया कि उसका छोटा भाई गनेशी(30) पुत्र धर्मराज अहिरवार ने रविवार की शाम करीब साढ़े चार बजे कमरे में रस्सी से पंखे में फंदा डालकर फांसी लगा ली। जब स्वजनों ने युवक को फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। आनन.फानन में सीएचसी ले गए। जहां डॉ अखिलेश सिंह ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ने बताया कि उसका भाई ई.रिक्शा चलाकर परिवार का भरण.पोषण करता था। रविवार की सुबह शराब के नशे में उसका भाई पत्नी से झगड़ा कर रहा था। उसका भाई आए दिन शराब के नशे में झगड़ा करता था। वह तीन भाई हैं। उसके पिता के नाम 15 बीघा जमीन है। मृतक अपने पीछे एक पुत्र सात वर्षीय समर छोड़ गया है।

### सफाई मजदूर संघ की असोथर इकाई गठित

फतेहपुर। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ की नगर पंचायत असोथर कार्यालय में आयोजित बैठक में नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया। तत्पश्चात कई समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष धीरज कुमार ने शिरकत की। अध्यक्षता कल्लू व संचालन दिनेश बाल्मीकि ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत असोथर नीरज सिंह सेंगर रहे। असोथर नगर पंचायत में कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें कल्लू प्रसाद अध्यक्ष, सर्वेंद्र कुमार महासचिव, झगडू प्रसाद कोषाध्यक्ष, राजेश कुमार उपाध्यक्ष, संदीप कुमार संगठन सचिव, विनोद कुमार कोषाध्यक्ष व दिनेश कुमार प्रचार मंत्री बनाए गए। मुख्य अतिथि ने नवनिर्वाचित कमेटी को आशीर्वाद दिया। कर्मचारियों ने माला पहनकर चेयरमैन का स्वागत किया। बैठक में दिनेश बाल्मीकि धीरज कुमार पूर्व सभासद, सर्वेंद्र कुमार, झगडु प्रसाद, कमलेश कुमार, प्रदीप कुमार, संजय कुमार, रवि, दिनेश कुमार, संजय, संदीप कुमार, लवकेश कुमार, प्रकाश अंबेडकर, मनोज कुमार, जयदेव कुमार, मन्नू कुमार, राजेश कुमार, सरवन, इंद्रजीत, श्रवण कुमार, उपस्थित रहे।

### नई किरण में 48 मामले आये

कानपुर देहात। स्थानीय पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरूआत पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति की अध्यक्षता में की गई । नई किरण में 48 मामले आये, जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझानें के बाद 11 परिवारों में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराया गया। पति-पत्नी खुशी-खुशी साथ रहने को तैयार हो गये, शेष प्रार्थना पत्रों में आगे की तिथि दी गयी । प्रोजेक्ट नई किरण के तहत बिखरे परिवारों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। इस कार्यक्रम में महिला थानाध्यक्ष सुषमा, म0उ0नि0 प्रतिभा वाजपेयी, म0हे0का0 राममूर्ति देवी, म0का0 1282 आरती, म0का0 1228 इन्दू, म0का0 190 प्रियंका गुप्ता व म0का0 1214 रामादेवी, म0का0 345 रागिनी (महिला सहायता प्रकोष्ठ) तथा नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्य गण श्रीमति कंचन मिश्रा व डॉ0 पूनम गुप्ता आदि मौजूद रहे तथा सबका विशेष सहयोग रहा।

### महिला का शव तालाब में उतराता मिला

फर्रुखाबाद। रविवार को तालाब में महिला का शव उतराता मिला। महिला वर्तमान में ईंट भट्टा चौकीदार के पास रह रही थी। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।राजेपुरथाना क्षेत्र के ग्राम बमियारी निवासी महिला 45 वर्षीय शिवानी पत्नी इंद्रपाल कुशवाह का शव रविवार को निविया-दहेलिया के बीच सड़क किनारे तालाब में उतराता मिला।ग्रामीणों नें इसकी जानकारी डायल 112 पुलिस को दी। जिसके बाद सीओ रविन्द्र नाथ राय , थानाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह सोलंकी, अपराध निरीक्षक कामिल खां, उप निरीक्षक राजीव कुमार, उप निरीक्षक अक्षय पुलिस बल के साथ मौके पर पंहुचे और जांच पड़ताल की। मिली जानकारी के मुताबिक मृतका का मायका कमालगंज के भगुआ में है।

### मेधा अलंकरण समारोह के आयोजन पर हुई चर्चा

**फतेहपुर।** पासी कल्याण समिति की एक बैठक सथरियांव स्थित कार्यालय में आयोजित हुई। जिसमें मेधा अलंकरण समारोह के साथ-साथ आगामी 15 अगस्त को झंडारोहण किए जाने पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष बासुदेव पासी ने की। समिति के महासचिव प्रदीप पासवान ने समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों के सम्मुख कई प्रस्ताव रखें। जिसमे 15 अगस्त को समिति के कार्यालय सथरियांव में झंडारोहण करने, समिति का नया खाता बैंक आफमहाराष्ट्र में खुलने व मेंधा अलंकरण समारोह 2024 के आयोजन के विषय में विस्तृत चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि मेधा अलंकरण समारोह में छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इ

### बरसाती पानी के कारण विधातीपुर में जलभराव

**फतेहपुर।** नगर पंचायत असोथर के अधिशाषी अधिकारी एच0पी0 सिंह ने बताया कि नगर के मोहल्ला विधातीपुर में जिस मार्ग पर कीचड़/गंदगी का दावा किया जा रहा है। वहां पर कच्ची सड़क है जिस पर बरसात में भारी वाहनों के आवागमन के फलस्वरूप गड्ढे हो जाने के कारण कीचड़/जलभराव हो गया था। उक्त मार्ग पर निकाय द्वारा ईंट/अद्धा डलवाकर सड़क की मरम्मत कराकर आवागमन सुलभ कर दिया गया है तथा सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में साफसफ़ाई की व्यवस्था सुचारू रूप से कराई जा रही है। बताया कि इसके अलावा नगर क्षेत्र के में संचारी रोगों के रोक-थाम हेतु रोस्टर के अनुसार इन्टीलार्वा, फागिंग आदि छिड़काव के साथ-साथ पी0ए0 सिस्टम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में अधिशाषी अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि नगर पंचायत असोथर में डायरिया से प्रभावित वार्ड विधातीपुर में स्वच्छ पेयजल हेतु टैंकरों से पानी की आपूर्ति की गई। कहा कि ज़रूरत के मुताबिक़ आगे भी पेयजल की आपूर्ति की जायेगी।

### आचार्यकुलम की बैठक में सामूहिक रुद्राभिषेक पर चर्चा

**फतेहपुर।** मोटेमहादेवन मंदिर परिसर में आचार्यकुलम के संस्थापक आचार्य विनोद शुक्ला की मौजूदगी में 12 अगस्त दिन सोमवार को होने वाले सामूहिक रुद्राभिषेक के सम्बन्ध में योजना बैठक सम्पन्न हुई जिसमें आयोजन से संबंधित सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से अचार्यकुलम के जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी, आचार्य रविशंकर मिश्रा, पंकज त्रिवेदी, सुशील तिवारी, अंजू त्रिपाठी, सुनिधि तिवारी, पूनम श्रीवास्तव, आचार्य सर्वेश द्विवेदी, रमेश सिंह, पारसमणि तिवारी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने किया परिवार परामर्श केंद्र का उद्घाटन

संवाददाता। कन्नौज



**पुलिस** अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा महिला थाना परिसर में स्थित परिवार परामर्श केन्द्र का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस दौरान उन्होनें कहा कि ऑपरेशन किरण के अंतर्गत परिवार परामर्श केन्द्र में ऐसे दंपतियों का सुलह समझौता कराया जाता है।

बताया कि जिन दंपत्तियों के बीच मनमुटाव, झगड़ा है और वे काउंसलिंग के लिए तैयार है। पूर्व से ही पुलिस कार्यालय में स्थित परिवार परामर्श केंद्र अच्छा कार्य कर रहा है। इस वर्ष अभी तक 179 परिवारों की काउंसलिंग कर उनके परिवार को टूटने से बचाकर उनकी जिंदगी में रंग भरने का काम परामर्श केन्द्र ने किया है। परिवार परामर्श केन्द्र बेहतर सुविधाओं के साथ शुरू किया गया है। जहां पर आने वाले परिवारों को अच्छा महसूस हो और पुलिसकर्मियों द्वारा उनसे वार्ता कर उनके परिवारों को बिखरने से बचाया जा सके। बताया कि परामर्श केन्द्र में काउंसलर को भी जोड़ा जाएगा जो टूटते रिश्तों को जोड़ने में पुलिसकर्मियों के साथ-साथ अहम योगदान देंगे। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार, क्षेत्राधिकारी तिर्वा डा. प्रियंका वाजपेयी के साथ-साथ अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण व अन्य सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे।

### जेवरात व नगदी सहित युवती को भगा ले गया युवक

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सिलसिले आसनाई एक युवती को युवक दो महिलाओं के सहयोग से जेवरात व नगदी सहित बहला फुसलाकर भगा ले गया। युवती की मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर निवासी महिला द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि रविवार की दोपहर उसकी पुत्री को मोहल्ले का ही एक युवक दो महिलाओं के सहयोग से कहीं बहला फुसलाकर भगा ले गया। महिला ने बताया कि उसकी पुत्री अपने साथ सोने चांदी के जब रात सहित अस्सी हजार रुपए की नगदी भी ले गई है।

## 14 सितंबर को जिला एवं तहसील न्यायालयों में होंगी लोक अदालतें

**फर्रुखाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगामी 14 सितंबर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन जनपदीय एवं तहसील न्यायालयों में होंगे। राज्य सेवा विधिक प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर फर्रुखाबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 14 सितंबर शनिवार 2014 को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन जनपदीय एवं तहसील स्तरीय न्यायालयों में कराने की व्यापक तैयारियां शुरू हो गई। प्रवक्ता ने बताया कि यहां जनपदीय एवं तहसील स्तरीय न्यायालयों में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालतों में विभिन्न प्रकार के मामलों का निर्धारण परस्पर आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने अपील की कि वह अपने विभिन्न न्यायालय एवं विभागों के मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर वाद, दांपत्य विवादों ,एन आई एक्ट विवाद, बैंक वसूली वादों, गण वसूली अभिकरण एव लघु अपराधिक वाद, सुलह समझौते से सुलझाएं।

# 12 घंटे की मशक्कत के बाद नदी में डूबी बच्ची का शव बरामद

**मोहम्मदी खीरी।** अमीर नगर चौकी के अंतर्गत टेढे नाथ मंदिर में पूजा अर्चना व स्नान करने के लिए थाना मितौली की ग्राम मगहा की 7 वर्षीय विनय वर्मा की पुत्री उन्नति गोमती नदी के किनारे नहाने चली गई जो गोमती नदी में डूब गई प्रातः काल 7 बजे से लेकर 5 बजे शाम तक 20 गोताखोरों के माध्यम से बच्ची को ढूंढने का प्रयास किया गया परंतु बच्ची नहीं मिली उसके उपरांत एसडीएम गोला व प्रशासन के अन्य कर्मचारियों द्वारा एनडीआरएफ की टीम लखीमपुर से घटना स्थल पर पहुंची जहां स्थानीय गोताखोर और एनडीआरएफ की टीम ने संयुक्त रूप से बच्ची को ढूंढने का काम शुरू किया बड़ी मशक्कत के बाद 12 घंटे बाद बच्ची का शव गोमती नदी से बरामद किया गया परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल रहा स्थानीय पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु लखीमपुर भेजा जा रहा है घटना के समय से कानूनगो, लेखपाल सहित स्थानीय पुलिस मौके पर रही।

### पालिका अध्यक्ष ने किया बाइक से नगर का निरीक्षण

**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने पालिका कर्मचारियों एवं एस डी ओ विजली विभाग विनीत कुमार वर्मा के साथ नगर के प्रमुख मार्ग जिनमें लखीमपुर रोड,भूतनाथ रोड,अलीगंज रोड और मोहमदी रोड का भ्रमण कर सुरक्षा, प्रकाश तथा सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर जरुरी दिशा निर्देश दिए।भूतनाथ रोड पर लगी दुकानों से अवैध बसूली की सिकायत मिली जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि,गगरीब दुकानदारों का शोषण बिल्कुल बर्दाश्त नही किया जाएगा। इस मौके पर रविन्द्र कटियार, शत्रोहन मिश्रा, सभासद हरिओम वर्मा, धर्मेन्द्र तिवारी टीटू , रज्जन खां,धीरज बाजपेयी, विजय मिश्रा, सुनील मिश्रा, विमलेश वर्मा, अमित श्रीवास्तव, मोहित गिरि, मोहित अवस्थी, आदि मौजूद रहे।

# गंगाजल भरने मोटसाइकिल से आ रहे पांच कांवड़िये घायल

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र मे, शाहजहांपुर जिले से, फर्रुखाबाद गंगा पांचाल घाट से गंगाजल भरने के लिए, एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आरहे तीन कांवड़ियों की अचानक मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो कर खड्ड में गिरने से पांच कांवडिये घायल हो गए। यह जानकारी आज रविवार को पुलिस सूत्रों ने दी कि सावन माह में शुरू कावड़ यात्रा के पुण्यार्थ शाहजहांपुर जिले से कई अलग-अलग मोटर साइकिलों से सवार कावड़िये फर्रुखाबाद गंगा पांचाल घाट से जल भरने के लिए जा रहे थे। कल शनिवार रात्रि करीव 11. 00 बजे बरेली-इटावा हाईवे पर फर्रुखाबाद जिले के राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डबरी के समीप से गुजर रहे थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन कावड़ियों की मोटरसाइकिल अचानक असंतुलित होकर सड़क समीपवर्ती खंडड् में जा गिरने से तीनों कावडिये घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इस सड़क दुर्घटना में घायल कांवड़ियों को चिकित्सा उपचार के लिए फर्रुखाबाद के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचाया । खबर है कि आज रविवार प्रातः करीब 6. 30 बजे यह पांचों कांवड़िये चिकित्सा उपचार कराने के बाद अपने-अपने घर सकुशल चले गए।

### 151 कावड़िये पंडाबाग तक 11 को निकालेंगे कावड़ यात्रा

**फर्रुखाबाद।** पंडा बाग मंदिर में एक बैठक की गई, बैठक का उद्देश्य 11 अगस्त दिन रविवार को अखिल भारत हिंदू महासभा एवं जय भोले बाबा कमेटी द्वारा पांचाल घाट से पांडेश्वर नाथ मंदिर तक निकलने वाली कांवड़ यात्रा की रूपरेखा तैयार की गई जिसमें सर्वसम्मत से सुबह 7. 00 बजे से 8. 00 तक स्नान 8 से 9 बजे तक काबड़ पूजन तत्पश्चात प्रस्थान पांडेश्वर नाथ मंदिर के लिए सभी कांवरिया करेंगे कावड़ चढ़ाने के बाद रामानंद बालिका इंटर कॉलेज में प्रसाद की व्यवस्था की गई है कावड़ यात्रा में 151 कावड़ की व्यवस्था की गई है यदि कांवरिया अधिक होते हैं तो कावड़ और बढ़ाई जाएगी। बैठक के दौरान विमलेश मिश्रा, प्रमोद द्विवेदी, आदि मौजूद रहे।

# अमावस्या पर ओमघाट में हुई गंगा आरती, भक्तों ने किया दीपदान

**फतेहपुर।** गंगा बचाओ सेवा समिति एव नमामि गंगे द्वारा अमावस्या पर ओमघाट में गंगा आरती का आयोजन किया गया। गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल द्वारा आयोजित गंगा आरती में भक्तों ने दीपदान किया। मुख्य यजमान के रूप में समाज कल्याण अधिकारी अवनीश कुमार, समाज कल्याण अधिकारी विकास शालिनी एवं उपायुक्त मनरेगा मुकेश कुमार,अनामिका पटेल मौजूद रहे । गंगा आरती में समाज कल्याण अधिकारी अवनीश कुमार ने कहा कि गंगा नदी में किसी प्रकार का कूड़ा न डाले और जल को गंदा न करें। गंगा आरती में उपयुक्त मनरेगा मुकेश कुमार ने कहा कि हम सब का कर्तव्य मां गंगा को अविरल व निर्मल बनाए रखना एवं नमामि गंगे विभाग द्वारा गंगा को स्वच्छ रखने के लिए जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहे हैं । आचार्य अखिलेश तिवारी ने गंगा आरती में शामिल होने पहुंचे गंगा भक्तों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया।

### वृद्ध महिला को तहसील प्रशासन नहीं दिला रहा न्याय

**खागा, फतेहपुर।** एक बुजुर्ग महिला को गुमराह कर उसकी बेशकीमती जमीन का धोखे से दान पत्र लिखवा लिया। अब वृद्धा न्याय पाने के लिए दर-दर भटक रही है। मामला खखरेरू थाना क्षेत्र के पौली गांव का है। पीड़िता के पुत्र राहुल ने बताया कि उसकी माता ने उस जमीन को अपने आभूषण बेच कर खरीदी थी। वृद्धा प्रयागराज से अपने भाई के यहां आती- जाती थी। वृद्धा को कान से कम सुनाई नही देता है। उसने अपनी खेती अपने भाइयों को बटाई में दे रखी थी। भाइयों ने अपनी बहन से यह कहकर जमीन का दानपत्र करवा लिया कि चलो तहसील में चलकर तुम्हारी वृद्धा पेंशन बनवा देते हैं। वृद्धा से धोखे से जमीन का दानपत्र करवा लिया। जब मामले की जानकारी उसके बेटे राहुल को हुई तो उसने दाखिल खारिज में आपत्ति लगा दी। नायब तहसीलदार के यहां से दाखिल खारिज पर रोक लगा दी गई। जिसके बाद से पीड़िता एसडीएम अजय कुमार पांडेय के यहां कब्जा पाने के लिए चक्कर काट रही है।

# रिटायर्ड फौजी के घर चोरों ने 80 लाख का माल किया पार

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना के सीर गांव में चोरों ने एक बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने अलमारी और बक्सों के ताले तोड़कर घर में रखे सोना-चांदी के जेवरात के साथ ही नकदी पार कर दिया। घटना की जानकारी गृहस्वामी को भोर पहर करीब साढ़े तीन बजे हुई। पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सीर गांव निवासी पीड़ित गृहस्वामी चन्द्रशेखर सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि चोरों ने छत के रास्ते घर के अंदर घुस कर बक्सों और आलमारियों के ताले तोड़ कर 6 लाख नकद, 75 तोला सोना और 5 किलो चांदी के आभूषणों की चोरी की है, जबकि घर सभी सदस्य घर के अंदर ही सो रहे थे। बावजूद इसके शातिर चोर घटना को अंजाम देने में तनिक भी नहीं झिझके। सूचना मिलने पर हुसैनगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और गहराई से छानबीन करते हुए हर पहलू की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी वृंदावन राय ने कहा कि मामले की जांच तेजी से की जा रही है। जल्द ही चोरों को पकड़ने के हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। बताया कि घटना की मिली तहरीर पर अज्ञात चोरों के नाम मुकदमा दर्ज कर शातिर अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए टीम गठित कर दी गई है। ग्रामीणों में इस घटना से दहशत का माहौल है।

### वाराणसी में वैश्य एकता परिषद का अधिवेशन

**फतेहपुर।** अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद की बैठक पीलू तले चौराहा पर युवा जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शरण सिंपल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अध्यक्षता करते हुये शैलेन्द्र शरन सिम्पल ने कहा कि 13 और 14 अगस्त को वाराणसी के माटी इमली स्थित गनेश मंडपम में दो दिवसीय राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसमें राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे इस में जनपद से भी काफी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी वाराणसी सम्मेलन में जायेंगे।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 5 अगस्त, 2024



# भारी बारिश के बावजूद जलाशयों में औसत जलस्तर पिछले साल से कम

भाषा। नई दिल्ली



**देशभर** में भारी बारिश के बावजूद, भारत के 150 प्रमुख जलाशयों में औसत जल स्तर पिछले वर्ष से कम लेकिन पिछले दशक के स्तर से अधिक बना हुआ है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के अनुसार देश के विभिन्न क्षेत्रों में जल भंडारण स्तर में महत्वपूर्ण भिन्नताएं सकारात्मक और चिंताजनक दोनों प्रवृत्तियों को दर्शाती हैं। सीडब्ल्यूसी के अनुसार जिन 150 जलाशयों की निगरानी की गई उनकी कुल भंडारण क्षमता 178.784 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) है जो देशभर में निर्मित अनुमानित 257.812 बीसीएम का लगभग 69.35 प्रतिशत है। सीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट के अनुसार इन जलाशयों में उपलब्ध जल संग्रहण 91.496 बीसीएम है जो उनकी कुल क्षमता का 51 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान दर्ज किए गए जल संग्रहण स्तर का 94 प्रतिशत है और पिछले दशक के औसत के आधार पर सामान्य जल संग्रहण का 107 प्रतिशत है। पच्चीस जुलाई को जारी बुलेटिन के अनुसार पिछले सप्ताह की तुलना में इन जलाशयों में उपलब्ध संग्रहण 69.27 बीसीएम था जो कुल संग्रहण क्षमता का 39 प्रतिशत था। पिछले साल इसी अवधि के दौरान उपलब्ध जल संग्रहण 83.987 बीसीएम था और सामान्य संग्रहण 72.411 बीसीएम था। इस प्रकार इस सप्ताह संग्रहण का स्तर पिछले सप्ताह से वृद्धि दर्शाता है, लेकिन पिछले वर्ष की इसी अवधि और सामान्य क्षमता दोनों से कम है। उत्तरी क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश, पंजाब और राजस्थान शामिल हैं। यहां 10 जलाशय हैं जिनकी कुल क्षमता 19.663 बीसीएम है। वर्तमान में उनके पास 6.532 बीसीएम जल है जो उनकी क्षमता का 33 प्रतिशत है जो पिछले वर्ष के 76 प्रतिशत तथा इस अवधि के लिए 53 प्रतिशत के सामान्य भंडारण से काफी कम है। यद्यपि, वर्तमान स्तर पिछले सप्ताह के 5.786 बीसीएम (क्षमता का 29 प्रतिशत) भंडारण से वृद्धि दर्शाता है।

पूर्वी क्षेत्र में असम, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, नागालैंड और बिहार शामिल हैं। यहां 23 जलाशय हैं जिनकी संयुक्त क्षमता 20.430 बीसीएम है। पश्चिमी क्षेत्र के गुजरात और महाराष्ट्र के 49 जलाशयों की कुल क्षमता 37.130 बीसीएम है। वे 19.863 बीसीएम या क्षमता का 53 प्रतिशत पर हैं, जो पिछले साल के 63 प्रतिशत से कम है, लेकिन सामान्य भंडारण 48 प्रतिशत से बेहतर है। इस सप्ताह का भंडारण पिछले सप्ताह के 15.274 बीसीएम (क्षमता का 41 प्रतिशत) से बढ़ा है। कुछ राज्यों में पिछले वर्ष की तुलना में भंडारण स्तर में सुधार हुआ है। इनमें असम, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, नागालैंड, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु शामिल हैं। इसके विपरीत राजस्थान, बिहार, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में भंडारण स्तर कम है।

### शीर्ष सैन्य अधिकारी आज करेंगे बैठक

# सशस्त्र बलों में वित्तीय योजना में तालमेल पर होगा गहन मंथन



**नई दिल्ली।**(भाषा) सेना के तीनों अंगों का एकीकरण सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय योजना के क्षेत्र में सशस्त्र बलों के बीच व्यापक तालमेल लाने के मुद्दे पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के सोमवार को विस्तृत चर्चा करने की संभावना है। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि जनरल चौहान थलसेना, नौसेना और वायुसेना में वित्तीय योजनाओं पर एक शीर्ष स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करने के दौरान योजनाओं के बारे में विस्तार से बताने वाले हैं। वित्तीय योजना पर सशस्त्र बलों में तालमेल सुनिश्चित करने पर चर्चा थिएटर कमान शुरू करने की सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बीच हो रही है। थिएटराइजेशन मॉडल के तहत सरकार थलसेना, वायुसेना और नौसेना की क्षमताओं को समन्वित करेगी तथा युद्ध एवं अभियानों के लिए उनके संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करेगी। थिएटराइजेशन योजना के मुताबिक, प्रत्एक थिएटर कमान की थलसेना, नौसेना और वायुसेना की इकाइयां होंगी तथा वे सभी एकल इकाई के रूप में काम करेंगी जो एक विशेष भौगोलिक क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियों से निपटेंगी। वर्तमान में थलसेना, नौसेना और वायुसेना के अलग-अलग कमांडो हैं। थिएटर कमान की योजना सेना के तीनों अंगों को एकीकृत करने और उनके संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए बनाई जा रही है। आधिकारिक बयान के अनुसार, बैठक का लक्ष्य सशस्त्र बलों के बीच वित्तीय मुद्दों पर तालमेल बढ़ाना है। बैठक में रक्षा मंत्रालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक और सेना मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की भागीदारी देखने को मिलेगी। रक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया कि रक्षा वित्त में विभिन्न हितधारकों से जुड़े पहलुओं पर चर्चा किए जाने का कार्यक्रम है और साथ ही, रक्षा खरीद में सामने आ रहीं चुनौतियों का समाधान तलाशना है। समझा जाता है कि वित्तीय सलाहकार (रक्षा सेवाएं) और महानिदेशक (खरीद) शीघ्रता से रक्षा खरीद किए जाने में अपने संगठनों की भूमिकाओं पर भी विशेष रूप से बातचीत करेंगे।

# शारीरिक मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए हो समय: शर्मा

**प्रयागराज।** सेल्फकेयर यानी खुद की देखभाल इसमें समय समय पर हर चीज़ से ऊपर खुद को प्राथमिकता देना शामिल है। इसका मतलब है कि अपने शारीरिक मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को पोषित करने के लिए समय निकालना। सेल्फ केयर से आप सुनिश्चित करते हैं कि आप ऐसी चीजें करें जिनमें आपको वाकई सुकून मिलता हो और आप निजी और पेशेवर जिंदगी की ज़िम्मेदारी के बीच शांति और संतुष्टि पाते हैं। यह आपके पसंदीदा उपन्यास को पढ़ने अपनी पसंदीदा फिल्म देखने स्पा में जाने या छुट्टी मनाने जितना आसान हो सकता है। इस सेल्फ केयर महीने में प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति की निक्की शर्मा कैसे मुझे तुम मिल गए की हेमांगी कवि प्यार का पहला नाम राधा मोहन के मनित जौरा और मैं हूं साथ तेरे के करण वोहरा जैसे ज़ी टीवी के कलाकारों ने अपनी ज़िंदगी में निजी देखभाल का महत्व बताया। ज़ी टीवी के शो प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति में शक्ति का रोल निभा रहीं निक्की शर्मा कहती हैं मेरे लिए सेल्फकेयर का मतलब है अपने फेवरेट म्यूज़िक का मजा लेते हुए खुद का और अपनी स्किन का ख्याल रखने के लिए दिन में एक घंटा समर्पित करना। यह वक्त मेरे दिन का सबसे पसंदीदा हिस्सा होता है। एक ऐसा समय जो पूरी तरह से मेरे लिए हैं।

# जलकर बहू की हत्या की आरोपी सास की सशर्त जमानत मंजूर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हत्या की आरोपी प्रेमनगर झांसी की अंजुम निशा की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है। याची सांस पर अपने बेटे आरिफ के साथ मिलकर बहू को मिट्टी तेल डालकर जलाकर हत्या करने का आरोप है। सत्र अदालत से सजा के खिलाफहाईकोर्ट में अपील दाखिल की गई है। कोर्ट ने जमानत मंजूर करते हुए आधे जुर्माने की वसूली पर रोक लगा दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति ए के सांगवान तथा न्यायमूर्ति एम ए एच इदरीसी की खंडपीठ ने अंजुम निशा की जमानत अर्जी को स्वीकार करते हुए दिया है। अर्जी पर अधिवक्ता ए के ओझा ने बहस की।इनका कहना था कि यह तीसरी अर्जी है। इससे पहले दो जमानत अर्जियां इसी कोर्ट से खारिज हो चुकी है।याची की उम्र 65 साल है। गवाह पक्षद्रोही हो चुके हैं। अपील शीघ्र सुने जाने की उम्मीद नहीं है। वह लड़के के जीवन से अलग थी। उसे फंसाया गया है।

# फर्जी बैनामा मामले में पूर्व प्रधान की याचिका पर सरकार से जवाब तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीलीभीत पूरनपुर थाना क्षेत्र के पूर्व ग्राम प्रधान राजेंद्र प्रसाद के खिलाफ फर्जी बैनामा मामले में दर्ज एफआईआर के तहत उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है और राज्य सरकार से जवाब मांगा है। शिकायतकर्ता को भी नोटिस जारी की है। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा तथा न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रयह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा तथा न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की खंडपीठ ने पूर्व प्रधान के अधिवक्ता विवेक कुमार पाल को सुनकर दिया है। याची पूर्व प्रधान व अन्य के खिलाफ28 जून 24 को एफआईआर दर्ज की गई है। याची का कहना है कि फर्जी बैनामे से उसका कोई सरोकार नहीं है। बैनामे में न वह क्रेता न विक्रेता न गवाह है। दूसरे को खड़ा कर जमीन का फर्जी बैनामा किया गया है। उस समय गांव का प्रधान होने के नाते वर्तमान प्रधान ने मिलीभगत कर उसे झूठा फंसाया है।

# डीआईओएस को कार्यवाहक प्रधानाचार्य पद के वेतन देने का प्रत्यावेदन तय करने का निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विद्या भवन इंटर कालेज अरौल कानपुर नगर की कार्यवाहक प्रधानाचार्य को पद का वेतन देने की मांग में विचाराधीन प्रत्यावेदन जिला विद्यालय निरीक्षक को दो माह में तय करने का निर्देश दिया है और कहा है कि निर्णय की सूचना याची को दी जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने ममता सिंह की याचिका पर अधिवक्ता अनुराग शुक्ल को सुनकर दिया है। इनका कहना था कि नियमानुसार याची कार्यवाहक प्रधानाचार्य का कार्य करते समय उस पद का वेतन पाने की हकदार हैं। प्रत्यावेदन निरीक्षक को दिया है किन्तु निर्णय नहीं लिया जा रहा है। समादेश जारी किया जाए।


# त्रिपुरा में 12 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**अगरतला।**।त्रिपुरा के विभिन्न हिस्सों से 12 उन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया, जो बिना किसी वैध दस्तावेज के राज्य में घुस आए थे। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बांग्लादेशी नागरिकों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर, पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों के साथ मिलकर शनिवार रात पश्चिम अगरतला पुलिस थाना क्षेत्र के लंकामुरा, जॉयनगर और रामनगर में छापेमारी की और तीन महिलाओं समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया। पश्चिम अगरतला पुलिस थाने के अतिरिक्त प्रभारी कांति वर्धन ने कहा, पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि वह बिना वैध दस्तावेजों के बांग्लादेश से भारत में दाखिल हुए थे। उन्हें भारतीय पासपोर्ट अधिनियम का उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि घुसपैठ के बढ़ते मामलों के कारण पुलिस ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ा दी है। उन्होंने कहा, घुसैपठ का मामला संवेदनशील है इसलिए निगरानी बढ़ा दी गई। पुलिस घुसपैठियों को पकड़ने के लिए इस तरह का अभियान जारी रखेगी।

# सुअर को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा पिंडारी के टोला संचिराडॉड़ में सुअर को लेकर हुए विवाद में बीजपुर पुलिस ने दोनों पक्षों के दो आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए वहीं के निवासी प्रथम पक्ष के 19 वर्षीय गुड्डू भारती पुत्र राजेंदर व द्वितीय पक्ष के 21 वर्षीय राम सागर पुत्र रामजतन का पुलिस ने चालान कर संबंधित न्यायालय में पेश किया।

# कर्नाटक में सरकार की वापसी पर काम करेंगे : कुमारस्वामी



**रामनगर** (कर्नाटक)। केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने रविवार को कहा कि वह राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की राज्य में वापसी के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल (सेक्युलर) के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करेंगे। जद(एस) के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के साथ दोबारा हाथ मिलने का सवाल ही नहीं उठता। जद(एस) जूनियर पार्टनर होने के बावूद दोनों राष्ट्रीय दलों के साथ गठबंधन करके दो बार राज्य की सत्ता में रह चुका है। जद(एस) ने भाजपा के सहयोग से फरवरी 2006 से 20 महीने तक शासन किया और मई, 2018 से 14 महीने तक कांग्रेस के समर्थन से शासन किया। कुमारस्वामी दोनों ही बार मुख्यमंत्री थे। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले जद(एस) ने भाजपा से हाथ मिला लिया और राजग का हिस्सा बन गया। कुमारस्वामी ने कहा, मैं भाजपा और जद (एस) कार्यकर्ताओं को एक साथ काम करने की अपील करता हूं। मुख्यमंत्री कौन बनना चाहिए, यह मेरे लिए महत्वपूर्ण नहीं है। आपके आशीर्वाद से मैं दो बार राज्य का मुख्यमंत्री रहा हूं। राज्य और इसके लोगों का कल्याण और विकास मेरे लिए महत्वपूर्ण है।

# केरल भूस्खलन: चलियार नदी का शांत जल प्राणों का प्यासा बना



**वायनाड।** (भाषा) केरल में तीन जिलों के लोगों के लिए जीवन रेखा कही जाने वाली चलियार नदी 30 जुलाई को वायनाड में हुए भूस्खलन के बाद तबाही की खौफनाक प्रतीक बन गई है। कुल 169 किलोमीटर लंबी यह नदी वायनाड, मलप्पुरम और कोझिकोड में बसे लोगों के लिए कई पीढ़ियों से जीवन का आधार रही है, लेकिन अब इसका शांत पानी दुखों का प्रतीक बन गया है, जिसमें भूस्खलन के बाद लापता हुए कई लोगों के शव मिले हैं। पश्चिमी घाट में दो प्रमुख सहायक नदियों के संगम से बनी यह नदी आपदा में जान गंवाने वाले अधिकतर लोगों के शवों को अपने साथ बहाकर ले गई। नौसेना, पुलिस, अग्निशमन एवं बचाव दल तथा राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) सहित विभिन्न एजेंसी एवं स्थानीय निवासियों के हालिया प्रयासों से शनिवार को नदी से तीन और शव तथा शरीर के 13 अंग बरामद किए गए।अधिकारियों ने बताया कि इसके साथ ही चालियार नदी में मिले शवों की संख्या बढ़कर 73 और शरीर के अंगों की संख्या बढ़कर 132 हो गई। मलप्पुरम जिले के एक अधिकारी ने कहा, बरामद किए गए शवों में 37 पुरुष, 29 महिलाएं, तीन लड़के और चार लड़कियां शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि 198 शवों और अंगों का पोस्टमार्टम किया जा चुका है और इनमें से 195 को आगे की प्रक्रिया के लिए वायनाड भेजवाया गया है, जबकि तीन पर रिश्तेदारों ने दावा किया है। राज्य सरकार ने कहा है कि चलियार नदी के 40 किलोमीटर क्षेत्र में तलाश अभियान जारी रहेगा। उसने बताया कि विनाशकारी भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 219 हो गई है।

# मनसे के वर्ली सीट पर आदित्य ठाकरे के खिलाफ चुनाव लड़ने की संभावना

**मुंबई।**(भाषा) महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता संदीप देशपांडे आगामी राज्य विधानसभा चुनाव में मुंबई की वर्ली सीट से शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) के विधायक आदित्य ठाकरे को चुनौती दे सकते हैं। मनसे के सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। हाल में हुए लोकसभा चुनाव में वर्ली में शिवसेना (यूबीटी) उम्मीदवार की बढ़त 7,000 से भी कम रहने के मद्देनजर राज ठाकरे नीत मनसे को इस सीट पर जीत के अवसर नजर आ रहे हैं। दक्षिण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा वर्ली उंची इमारतों और संपन्न व्यापारिक संस्थानों का केंद्र माना जाता है, लेकिन इस इलाके में पुलिस कॉलोनी और बीडीडी चॉल जैसी कई जीर्ण-शीर्ण झुग्गी-बस्तियां भी हैं, जो पुनर्विकास का इंतजार कर रही हैं। इलाके में कई झुग्गी-बस्ती पुनर्वास परियोजनाएं रुकी हुई हैं। मनसे सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि देशपांडे विधानसभा चुनाव में आदित्य ठाकरे को चुनौती दे सकते हैं। वर्तमान में शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे इस सीट से विधायक हैं।मनसे नेता देशपांडे वर्ली निवासियों की समस्याओं को दूर करने के लिए उनके साथ सक्रिय रूप से संवाद बनाए हुए हैं।

## राज्य पर्यटन कार्यक्रम में शामिल होगा सिक्किम विज्ञान केंद्र

**गंगटोक।** सक्किम विज्ञान केंद्र को राज्य की आधिकारिक पर्यटक यात्रा कार्यक्रम सूची में शामिल किया जाएगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।राज्य के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव संदीप तांबे ने बताया कि पर्यटक यात्रा कार्यक्रम में इस केंद्र को शामिल किए जाने के बाद इसे देखने आने वाले लोगों की संख्या मे वृद्धि होगी तथा वे यहाँ आकर एक अनूठा अनुभव प्राप्त करेंगे।तांबे ने शनिवार को कहा, पर्यटक यात्रा कार्यक्रम में सिक्किम विज्ञान केंद्र को शामिल करने से आगंतुकों के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी की समझ को व्यापक बनाने में मदद मिलेगी।

# भाजपा-जद(एस) की पदयात्रा जारी कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

**रामनगर** (कर्नाटक)। (भाषा) कर्नाटक में विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसकी सहयोगी जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) ने कथित मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण स्थल (एमयूडीए) आवंटन घोटाले के खिलाफ रविवार को दूसरे दिन भी बेंगलुरु से मैसुरु तक सात दिवसीय मार्च जारी रखा और कांग्रेस सरकार एवं मुख्यमंत्री सिद्धरमैया पर निशाना साधा।

विपक्षी दलों का आरोप है कि एमयूडीए ने उन लोगों को मुआवजे के तौर पर भूखंड वितरित करने में अनियमितता बरती, जिनकी जमीन का अधिग्रहण किया गया है। मुआवजे के तौर पर भूखंड प्राप्त करने वालों में सिद्धरमैया की पत्नी पार्वती भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के इस्तीफे की मांग को लेकर शुरू की गई मैसुरु चलो पदयात्रा दूसरे दिन यहां बिदादी से शुरू हुई और यह 22 किलोमीटर की दूरी तय कर केंगल पहुंचेगी। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष एवं विधायक बी. वाई. विजएंद्र, जद (एस) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी, विधान परिषद में विपक्ष के नेता सी. नारायणस्वामी, जद (एस) नेता निखिल कुमारस्वामी, दोनों दलों के कई विधायक, नेता और कार्यकर्ता रविवार को बिदादी से शुरू हुए मार्च में शामिल हुए।

## पेज 1 का शेष

### बांग्लादेश...

में अज्ञात लोगों ने कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। खबर के अनुसार, लाठी-डंडे लिए लोगों को अस्पताल परिसर में निजी कार, एम्बुलेंस, मोटरसाइकिलों और बसों में तोड़फोड़ करते देखा गया, जिससे मरीजों, तीमारदारों, चिकित्सकों और अन्य कर्मियों में भय पैदा हो गया। प्रदर्शनकारियों ने हसीना के वार्ता के निमंत्रण को खारिज कर दिया और सरकार के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के समन्वयकों ने स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, निजी विश्वविद्यालयों और मदरसों के छात्रों के साथ-साथ श्रमिकों, पेशेवरों, राजनीतिक कार्यकर्ताओं और अन्य आम लोगों से विरोध प्रदर्शन में भाग लेने का आह्वान किया। सरकार विरोधी प्रदर्शनों के समन्वयक नाहिद इस्लाम ने घोषणा की कि वे अपनी एक सूत्री मांग को लेकर सोमवार को प्रदर्शन और सामूहिक धरना देंगे। उन्होंने एक बयान में कहा कि सोमवार को वे आरक्षण सुधार आंदोलन के दौरान हाल ही में देशभर में मारे गए लोगों की याद में शहीद स्मारक पट्टिकाओं का अनावरण करेंगे। बांग्लादेश में हाल में पुलिस और मुख्य रूप से छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पें देखने को मिली थीं जिसमें 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। प्रदर्शनकारी विवादास्पद आरक्षण प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे थे जिसके तहत 1971 में बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में हिस्सा लेने वाले लड़ाकों के रिश्तेदारों को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया था।

### टीम...

लेकिन गोल नहीं हो सका। इंग्लैंड को पांचवें ही मिनट में रेफरल पर पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर अनुभवी डिफेंडर अमित रोहिदास ने जेरेथ फर्लोंग का शॉट बचाया। अगले ही पल मिले दूसरे पेनल्टी कॉर्नर पर जैक वालेर का शॉट भी ओडिशा के इस खिलाड़ी ने बखूबी बचाया। भारतीय टीम 11वें मिनट में गोल करने के करीब पहुंची जब सुखजीत सिंह गेंद लेकर आगे बढे और हार्दिक सिंह को पास दिया जिन्होंने गेंद मनदीप को सौंपी लेकिन ब्रिटेन के गोलकीपर ओली पेन ने बखूबी बचाव किया। अगले ही मिनट हार्दिक ने शानदार फॉर्म में चल रहे अभिषेक को गोल के सामने पास दिया लेकिन उनका निशाना सही नहीं लगा। अगले मिनट में इंग्लैंड को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर श्रीजेश चूके लेकिन जरमनप्रीत ने जबर्दस्त चुस्ती दिखाते हुए स्टिक से गेंद रोकी और उधर श्रीजेश ने तुरंत उसे बाहर निकाल दिया। भारत को 13वें मिनट में लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन हरमनप्रीत के तीनों प्रयास विफल रहे।

# भाजपा-जद(एस) का विरोध मार्च अपने पापों से मुक्ति के लिए है: शिवकुमार

भाषा। चन्नापटना

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने रविवार को मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) के कथित भूखंड आवंटन घोटाले के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल (सेक्युलर) की पदयात्रा को कांग्रेस नीत सरकार और मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को घेरने और इसे अपने पापों से मुक्ति के लिए मार्च करार दिया। उन्होंने जद (एस) नेता और केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी से उनके परिवार की संपत्ति के स्रोत के बारे में भी सवाल करते हुए कहा कि वह खेती से हजारों करोड़ रुपए नहीं कमा सकते। शिवकुमार ने कहा, भाजपा-जद (एस) की पदयात्रा अपने पापों से मुक्ति के लिए है...यह भ्रष्टों की, भ्रष्टों द्वारा और भ्रष्टों के लिए पदयात्रा है। भाजपा-जद(एस) की पदयात्रा के जवाब में कांग्रेस द्वारा आयोजित जनआंदोलन कार्यक्रम में उन्होंने भाजपा नेताओं और उनके परिवार, कुमारस्वामी और उनकी पार्टी जद(एस) के नेताओं और उनके परिवारों पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया।

भाजपा और जद (एस) ने सिद्धरमैया की पत्नी पार्वती सहित अन्य को एमयूडीए द्वारा कथित धोखाधड़ी से भूखंड आवंटित करने के खिलाफ शनिवार को बेंगलुरु से सप्ताह भर की मैसूर चलो पदयात्रा शुरू की है। शिवकुमार ने कुमारस्वामी पर निशाना साधते हुए कहा, क्या उन्होंने सिर्फ आलू और प्याज उगाकर हजारों करोड़ की संपत्ति बनाई है। उन्होंने कुमारस्वामी के बड़े भाई और कर्नाटक प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी एच डी बालकृष्ण गौड़ा और उनके परिवार की संपत्ति के बारे में भी जानना चाहा। उपमुख्यमंत्री ने सवाल किया, कुमारन्ना (कुमारस्वामी), आप मेरी संपत्ति पर चर्चा कर सकते हैं। लेकिन, सबसे पहले, मैसूर, श्रीरंगपटना और बेंगलुरु में अपने भाई-बालकृष्ण गौड़ा, उनकी पत्नी, उनके पिता और परिवार की संपत्ति के बारे में बात करें। साथ ही उनकी बेनामी संपत्ति के बारे में भी बात करें। उनके नाम पर कितनी जमीन है, आपको इसका जवाब देना होगा। एक सरकारी कर्मचारी की संपत्ति कितने हजार करोड़ रुपए है? उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने कुमारस्वामी से जुड़े खनन घोटालों और कथित अधिसूचना रद्द करने के बारे में अभी तक कुछ नहीं कहा है। शिवकुमार ने कहा, मैंने अभी तक आपके परिवार की संपत्ति की सूची जारी नहीं की है, लेकिन मैं जल्द ही करूंगा...।

# अयोध्या दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से मिलने के बाद सांसद संगीता बिंद ने कहा, मेरा खून खौल उठा

भाषा। अयोध्या

**राज्यसभा सदस्य** संगीता बलवंत बिंद ने रविवार को अयोध्या में 12 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता से मुलाकात करने के बाद कहा कि पीड़िता की आपबीती सुनकर उनका खून खौल उठा। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपियों ने पहले भी इस तरह के अपराध किए हैं। बिंद ने यहां परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की और विस्तृत चर्चा की। बिंद परिवार से मिलने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रतिनिधिमंडल में शामिल थीं, जिसमें राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद और प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप भी शामिल थे।

उत्तर प्रदेश से भाजपा सांसद ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाबालिग के पिता की तरह उसके साथ खड़े हैं।संगीता बलवंत बिंद ने अयोध्या में नाबालिग और उसके परिवार के सदस्यों से मुलाकात के बाद पीटीआई-भाषा को बताया, आज (रविवार) हम अयोध्या आए और (दुष्कर्म) पीड़िता के परिवार से मिले। उसकी मां और बहनों से मुलाकात के दौरान उसकी मां ने हमें कुछ बातें बताईं। सांसद बिंद ने कहा, जब हम सभी ने वो बातें सुनीं तो दुख से हमारी आंखें नम हो गईं और उसी वक्त हमारा खून यह सोच कर खौलने लगा कि समाजवादी पार्टी के सभी नेता उस व्यक्ति के साथ खड़े हो गए हैं जिसने 12 साल की मासूम बच्ची के साथ इतना जघन्य अपराध किया है, यह जानते हुए भी कि वह अपराधी है। उन्होंने कहा कि बलात्कार पीड़िता के पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है और उसकी मां मजदूरी करके अपनी तीन बेटियों और एक बेटे का पालन-पोषण कर रही है।बिंद ने कहा, जैसा कि हमें घटना के बारे में पता चला, हमें यह भी पता चला कि यह जघन्य अपराध समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष (शहर इकाई अध्यक्ष) द्वारा किया गया है, और इस मामले में एक और व्यक्ति शामिल था, जिसने वीडियो बनाने और उसे ब्लैकमेल करने के लिए इसका इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा, ग्रामीणों से यह भी पता चला कि सपा के नगर अध्यक्ष ने पहले भी इसी तरह के अपराध किए थे। उन्होंने यह भी कहा कि योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) संदेश दे रहे हैं कि ऐसा अपराध नहीं होना चाहिए और अगर कभी होता है तो जिस तरह से (अयोध्या में) बुलडोजर चलाया गया और आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा गया, उस तरह कार्वाई होगी।बिंद ने सपा पर हमला करते हुए कहा, अगर लोकसभा चुनाव में दो-चार सीटों की बढ़ोतरी हुई है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि सपा राज गुंडा राज है जैसा कि पहले प्रचलित था, उसकी पुनरावृत्ति हो।

# निष्क्रिय राज्यपाल की अवधारणा खत्म हो गई है : बोस

**भाषा।** नई दिल्ली



● व्यक्तिगत तौर पर ममता बनर्जी के साथ अच्छे संबंध, नेता के तौर पर बनर्जी मुझे पसंद नही : राज्यपाल

**पश्चिम** बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने रविवार को कहा कि निष्क्रिय राज्यपाल की अवधारणा समाप्त हो चुकी है और निर्वाचित मुख्यमंत्री को सरकार का अग्रणी चेहरा होना चाहिए जबकि मनोनीत राज्यपाल को निर्वाचित प्रतिनिधियों के मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक के रूप में पृष्ठभूमि में रहना चाहिए। राज्यपालों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए दिल्ली आए बोस ने पीटीआई–भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा कि राज्यपाल संविधान के संरक्षक व संघवाद के अभिभावक हैं, और वे रबर स्टाम्प नहीं हैं। बोस ने राज्य में तृणमूल कांग्रेस सरकार के साथ अकसर अपना टकराव रहने के मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि वह व्यक्तिगत तौर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सम्मान करते हैं और बनर्जी के साथ उनके पेशेवर संबंध हैं, लेकिन राजनीतिक नेता ममता बनर्जी को वह पसंद नहीं करते। राज्यपालों के सम्मेलन के बारे में बात करते हुए बोस ने इसे परिवर्तनकारी और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप बताया। बोस ने पीटीआई–भाषा से कहा, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की परिवर्तनकारी भारत की अवधारणा को ध्यान में रखते हुए मैं कहूंगा कि यह परिवर्तनकारी राज्यपाल सम्मेलन था, जहां अब हम देखेंगे कि राज्यपालों के कामकाज में एक नई लय होगी। निर्वाचित प्रतिनिधियों और राज्यपाल के बीच एक नया तालमेल नजर आएगा। उन्होंने कहा, राज्यपालों के सम्मेलन ने निर्णय लिया कि राज्यपालों को केंद्र और राज्य के बीच एक प्रभावी कड़ी के रूप में बने रहना चाहिए, जिसे राष्ट्रपति और अन्य लोगों ने समर्थन दिया। उस स्थिति में, राज्यपालों को लोगों की भलाई के लिए बनाई गई परियोजनाओं और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में गहराई से शामिल होना होगा। बोस ने कहा कि निर्वाचित मुख्यमंत्री को सरकार का अग्रणी चेहरा होना चाहिए, जबकि राज्यपाल को मार्गदर्शक के रूप में पृष्ठभूमि में रहना चाहिए। उन्होंने कहा, राज्यपाल को सक्रिय होना चाहिए। निषक्रिय राज्यपाल की अवधारणा खत्म हो गई है। यह पूछे जाने पर कि क्या इससे गैर–राजग दलों द्वारा शासित राज्यों में राज्यपालों के कामकाज को लेकर बहस को बढ़ावा मिलेगा, जिन्होंने राज्यपालों पर अनुचित हस्तक्षेप करने और राज्य सरकारों के काम में बाधा डालने का आरोप लगाया है, बोस ने कहा, बहस एक विकसित लोकतंत्र का अनिवार्य हिस्सा है। इसका स्वागत किया जाना चाहिए। राज्यपालों की भूमिका को फिर से परिभाषित करने की जरूरत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्यपाल को राज्य में संविधान के संरक्षक होने के नाते हमेशा सतर्क रहना चाहिए ताकि लोकतंत्र बरकरार रहे।

## मुख्यमंत्री साहा ने हिंसा प्रभावित गंडाटविसा का किया दौरा, 239.10 करोड़ के पैकेज की घोषणा की

**भाषा।** अगरतला

**त्रिपुरा के** मुख्यमंत्री माणिक साहा ने हिंसा प्रभावित गंडाटविसा उपखंड के विकास के लिए रविवार को 239.10 करोड़ रुपए के पैकेज की घोषणा की। गंडाटविसा में 12 जुलाई को एक कॉलेज छात्र की मौत के बाद दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। इस हिंसा के फलस्वरूप 145 परिवार बेघर हो गए थे। मुख्य सचिव जे के सिन्हा एवं पुलिस महानिदेशक अमिताभ रंजन के साथ साहा ने राहत शिविरों का दौरा किया एवं प्रभावित लोगों से बातचीत की। इन शिविरों में बेघर परिवारों को ठहराया गया है। मुख्यमंत्री कॉलेज छात्र परमेश्वर रियांग के घर भी गए। उसी की मौत के बाद हिंसक झड़प हुई थी। साहा ने कहा, जब से गंडाटविसा में हिंसा भड़की है, तब से मैं स्थिति पर नजर रख रहा हूं, लेकिन अगरतला से वास्तविक स्थिति का आकलन नहीं किया जा सका। इसलिए, मैं हिंसा से हुई तबाही को देखने के लिए यहां आया हूं। उन्होंने कहा कि सरकार ने रियांग के परिवार को पहले दी गई छह लाख रुपए की सहायता के अलावा चार लाख रुपए और देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, जो चला गया उसे हम वापस तो ला नहीं सकते, लेकिन सरकार उसके परिवार को राहत और सांत्वना देने की पूरी कोशिश करेगी। हम भविष्य में भी परिवार की मदद करते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेघर परिवारों को वित्तीय सहायता दी गई है ।

## हिमाचल के पहले सीएम परमार ने रखी थी राज्य के विकास की नींव : सुक्खू

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार की 118वीं जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि डॉ. परमार एक दूरदर्शी व्यक्तित्व वाले व्यक्ति थे, जिन्होंने प्रदेश के विकास की मजबूत आधारशिला रखी।सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के निर्माता परमार एक महान शख्सियत थे, जो हमेशा अपने समय से बहुत आगे की सोच रखते थे। डॉ. परमार का पूरा जीवन हिमाचल प्रदेश और इसके लोगों के लिए समर्पित रहा। डॉ. परमार का सपना था कि हिमाचल प्रदेश सभी क्षेत्रों में प्रगति करे। डॉ. परमार के निरंतर और अथक प्रयासों के कारण ही हिमाचल को एक समृद्ध व विशिष्ट संस्कृति, परंपरा तथा भाषा के साथ एक पहाड़ी राज्य के रूप में अपनी अलग पहचान मिली।

## राजस्थान में बीएसएफ जवान ने खुद को गोली मार आत्महत्या की

**जयपुर।** राजस्थान के बाड़मेर जिले के बाखासर थाना क्षेत्र में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान ने ड्यूटी के दौरान कथित तौर पर खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बीएसएफ के जवान ने रविवार सुबह वॉच टावर पर ड्यूटी के दौरान सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस उपनिरीक्षक विशान सिंह ने बताया कि जम्मू-कश्मीर निवासी सिपाही बनारसी लाल (50) 83 बीएसएफ बटालियन में था। उन्होंने बताया कि गोली चलने की आवाज सुनकर बीएसएफ के जवान मौके पर पहुंचे, तो जवान का शव वॉच टावर से नीचे पड़ा था। उन्होंने बताया कि शव को बाड़मेर मेडिकल कॉलेज के शवगृह में रखा गया है।

## छड़ी मुबारक को श्रीनगर के शंकराचार्य मंदिर ले जाया गया

**श्रीनगर।** स्वामी अमरनाथजी की पवित्र छड़ी मुबारक को रविवार को हरियाली अमावस्या के मौके पर पूजा-अर्चना के लिए ऐतिहासिक शंकराचार्य मंदिर ले जाया गया।दशनामी अखाड़े की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, "स्वामी अमरनाथजी यात्रा-2024 के सिलसिले में छड़ी मुबारक को महंत दीपेंद्र गिरि जी के नेतृत्व में आज हरियाली-अमावस्या (श्रावण अमावस्या) के मौके पर सदियों पुराने रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना के लिए श्रीनगर में गोपाद्री पहाड़ियों पर स्थित ऐतिहासिक शंकराचार्य मंदिर ले जाया गया।बयान में कहा गया, "जम्मू-कश्मीर की शांति एवं समृद्धि के लिए सामूहिक प्रार्थना भी की गई। छड़ी मुबारक को सोमवार को पुराने श्रीनगर में हरि पर्वत स्थित शारिका-भवानी मंदिर ले जाया जाएगा।

## एनईसीसी लिमिटेड की पहली तिमाही में शानदार आय

मुंबई।डोमेस्टिक, इंटरनेशनल कमर्शियल और इंडस्ट्रीयल गुड्स ट्रांसपोर्टेशन में लीडिंग कंपनी नॉर्थ ईस्टर्न कैरीइंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अपनी आय की घोषणा की है। 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिएए कंपनी ने ऑपरेशनल रेवेन्यू से 7763.42 लाख रुपये रिपोर्ट किए। एबिटा सालाना 58 प्रतिशत उछल गया और 503.93 लाख रुपये फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली तिमाही से 796.93 लाख रुपये फ इनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही पहुंचा। शुद्ध लाभ सालाना 147 प्रतिशत बढ़ा तथा 148.71 लाख रुपये फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली तिमाहीद्व से 367.41 लाख रुपये फ इनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही पहुंचा। शुद्ध लाभ मार्जिन 294 बीपीएस बढ़कर 1.77 प्रतिशत फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली तिमाहीद्व से 4071 प्रतिशत फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही हो गया।

## चायपत्ती के स्टार्टअप माटी की मांग बढ़ी

**रामपुर।** भारत में चाय हर दूसरे शख्स की पहली पसंद होती है शायद इसी वजह से भारत दुनिया में चाय का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। भारत में चाय का बिजनेस बहुत ही ज्यादा चलन में है। ऐसे ही मध्यप्रदेश के 3 युवाओं ने मिल कर अपना नया स्टार्टअप शुरू किया माटी जो कि चायपत्ती उत्पादन के साथ.साथ हर घर में माँ का प्यार और देश का स्वाद माटी पहुँचना चाहते है रामपुर में फैजान खान ने माटी चायपत्ती की डिस्ट्रीब्यूटरशिप के साथ उत्तर प्रदेश वासियों को कड़क चाय का अनुभव देने की शुरुआत की हैं जिनका मानना है ,हमारे घर-परिवार में आज भी ऐसे कुछ लोग है जो किसी कारण से कैफ़े या बाहर बैठ कर चाय का स्वाद नहीं ले पाते अब वे लोग माटी के द्वारा रामपुर में अपने घरों में भी पूरे परिवार के साथ जब चाहे तब माटी की चाय का आनंद उठा पाएंगे। फैजान खान ने बताया कि चायपत्ती ब्रांड माटी लांच करने के बाद से ही काफी चर्चा में रहा है जिसमें चाय की गुणवत्ता हमें काफी बेहतर लगी इसमें किसी भी तरह का समझौता नहीं किया गया ।

# गुजरात सरकार ने मछली पकड़ने पर प्रतिबंध 15 अगस्त तक बढ़ाया

●कांग्रेस का विरोध

**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार ने अरब सागर में मछली पकड़ने की गतिविधियों पर प्रतिबंध एक पखवाड़े यानी 15 अगस्त तक बढ़ाने का फैसला किया है। कांग्रेस ने इसे अनुचित और बिना सोचे समझे उठाया गया कदम बताया है, जिससे मछुआरों को वित्तीय नुकसान होगा। राज्य मत्स्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि मछुआरों के संघ द्वारा मछलियों को प्रजनन के लिए अधिक समय देने के वास्ते दिए गए ज्ञापन पर विचार करने के बाद केंद्र सरकार के साथ परामर्श से यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने निर्णय पर पहुंचने के लिए वैज्ञानिक आंकड़ों और मौसम की स्थिति को भी ध्यान में रखा है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी तट पर स्थित अन्य राज्यों द्वारा भी इस बदलाव को अपनाए जाने की संभावना है। वर्ष 2021 से राज्य में मछली पकड़ने पर वार्षिक प्रतिबंध एक जून से 31 जुलाई तक प्रभावी रहा है। राज्य मत्स्य विभाग ने 31 जुलाई को गुजरात मत्स्य पालन (संशोधन) नियम, 2020 में संशोधन करते हुए एक अधिसूचना जारी की, जिसमें कहा गया कि कोई भी व्यक्ति कैलेंडर वर्ष में एक जून से 15 अगस्त (कुल 76 दिन) तक अंतर्देशीय और प्रादेशिक जल में किसी भी प्रकार की मछली पकड़ने का काम नहीं करेगा। हालांकि, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल ने रविवार को एक बयान में कहा, गुजरात सरकार का 15 अगस्त तक मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगाने का फैसला अनुचित और बिना सोचे समझे किया गया है। हम मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गुजरात सरकार से अनुरोध करते हैं कि वे इस पर पुनर्विचार करें और मछुआरों को तुरंत समुद्र में जाने की अनुमति दें। उन्होंने दावा किया कि मत्स्य आयुक्त ने 31 जुलाई को दोपहर 12 बजे एक परिपत्र जारी किया, जिसमें कहा गया था कि यदि।, 2 और 3 अगस्त को मौसम खराब रहा, तो मछुआरों को समुद्र में मछली पकड़ने के लिए

# तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल के जेल मंत्री अखिल गिरि को इस्तीफा देने को कहा

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल के जेल मंत्री अखिल गिरि को इस्तीफा देने और राज्य के वन विभाग की एक महिला अधिकारी से माफी मांगने के लिए रविवार को कहा। राज्य में सत्तारूढ़ दल ने एक वीडियो क्लिप के सामने आने पर विवाद पैदा होने के बाद यह निर्देश दिया। वीडियो में गिरि को महिला अधिकारी को धमकी देते और अपशब्द कहते हुए देखा जा सकता है। पूर्व मेदिनीपुर जिले के कांठी में संवाददाताओं से बात करते हुए गिरि ने कहा कि वह इस्तीफा दे देंगे, लेकिन माफी नहीं मांगेंगे। गिरि रामनगर से विधायक हैं। उन्हें वीडियो में वन रेंजर मनीषा साहू को धमकाते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने साहू को धमकाते हुए कहा था कि ताजपुर समुद्र तट के पास वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण हटाए जाने के बाद उनका कार्यकाल घटा दिया जाएगा। तृणमूल कांग्रेस प्रवक्ता शांतनु सेन ने कहा, पार्टी के निर्देश के बाद, प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी ने रविवार दोपहर अखिल गिरि को फोन किया और उन्हें महिला अधिकारी से माफी मांगने और तुरंत अपना इस्तीफा देने का निर्देश दिया। किसी अधिकारी से माफी मांगने का सवाल ही नहीं उठता , लेकिन उन्होंने शनिवार को आवेश में आकर की गई अपनी टिप्पणी पर खेद जताया। उन्होंने कहा, मैं आज रात अपना इस्तीफा ईमेल कर दूंगा।

## क्विक न्यूज

### चीन से आयात करने के बजाय वहां की कंपनियों को निवेश के लिए बुलाना बेहतर विकल्प : विरमानी

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने कहा है भारत के लिए यह बेहतर होगा कि वह चीन से उत्पादों का आयात करने के बजाय पड़ोसी देश की कंपनियों को भारत में निवेश करने और वस्तुओं का उत्पादन करने के लिए आकर्षित करे। उन्होंने कहा कि इस तरह के कदम से उत्पादों के स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहन मिलेगा। आम बजट से एक दिन पहले 22 जुलाई को पेश आर्थिक समीक्षा में स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने और निर्यात बाजार का लाभ उठाने के लिए चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की वकालत की गई है। विरमानी से इसी बारे में पूछा गया था। विरमानी ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा, तो, जिस तरह से एक अर्थशास्त्री इसे देखता है। अगर कुछ आयात होने जा रहा है, जिसे हम वैसे भी 10 साल या 15 साल के लिए आयात करने जा रहे है, ऐसे में यह बेहतर होगा कि हम चीन की कंपनियों को भारत में निवेश करने और यहां उत्पादन करने के लिए आकर्षित करें। आर्थिक समीक्षा में कहा गया था, चूंकि अमेरिका और यूरोप अपनी तत्काल सोर्सिंग चीन से हटा रहे है, इसलिए चीनी कंपनियों का भारत में निवेश करना अधिक प्रभावी है। समीक्षा में कहा गया था कि चीन प्लस वन रणनीति से लाभ उठाने के लिए भारत के सामने दो विकल्प है - वह चीन की आपूर्ति श्रृंखला में एकीकृत हो सकता है या चीन से एफडीआई को बढ़ावा दे सकता है।विरमानी ने कहा, हमें चीन से आयात जारी रखने के बजाय इसकी अनुमति देनी चाहिए।

### रुशिल डेकोर की पहली तिमाही में लाभ

**मुंबई।** इकोफ्रेंडली, सस्टेनेबल एमडीएफबोर्डए लैमिनेट्स और प्लाइवुड के लीडिंग सप्लायर्स में से एकए रुशिल डेकोर लिमिटेड ने 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड फाइनेंशियल रिजल्ट्स की घोषणा की है। प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर ी रुपेश ठक्कर ने कहा कि लेटेस्ट क्वार्टर में कंपनी ने रेवेन्यू में सालदरसाल 15.9 प्रतिशत की पर्याप्त वृद्धि दर्ज कीए जो सकारात्मक फाइनेंशियल परफॉर्मेंस को दर्शाता है। पिछली तिमाही की तुलना म एकर पश्चात लाभ मार्जिन 1.6 प्रतिशत के सुधार के साथ 5०5 प्रतिशत तक बढ़ गया। हमें अपने एमडीएफबोर्ड एक्सपोर्ट मार्केट्स में मूल्य प्राप्ति में सुधार का भी लाभ मिला है, जिसने हमारे ओवरऑल फाइनेंशियल रिजल्ट्स में सकारात्मक योगदान दिया है। इसके अलावा, हमारे एमडीएफवैल्यूएडेड प्रोडक्ट्स ने क्वांटिटी और वैल्यू में क्रमशः 45 प्रतिशत और 55 प्रतिशत हासिल करके रेवेन्यू और प्रॉफिटबिलिटी के मामले में सकारात्मक योगदान दिया है। हमारे लैमिनेट्स डिवीजन का विस्तार अच्छी तरह से प्रोग्रेस कर रहा है तथा जंबो.आकार की शीट्स के लिए नई सुविधा वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही तक परिचालन शुरू करने के लिए तैयार है। कन्वर्टिबल वारंट्स जारी करके हमें 122.66 करोड़ रुपये की प्रेफरेंशिएल फंडिंग के लिए बोर्ड की मंजूरी मिल गई है। आज तकए हमें वारंट फंडिंग राशि का 40 प्रतिशत प्राप्त हुआ है, जिसमें कुल धनराशि का 75 प्रतिशत मनसाए गुजरात में नई जंबो.आकार की लेमिनेट सुविधा विकसित करने के लिए आवंटित किया गया है।

### टिपरा मोथा विधायक ने गृह मंत्री से त्रिपुरा में घुसपैठियों की पहचान के लिए समिति बनाने का आग्रह किया

**अगरतला।** त्रिपुरा मे टिपरा मोथा पार्टी के विधायक रंजीत देबबर्मा ने राज्य मे अवैध रूप से प्रवेश करने वाले विदेशियों की पहचान करने और उन्हे उनके संबंधित देशों में निर्वासित करने के वास्ते एक समिति गठित करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर उनके हस्तक्षेप की मांग की। देबबर्मा ने आरोप लगाया कि चटगांव पहाड़ी क्षेत्र से बड़ी संख्या मे बांग्लादेशी नागरिक त्रिपुरा में प्रवेश कर गए और वे धलाई जिले के चावमानु और गंडार्चा और गुमटी जिले के कारबुक और सिलचेरी जैसे क्षेत्रो मे रह रहे है (ए सभी क्षेत्र त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद (टीटीएएडीसी) के अंतर्गत आते है) और देश की सुरक्षा के लिए खतरा है। उन्होने शनिवार को शाह को लिखे पत्र में कहा, भारत-बांग्लादेश सीमा पर कमजोर सुरक्षा व्यवस्था का फायदा उठाकर बड़ी संख्या मे विदेशी भारतीय क्षेत्र मे प्रवेश कर रहे है। पिछले कुछ महीनो मे घुसपैठ बढ़ी है। टिपरा मोथा के विधायक ने कहा, ऐसी खबरे है कि रोहिंग्या त्रिपुरा का उपयोग करके भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर चुके है और देश की सुरक्षा के लिए खतरा है।

### विश्वामित्री नदी का जलस्तर बढ़ने से वडोदरा की सड़कों पर पहुंच रहे मगरमच्छ

**अहमदाबाद।** गुजरात के वडोदरा शहर मे विश्वामित्री नदी से निकलकर मगरमच्छो के आवासीय इलाको में घुसने की समस्या हर साल की तरह इस साल भी देखने को मिल रही है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि पिछले महीने आवासीय इलाको में पहुंचे 21 मगरमच्छों को पानी में छोड़ा गया। अधिकारी ने बताया कि नदी का 17 किलोमीटर हिस्सा वडोदरा से होकर गुजरता है। इसमे करीब 300 मगरमच्छ रहते है जिसके कारण किनारे के इलाको में अक्सर इस तरह की घटनाएं देखने को मिलती हैं। रेंज वन अधिकारी (आरएफओ) करणसिंह राजपूत ने बताया, विश्वामित्री नदी के किनारे के आवासीय क्षेत्रों से मगरमच्छों को बचाने का काम पूरे साल चलता रहता है, लेकिन मानसून के दौरान इनकी संख्या काफी बढ़ जाती है। जून मे चार मगरमच्छों को बचाया गया और उन्हें वापस नदी में छोड़ दिया गया। जुलाई मे यह संख्या बढ़कर 21 हो गई। आरएफओ ने बताया कि जुलाई मे राज्य के कई इलाको मे भारी बारिश हुई, जिससे निचले इलाको मे बाढ़ आ गई। विश्वामित्री नदी के दोनो ओर रिहायशी इलाके बनने से पानी भरने के बाद मगरमच्छ बड़ी संख्या में बाहर निकल आते है। हालांकि, उन्होने कहा कि मगरमच्छ अपने इलाके को छोड़ना पसंद नही करते और ए आम तौर पर तब बाहर निकलते है जब नदी उफान पर होती है। वन्यजीव कार्यकर्ता हेमंत वाधवन ने कहा कि मगरमच्छ कभी-कभी शहर के आवासीय क्षेत्रो मे जल निकासी नेटवर्क से भी पहुंचते है, हालांकि इस साल अब तक ऐसा कोई मामला सामने नही आया है। उन्होने कहा, 2019 की बाढ़ के दौरान ऐसी घटनाएं सामने आई थी। इस बार, हमने ज्यादातर नदी के आसपास के क्षेत्रो से छोटे मगरमच्छो को बचाया। भारतीय वन्यजीव संस्थान के अनुसार, वडोदरा मे पाए जाने वाले मगरमच्छ की प्रजाति मध्यम से बड़ी होती है, जिसमे एक वयस्क नर की लंबाई 4.5 मीटर तक होती है और इसका वजन लगभग 450 किलोग्राम होता है।

### सरकार ने स्कूलों का 1,200 करोड़ रुपए जारी करने का आदेश दिया : उदयनिधि

**चेन्नई।** तमिलनाडु के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने रविवार को कहा कि द्रविड़ मॉडल सरकार शिक्षा को बहुत महत्व दे रही है और उन्होने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत स्कूलों का 1200 करोड़ रुपए जारी करने का आदेश दिया। स्कूल शिक्षा विभाग के एक समारोह में स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु स्कूलों मे गरीबों के लिए 25 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाले बच्चो को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम लागू करने मे अग्रणी राज्य है। हालांकि सरकार को आरटीई के तहत दाखिला लेने वाले छात्रों की फीस निजी स्कूलों को देनी होती है, लेकिन पिछली (अन्ना द्रमुक) सरकार के कार्यकाल के दौरान यह राशि उन्हे देरी से दी गई। उन्होने कहा, हालांकि द्रविड़ मॉडल सरकार (द्रमुक) के सत्ता मे आने के बाद (2021 में) स्कूलों को लगभग।,200 करोड़ रुपए जारी करने के लिए सरकारी आदेश जारी किया गया और इस संबंध में काम जारी है। उदयनिधि ने कहा कि मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने उसी वर्ष आरटीई के तहत स्कूलों को फीस जारी करने का आदेश दिया और कहा कि सरकार निजी स्कूलों का भी समर्थन करती है मंत्री ने कहा, शिक्षकों से एक बार फिर अनुरोध है कि वे खेल और शारीरिक शिक्षा के लिए विशेष रूप से निर्धारित समय का उपयोग छात्रों को गणित और विज्ञान पढ़ाने के लिए न करें। उन्होने कहा कि खेल और शारीरिक व्यायाम शिक्षा के समान ही महत्वपूर्ण है।

## जीआरपी और आरपीएफ को ड्यूटी के दौरान ट्रेन यात्रा के लिए वैध अनुमति या टिकट लेना होगा : अधिकरण

**भाषा।** अहमदाबाद

**रेलवे दावा** अधिकरण ने कहा है कि जीआरपी और आरपीएफ कर्मियों को ट्रेन यात्रा के लिए वैध अनुमति प्राप्त करनी होगी या टिकट खरीदना होगा और केवल पहचान पत्र ले जाना पर्याप्त नहीं है। अधिकरण ने एक कांस्टेबल द्वारा दायर मुआवजे की याचिका को खारिज करते हुए यह बात कही, जिसने दावा किया था कि ट्रेन से गिरने के समय वह आधिकारिक ड्यूटी पर था। अधिकरण की अहमदाबाद पीठ ने राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) कर्मियों को ड्यूटी कार्ड पास जारी करने के परिपत्र के संबंध में रेलवे के लापरवाह रवैए को भी रेखांकित किया, जिन्हें अक्सर यात्रा करनी पड़ती है। जीआरपी कांस्टेबल राजेश बगुल ने अधिकरण में याचिका दायर कर रेलवे से ब्याज के साथ आठ लाख रुपए का मुआवजा मांगा था और दावा किया था कि दुर्घटना के दिन वह ड्यूटी पर थे।,

## वक्फ बोर्ड पर नियंत्रण लगाने का केंद्र का प्रस्ताव धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ : ओवैसी

**भाषा।** हैदराबाद



**केंद्र सरकार** द्वारा वक्फ बोर्ड की शक्तियों को सीमित करने के लिए विधेयक पेश किए जाने के संबंध में खबरों के बीच एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार वक्फ बोर्ड की स्वायत्तता छीनना चाहती है। ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन के नेता ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शुरू से ही वक्फ बोर्ड और वक्फ संपत्तियों के खिलाफ रही है और उसने अपने हिंदुत्व एजेंडे के तहत वक्फ संपत्तियों तथा वक्फ बोर्ड को खत्म करने का प्रयास शुरू किया है। ओवैसी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि प्रस्तावित संशोधनों के बारे में मीडिया में खबरें आ रही हैं, जिनसे पता चलता है कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार वक्फ बोर्ड की स्वायत्तता छीनना चाहती है। वह वक्फ संपत्ति के संचालन में हस्तक्षेप करना चाहती है। यह अपने आप में धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ है। हैदराबाद के सांसद ने कहा कि यदि वक्फ बोर्ड की स्थापना और संरचना में कोई संशोधन किया जाता है, तो प्रशासनिक अराजकता पैदा होगी और वक्फ बोर्ड अपनी स्वायत्तता खो देगा।

# रिकॉर्ड लाभ के बाद पेट्रोलियम कंपनियों के मुनाफे में 90 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली।** रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज करने के बाद सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों.. इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (एचपीसीएल) के अप्रैल–जून तिमाही के मुनाफे में 90 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है। इसकी प्रमुख वजह रसोई गैस (एलपीजी) की लागत से कम दाम पर बिक्री है। देश की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी आईओसी का अप्रैल–जून तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 81 प्रतिशत घटा है। यह चालू वित्त वित्त की पहली तिमाही में 2,643.18 करोड़ रुपए रहा है, जबकि एक साल




पहले की समान अवधि में कंपनी ने 13,750.44 करोड़ रुपए का लाभ कमाया था। तिमाही आधार पर भी कंपनी के मुनाफे में गिरावट आई है। इससे पिछली जनवरी–मार्च तिमाही में कंपनी का मुनाफा 11,570.82 करोड़ रुपए रहा था। तिमाही के दौरान एचपीसीएल का मुनाफा 90 प्रतिशत घटकर 633.94 करोड़ रुपए रह गया, जबकि अप्रैल–जून, 2023 में यह 6,765.50 करोड़ रुपए और पिछली मार्च तिमाही में 2,709.31 करोड़ रुपए था। बीपीसीएल का शुद्ध लाभ अप्रैल–जून में घटकर 2,841.55 करोड़ रुपए हो गया, जो एक साल पहले समान अवधि में 10,644.30 करोड़ रुपए और जनवरी–मार्च तिमाही में 4,789.57 करोड़ रुपए था। तीनों ईंधन खुदरा विक्रेताओं ने पिछले साल लागत में गिरावट के बावजूद पेट्रोल और डीजल की कीमतों को बरकरार रखकर अत्यधिक मुनाफा कमाया था। इन कंपनियों का तर्क था कि इससे पिछले साल लागत बढ़ने के बावजूद उन्होंने दाम नहीं बढ़ाए थे और नुकसान उठाया था।

## हिमाचल प्रदेश : बादल फटने की घटनाओं में मृतक संख्या 13 हुई

**भाषा।** शिमला

**हिमाचल प्रदेश** के मंडी और शिमला जिलों से चार शव मिलने के साथ ही राज्य के तीन जिलों में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। इकत्तीस जुलाई की रात में कुल्लू के निरमंड, सैंज व मलाणा, मंडी जिले के पधर और शिमला के रामपुर उपखंड में बादल फटने की कई घटनाओं ने भारी तबाही मचाई थी। इन घटनाओं के बाद अब भी 40 से अधिक लोग लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि मंडी जिले में पधर के राजभान गांव से सोनम (23) और मानवी (तीन माह) के शव बरामद किए गए हैं। बाद में शाम को रामपुर में सतलुज नदी के तट पर धकोली के समीप दो शव बरामद किए गए। शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने पीटीआई–भाषा को बताया कि अभी इन दोनों शवों की शिनाख्त नहीं की जा सकी है। अधिकारियों के अनुसार सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल, भारत–तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), पुलिस और होमगार्ड के 410 कर्मी इस बचावाखोज अभियान में शामिल हैं। चार और जेसीबी मशीनें लगाई गई हैं तथा बचाव अभियान जोर–शोर से चल रहा है।

# आतंकवाद प्रभावित डोडा में वीडीजी की सुरक्षा में शादी के बंधन में बंधा युगल

**भाषा।** डोडा–जम्मू



**जम्मू–कश्मीर** में डोडा के एक सुदूर गांव में जैल सिंह और रविता देवी की शादी के समय ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) आतंकियों के किसी भी खतरे को टालने के लिए पहरा दे रहे थे। सीमा पार से घुसपैठ कर आए आतंकियों के बारे में माना जा रहा है कि वे जिले के पर्वतीय इलाकों में छिपे हुए हैं। भगवाह पंचायत के गदन गांव निवासी 20 वर्षीय सिंह ने पिछले सप्ताह पहले से तय तारीख के अनुसार देवी के साथ विवाह की रस्में पूरी कीं, जबकि उनके क्षेत्र में नौ जुलाई को कई घंटों तक आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच भीषण गोलीबारी हुई थी। जम्मू क्षेत्र के डोडा में 12 जून से कई आतंकवादी घटनाएं हुई हैं, जिसे 18 वर्षों से शांति के बाद जिले में आतंकवाद को फिर से बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान स्थित आतंकवादी आकाओं द्वारा किए गए प्रयास के रूप में देखा गया है। पुलिस ने कई हमलों के लिए जिम्मेदार तीन आतंकवादियों के स्केच 27 जुलाई को जारी किए, जिनमें 15 जुलाई को डेसा जंगल में सेना के तलाशी दल पर हमला करने वाला आतंकवादी भी शामिल है। हमले में एक कैप्टन सहित चार सैनिक शहीद हो गए थे। गदन गांव के निवासी, वीडीजी सदस्य भरत सिंह (55) ने पीटीआई–भाषा से कहा, एक के बाद एक हुए आतंकवादी हमलों से लोगों में दहशत फैल गई है। यह शादी–ब्याह का समय है, इसलिए हम यह सुनिश्चित करने आगे आ रहे हैं कि लोग अपने महत्वपूर्ण अवसरों को आतंक के साए के बिना मना सकें। सिंह ने कहा कि वीडीजी ने गांव और आसपास के इलाकों में कुछ विवाह समारोहों के लिए सुरक्षा प्रदान की है तथा वे कई अन्य समारोहों के लिए भी ऐसा करेंगे, जो जल्द ही होने वाले हैं, क्योंकि उनकी उपस्थिति से लोग सुरक्षित महसूस करते हैं। देसा जंगल में भीषण मुठभेड़ के अलावा, 12 जून से 18 जुलाई के बीच चत्तरगल्ला दें, गंडोह, कास्तीगढ़ और घड़ी बगवाह जंगल में अलग–अलग आतंकी हमलों में कम से कम 10 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।जिले के गंडोह इलाके में 26 जून को दिनभर चले अभियान में तीन आतंकवादी मारे गए, जबकि घने जंगलों में छिपे अन्य आतंकी समूहों को खत्म करने के लिए तलाश जारी है। वीडीजी सदस्य ने कहा कि जैल सिंह के पिता करण सिंह विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) हैं, इसलिए इस समारोह को आतंकियों द्वारा निशाना बनाए जाने की आशंका थी। उन्होंने कहा, हमने न केवल गांव में परिवार को सुरक्षा प्रदान की, बल्कि गदन से लगभग 25 किलोमीटर दूर कोटी के रास्ते देवली गांव तक बारात के साथ भी गए। जब एक अन्य वीडीजी टीम ने जिम्मेदारी संभाली, तो हम आधे रास्ते से लौट आए। जिले में 1995 से 2006 के बीच ग्रामीणों पर हुए आतंकवादी हमलों को याद करते हुए भरत सिंह ने कहा कि वीडीजी अपने गांवों की चौबीसों घंटे रक्षा कर रहे हैं तथा वे स्वेच्छा से अपने बच्चों की शादी का जश्न मना रहे परिवारों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए आगे आए हैं। वीडीजी को पहले ग्राम रक्षा समिति (वीडीसी) के रूप में जाना जाता था। वर्ष 2022 में गृह मंत्रालय ने वीडीसी की नीति में बदलाव किया और ग्राम रक्षा समूह शुरू किए गए, जिनके सदस्यों को ग्राम रक्षक कहा जाता है।

# गाजा पर हुए हमलों में 18 की जान गयी

एपी। तेल अवील

**गाजा पर रविवार** को इजराइल की ओर से किए गए हमले में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि इजराइल के तेल अवीव के उपनगर में एक फलस्तीनी नागरिक ने दो लोगों की चाकू घोंपकर हत्या कर दी।इजराइल और हमास के बीच लगभग 10 महीने से जारी युद्ध तथा बुधवार को तेहरान में हमास नेता इस्माइल हनिया और मंगलवार को बेरूत में हिजबुल्ला कमांडर फौद शुकूर के मारे जाने के बाद से क्षेत्र में जारी तनाव के युद्ध में बदलने का खतरा बढ़ गया है, क्योंकि ईरान और उसके सहयोगियों ने इस हमले का करारा जवाब देने की धमकी दी है।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कैबिनेट की बैठक में कहा, इजराइल कई मोर्चों पर युद्ध कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश रक्षा या जवाबी हमले के लिए पूरी तरह तैयार है। जॉर्डन के विदेश मंत्री ईरान की दुर्लभ यात्रा पर हैं, क्योंकि अमेरिका और उसके अरब सहयोगी व्यापक संघर्ष को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। हमास का कहना है कि उसने नए नेता के चयन पर चर्चा शुरू कर दी है।



इजराइल की मैगन डेविड एडोम नामक बचाव सेवा और एक निकटवर्ती अस्पताल के अनुसार, फलस्तीनी उग्रवादी द्वारा चाकू से किए गए हमले में 70 वर्षीय एक महिला और 80 वर्षीय एक पुरुष की मौत हो गई तथा दो अन्य व्यक्ति घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि यह हमला एक फलस्तीनी चरमपंथी द्वारा किया गया जिसे मार गिराया गया। बचावकर्मियों ने बताया कि इस हमले में घायल हुए व्यक्ति तीन अलग-अलग स्थानों पर पाए गए जिससे यह अंदेशा लगाया जा रहा है कि हमलावर एक से अधिक थे लेकिन बाद में इस संभावना से इनकार कर दिया गया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजराइल द्वारा रविवार को गाजा के अल-अक्सा शहीद अस्पताल परिसर के अंदर विस्थापित लोगों के लिए बने शिविर पर किए गए हमले में एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। इजराइली सेना ने कहा कि उसने हमले में एक फलस्तीनी चरमपंथी को निशाना बनाया लेकिन वहां और भी धमाके हुए जो इस बात का संकेत देता है कि क्षेत्र में हथियार मौजूद थे। इसके अलावा दीर अल-बलाह के पास एक घर पर हमले की अलग घटना में एक बच्ची और उसके माता-पिता की मौत हो गई। मंत्रालय के अनुसार, उत्तरी गाजा में हुए एक अन्य हमले में एक घर पूरी तरह नष्ट हो गया जिसमें कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। नागरिक सुरक्षा एजेंसी के अनुसार, गाजा शहर में एक वाहन पर हुए हमले में तीन अन्य लोगों की जान चली गई।

## ● इजराल में दो लोगों की चाकू मार कर हत्या

# संघीय चुनाव दंगा मामला : अमेरिकी न्यायाधीश ने अभियोग रद्द करने का अनुरोध खारिज किया

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों की घोषणा के बाद हुए दंगों के संबंध में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई कर रही संघीय अदालत ने इस आधार पर अभियोग रद्द करने के बचाव पक्ष के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ बदले की कार्वाई के तहत और राजनीतिक उद्देश्यों के कारण मुकदमा चलाया जा रहा है। अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने पिछले महीने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाकर पूर्व राष्ट्रपतियों को व्यापक सुरक्षा प्रदान की थी और ट्रंप के खिलाफ विशेष वकील जैक स्मिथ के मामले को सीमित कर दिया गया था। उच्चतम



न्यायालय के इस फैसले के बाद अमेरिकी जिला न्यायाधीश तान्या चुटकन का यह फैसला दंगों के मामले में पहला ठोस आदेश है। अभियोग को खारिज किए जाने का अनुरोध करते हुए बचाव पक्ष के वकीलों ने तर्क दिया कि ट्रंप के साथ गलत व्यवहार किया गया और उन पर मुकदमा चलाया गया, जबकि चुनाव परिणामों को चुनौती देने वाले अन्य लोग आपराधिक आरोपों से बच गए। इस वर्ष होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप के वकीलों ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन और विधि मंत्रालय ने उन्हें फिर से चुनाव जीतने से रोकने के लिए यह अभियोग चलाया। बहरहाल, चुटकन ने दोनों दलीलों को खारिज कर दिया और कहा कि ट्रंप पर केवल चुनाव परिणामों को चुनौती देने के लिए अभियोग नहीं चलाया गया, बल्कि उन पर आपराधिक साजिश को आगे बढ़ाने के लिए जानबूझकर गलत बयान देने और चुनाव प्रमाणन कार्यवाही में बाधा डालने का आरोप लगाया गया है। पिछले साल अगस्त में चलाए गए इस अभियोग में ट्रंप पर विभिन्न योजनाओं के जरिए 2020 के राष्ट्रपति पद के चुनाव के नतीजों को पलटने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है।

# ब्रिटेन में प्रवासी विरोधी दक्षिणपंथी समूहों का हिंसक प्रदर्शन

एपी। लंदन

**ब्रिटेन के** उत्तरी शहर रॉदरहैम में रविवार को पुलिस को धुर दक्षिणपंथी समूह के कार्यकर्ताओं के समूह को एक होटल में घुसने की कोशिश करने से रोकने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। माना जाता है कि ब्रिटेन में शरण लेना चाह रहे लोग इस होटल में ठहरे हुए हैं। पिछले सप्ताह एक डांस क्लास में चाकूबाजी की घटना के बाद दंगे नहीं रुक रहे हैं। उक्त घटना में तीन लड़कियों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए। दूसरी आरे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने शरणार्थियों के लिए बने होटल पर हमले की निंदा की और इस कार्रवाई को दक्षिणपंथी गुंडागर्दी करार दिया।

स्काई न्यूज की फुटेज में पुलिस अधिकारी दंगाइयों को हॉलिडे इन एक्सप्रेस होटल में घुसने से रोकने की कोशिश करते दिख रहे हैं। वहां आग भी नजर आई जबकि होटल की खिड़कियां टूटी हुई दिख रही हैं। देशभर में और भी प्रदर्शन होने की उम्मीद है, साथ ही इसके विरोध में भी प्रदर्शन की योजना बनाई जा रही है।

शनिवार को, दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं का पूरे ब्रिटेन में नस्लवाद विरोधी प्रदर्शनकारियों से आमना-सामना हुआ, जिसमें उत्तरी आयरलैंड की राजधानी बेलफास्ट से लेकर ब्रिटेन के उत्तर-पश्चिम में लिवरपूल और पश्चिम में ब्रिस्टल तक हिंसक दृश्य देखने को मिले। सीसीटीवी, सोशल मीडिया पर मौजूद वीडियो और अन्य फुटेज की जांच की जा रही है जिसके कारण और भी गिरफ्तारियां होने की संभावना है।

शनिवार को सिर्फ एक घटना में, मर्सीसाइड पुलिस ने कहा कि लिवरपूल में लगभग 300 लोग हिंसक उपद्रव में शामिल थे, जिसमें एक सामुदायिक इकाई में आग लगा दी गई। देश के सबसे वंचित समुदायों में से एक को सहायता प्रदान करने के लिए पिछले साल खोला गया स्पेलो लेन लाइब्रेरी हब के भूतल को गंभीर नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने कहा कि दंगाइयों ने दमकलकर्मियों को आग तक पहुंचने से रोकने की कोशिश की, और दमकल की गाड़ी को निशाना बनाया। पिछले सप्ताह उत्तर-पश्चिमी ब्रिटेन के साउथपोर्ट में बच्चों की डांस क्लास में हुई चाकूबाजी की घटना में तीन लड़कियों की मौत हो गई थी। साउथपोर्ट में सोमवार को हुए हमले के थोड़ी देर बाद ही 17 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया था जिसका नाम एक्सेल मुगनवा रुदाकुबाना है। उसका जन्म वेल्स में हुआ था और और वह लंकाशायर के बैंक्स गांव का रहने वाला है। अदालत द्वारा प्रतिबंध हटाने के बाद उसका नाम सार्वजनिक किया गया। उसे लिवरपूल नगर मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया, जहां उस पर हत्या के तीन और हत्या की कोशिश के 10 आरोप लगाए गए तथा चाकू रखने का भी आरोप लगाया गया। न्यायाधीश एंड्रयू मेनरी ने यह दलील सुनने के बाद कि आरोपी का 18वां जन्मदिन सात अगस्त को है, आरोपी का नाम सार्वजनिक न करने के कानूनी प्रतिबंध को हटा दिया और अगली सुनवाई तक उसे हिरासत में भेज दिया।

दूसरी ओर ब्रिटेन के कई शहरों में हिंसा भड़कने के बीच प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने शरणार्थियों के लिए बने होटल पर हमले की निंदा करते हुए इसे दक्षिणपंथी गुंडागर्दी करार दिया। प्रधानमंत्री ने रविवार दोपहर 10 डाउनिंग स्ट्रीट से दिए गए एक बयान में देश के विभिन्न हिस्सों में जारी अशांति के बीच राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, हम इन गुंडों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए जो भी करना होगा, करेंगे।

## ● प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने शरणार्थियों के लिए बने होटल पर हमले की निंदा की और इस कार्रवाई को दक्षिणपंथी गुंडागर्दी करार दिया।

# यूक्रेनी हमले में रूसी पनडुब्बी डूबी, कई इमारतें क्षतिग्रस्त

भाषा। कीव

**यूक्रेन ने** लंबी दूरी के हमले तेज करते हुए पिछले 24 घंटे में रूस की एक पनडुब्बी को डुबो दिया और उसकी एक हवाई पट्टी को निशाना बनाते हुए कई इमारतों को क्षतिग्रस्त कर दिया जिससे एक महिला की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूस ने कहा कि यूक्रेनी ड्रोन ने एक अपार्टमेंट इमारत पर भी हमला किया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। जुलाई के बाद से हमलों में बढ़ोतरी तब हुई है जब यूक्रेन अपने सहयोगियों पर रूसी ठिकानों पर



हमला करने के लिए लंबी दूरी की मिसाइलों का उपयोग करने की अनुमति देने का दबाव बना रहा है। पश्चिमी सहयोगियों, विशेष रूप से अमेरिका, ने मॉस्को से तनाव बढ़ने के डर से अब तक अनुमति देने का विरोध किया है। जनरल स्टाफ की ओर से शनिवार को जारी एक बयान के अनुसार, यूक्रेन ने मॉस्को के कब्जे वाले क्रीमिया प्रायद्वीप में एक रूसी किलो श्रेणी की पनडुब्बी और एक एस-400 विमान भेदी मिसाइल परिसर पर हमला किया। रूसी सेना को आपूर्ति करने वाले एक महत्वपूर्ण रसद और परिवहन केंद्र केर्च स्ट्रेट ब्रिज की सुरक्षा के लिए वायु रक्षा प्रणाली की स्थापना की गई थी। बयान के मुताबिक, मिसाइल फोर्स की कई इकाइयों के साथ ही नौसेना ने ट्रायम्फ वायु रक्षा प्रणाली के चार लांचरों को क्षतिग्रस्त कर दिया, जबकि सेवस्तोपोल बंदरगाह पर रोस्तोव-ऑन-डॉन (रूस के काला सागर बेड़े की एक पनडुब्बी) पर हमला करके उसे डुबो दिया। जनरल स्टाफ ने यह भी पुष्टि की कि यूक्रेनी सेना ने रूस पर बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले के बाद रोस्तोव क्षेत्र में मोरोजोवस्क हवाई पट्टी पर हमला किया। गोला-बारूद के गोदामों को निशाना बनाया गया जहां हवाई हमले में इस्तेमाल होने वाले निर्देशित बम संग्रहीत किए गए थे। बयान में कहा गया कि यह अभियान यूक्रेन की सुरक्षा सेवा, मुख्य खुफिया निदेशालय और रक्षा मंत्रालय द्वारा चलाया गया। इस बीच, बेलगोरोद के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने कहा कि रविवार तड़के शेबेकिनो शहर में एक अपार्टमेंट इमारत पर यूक्रेनी ड्रोन हमले में एक महिला की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी ड्रोन हमले में शहर की कई अन्य इमारतें भी क्षतिग्रस्त हो गईं।

# पाकिस्तान की सेना को मुझसे माफी मांगनी चाहिए: इमरान खान

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पिछले साल नौ मई को उनकी गिरफ्तारी के बाद भड़के दंगों के लिए माफी मांगने से इनकार कर दिया है और कहा है कि सेना को उनसे माफी मांगनी चाहिए क्योंकि हिंसा के दिन पाक रेंजर्स ने उनका अपहरण कर लिया था। खान (71) को नौ मई 2023 को भ्रष्टाचार के एक मामले में पेशी के दौरान इस्लामाबाद उच्च न्यायालय परिसर से पाक रेंजर्स ने गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों ने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया और दंगे भड़क उठे थे। इससे देशभर में नागरिक और



सैन्य प्रतिष्ठानों को नुकसान हुआ था। सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल अहमद शरीफ ने इस वर्ष सात मई को कहा था कि पीटीआई (इमरान की पार्टी) के साथ कोई भी बातचीत हो सकती है, बशर्ते पार्टी अपनी अराजकता की राजनीति के लिए माफी मांगे। इस बयान के बाद, विभिन्न क्षेत्रों से यह मांग उठी कि खान की पार्टी को काला दिवस हिंसा के लिए माफी मांगनी चाहिए। डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को रावलपिंडी की अदियाला जेल में मीडिया से बातचीत के दौरान खान ने एक सवाल के जवाब में कहा कि नौ मई की हिंसा के लिए माफी मांगने का कोई कारण नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस्लामाबाद उच्च न्यायालय परिसर से एक मेजर जनरल के नेतृत्व में रेंजर्स ने गिरफ्तार किया था। खान ने कहा कि उल्टा सेना को उनसे माफी मांगनी चाहिए क्योंकि हिंसा के दिन पाक रेंजर्स ने उनका अपहरण कर लिया था।

# हमास नेता हनिया को छोटी दूरी के राकेट से निशाना बनाया गया : ईरान

**तेहरान।** ईरान के अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड ने शनिवार को कहा कि इजराइल ने छोटी दूरी के रॉकेट से हमास नेता इस्माइल हनिया को निशाना बनाया। उसने अमेरिका पर इस हमले में इजराइल का समर्थन करने का आरोप भी लगाया। सरकारी टेलीविजन चैनल पर प्रसारित बयान में रिवोल्यूशनरी गार्ड ने हनिया की मौत का बदला लेने का आह्वान दोहराया। उसने कहा कि बुधवार को राजधानी तेहरान में हमास के राजनीतिक प्रमुख हनिया के आवास को निशाना बनाने के लिए सात किलोग्राम के हथियार से लैस रॉकेट का सहारा लिया गया। रिवोल्यूशनरी गार्ड ने हमले से बड़े पैमाने पर तबाही मचने का दावा किया। हालांकि, उसने यह नहीं बताया कि तेहरान में हनिया का आवास कहां था। हनिया ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिए ईरान में था। रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा, जायोनी शासन ने हमले की योजना बनाई और इसे अंजाम तक पहुंचाया। इस काम में अमेरिका ने उसका साथ दिया। उसने धमकी दी कि युद्धोन्मादी और आतंकवादी जायोनी शासन को उचित समय, स्थान और पैमाने पर कठोर सजा मिलेगी। इजराइल ने हनिया की हत्या में न तो अपनी भूमिका होने से इनकार किया है, न ही इसे स्वीकार किया है। हालांकि, उसने पिछले साल सात अक्टूबर को उसके दक्षिणी क्षेत्र में हुए अप्रत्याशित हमले के बाद हनिया और अन्य हमास नेताओं को मार गिराने का संकल्प लिया था।

# वजन घटाने के उपाय के रूप में अब चलन बन गया है अरंडी का तेल

भाषा। ग्लासगो (ब्रिटेन)

**अरंडी का तेल**, जिसे कभी इटली में फासीवादी लोग इसके त्वरित रेचक (लैक्सेटिव) प्रभाव के कारण सजा देने में इस्तेमाल करते थे, अब टिकटॉक पर वजन घटाने का चलन बन गया है। इसे पीया नहीं जाता, बल्कि अपने पेट पर लगाना होता है। लोग इसे अपनी नाभि में भी लगा रहे हैं और इससे गीला किए गए तौलिए को अपने पेट के चारों ओर लपेट रहे हैं। उनका दावा है कि यह पेट की चर्बी को कम कर सकता है और सूजन से राहत दिलाता है। अरंडी का तेल, अरंडी के पौधे की फलियों से बनाया जाता है। यह तेल एक प्राचीन औषधि है। इसका उल्लेख प्राचीन मिस्र के चिकित्सा ग्रंथ एबर्स पेपिरस (1550 ईसा पूर्व) में मिलता है। इसका उपयोग रेचक के रूप में और विभिन्न त्वचा रोगों के उपचार के लिए किया जाता था। कहा जाता है कि (मिस्र के टोलेमी वंश की अंतिम रानी) क्लियोपेट्रा ने इसे अपने बालों में और अपनी आंखों के सफेद भाग को चमकाने के लिए इस्तेमाल किया था। इस गंधहीन तेल में रिसिनोलेइक एसिड नामक वसायुक्त पदार्थ प्रचुर मात्रा में होता है, जो मल त्याग में सहायक होता है। वर्तमान में, यह कुछ देशों में अल्पकालिक कब्ज के लिए एक स्वीकृत उपाय है और इसका उपयोग चिकित्सा जांच से पहले आंत को साफ करने के लिए किया जाता है। हालांकि, यह इंगित करने के लिए अधिक वैज्ञानिक प्रमाण नहीं हैं कि यह रेचक प्रभाव अन्य आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले जुलाब से बेहतर है, जैसे कि सेन्ना - जिसका उपयोग सदियों से किया जाता रहा है। इस तेल के अन्य पारंपरिक उपयोगों में आंखों में दर्द व जलन के इलाज के रूप में, जोड़ों और मासिक धर्म के दर्द से राहत दिलाने के लिए और प्रसव को प्रेरित करने के उपाय के रूप में शामिल हैं। लेकिन, इन चीजों को प्रमाणित करने के साक्ष्य कम हैं। अरंडी का तेल न केवल पिया जाता है, बल्कि इसका व्यापक रूप से त्वचा क्रीम, हेयर कंडीशनर और लिपस्टिक जैसे अन्य सौंदर्य उत्पादों में भी उपयोग किया जाता है। इसका उपयोग त्वचा को नमी प्रदान करने और झुर्रियों को कम करने के लिए किया जाता है। इसके मॉइस्चराइजिंग गुणों का श्रेय रिसिनोलेइक एसिड को दिया जाता है। हेयरकेयर उत्पादों के हिस्से के रूप में, यह बालों के झड़ने और रूसी (डैंड्रफ) से निपटने में मदद करता है। लेकिन अरंडी के तेल को एकल उत्पाद के रूप में लेना जोखिम मुक्त नहीं है।

## बाल कुपोषण से निपटने के लिए अभियान

बच्चों में कुपोषण से निपटने और भारत में स्वास्थय को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, स्वास्थ्य और खुशहाली का समर्थन करने वाली अग्रणी कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ने चाइल्डफंड इंडिया के साथ साझेदारी में अपने प्रतिष्ठित कार्यक्रम पावर ऑफ का लखनऊ में विस्तार करने की घोषणा की है। हरियाणा, कोलकाताए मुंबई और चेन्नई में लाखों लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने के बादए यह कार्यक्रम अब लखनऊ तक अपनी पहुंच बढ़ा रहा है। स्वास्थ्य और खुशहाली को बढ़ाने के लिए एमवे की दृढ़ प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप मेंए यह पहल बच्चोंए माताओं और देखभाल करने वालों को प्रभावी पोषण संबंधी शिक्षा और मार्गदर्शन के साथ लक्षित करती है। इस कार्यक्रम के माध्यम स, एमवे इंडिया न केवल व्यक्तिगत जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास करता है, बल्कि स्वस्थ परिवारों और समुदायों के लिए एक आधार तैयार करता हैए जो लोगों को बेहतरए स्वस्थ जीवन जीने में मदद करने के कंपनी के दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से मेल खाता है।इस विस्तार पर टिप्पणी करते हुए एमवे इंडिया के प्रबंध निदेशक रजनीश चोपड़ा ने कहा कि एक हालिया रिपोर्ट भारत में बच्चों में कुपोषण की चिंताजनक व्यापकता को रेखांकित करती है। इसमें कहा गया है कि 6 वर्ष से कम आयु के लगभग 8.57 करोड़ बच्चों में से 17प्रतिशत कम वजन वालेए 36 प्रतिशत बौने और 6 कमजोर हैं। एमवे इंडिया द्वारा सरकार के राष्ट्रीय पोषण मिशन के साथ संरेखित करते हुए लखनऊ में पावर ऑफ5 कार्यक्रम का शुभारंभ इस महत्वपूर्ण मुद्दे को संबोधित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। न्यूट्रीलाइट के साथ हमारी 90 साल की विरासत हमें जरूरत.आधारित स्वास्थ्य और खुशहाली समाधान प्रदान करने में एक विशेष बढ़त देती है।

## अमेरिकी नेशनल पार्क में डूबे भारतीय का शव मिला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मोटाना प्रांत के प्रसिद्ध ग्लेशियर नेशनल पार्क में पिछले महीने डूबे 26 वर्षीय भारतीय आईटी पेशेवर का शव पार्क रेंजर ने बरामद कर लिया है। यह जानकारी मीडिया की खबरों से मिली।सिद्धांत विट्ठल पाटिल छह जुलाई को एक पहाड़ी इलाके में यात्रा के दौरान एक बड़ी चट्टान से गिरकर एवलांच क्रीक में डूब गए। एनबीसी मोटाना ने बताया कि पार्क अधिकारियों के अनुसार, आगंतुकों ने शनिवार पूर्वाह्न लगभग 10:30 बजे एक शव देखने की सूचना दी, जिसके बाद रेंजर ने शव को वहां से निकाला। डेली इंटर लेक समाचार पत्र ने पार्क अधिकारियों की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति का हवाला देते हुए बताया कि घटना के समय पाटिल ने जो कपड़े और उपकरण पहने हुए थे, उनसे मिलते-जुलते कपड़े और उपकरण भी बरामद किए गए। इसमें कहा गया है कि फ्लैटहेड काउंटी के अधिकारी डीएनए जांच के माध्यम से पहचान की पुष्टि करने का प्रयास कर रहे है। महाराष्ट्र के रहने वाले पाटिल कैलिफोर्निया में काम कर रहे थे और घटना के समय दोस्तों के साथ छुट्टियां बिताने आए थे।

## लास वेगास के कैसीनो में चाकू से हमला, एक व्यक्ति को गोली भी मारी गई

**लास वेगास।** अमेरिका के नेवादा प्रांत के लास वेगास शहर में स्थित एक कैसीनो में शनिवार को दो लोगों पर चाकू से हमला किया गया, जबकि एक अन्य व्यक्ति को गोली मार दी गई। अधिकारियों ने हमले में घायल तीनों लोगों को अस्पताल में भर्ती कराए जाने की जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि रेड रॉक कैसीनो रिजॉर्ट एंड स्पा में शनिवार देर रात डेढ़ बजे चाकू से हमले और गोलीबारी की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि हमले में घायल तीन लोगों में से दो की हालत गंभीर है।पुलिस ने अभी तक हमलावरों की पहचान जाहिर नही की है और न ही यह बताया है कि हमले की वजह क्या थी। हालांकि, उसने कहा कि क्षेत्र के लोगों को कोई खतरा नही है। कैसीनो के प्रवक्ता ने लास वेगास में उसके परिसर में हमले की पुष्टि की। हालांकि, उसने घटना के संबंध में कोई विवरण देने से इनकार कर दिया।

## अमेज़न ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल मनाएगा

**अमेजन।** अमेज़न पूरी दुनिया में ग्रेट फ ्रीडम फेस्टिवल 6-11 अगस्त 2024 के दौरान आज़ादी का जश्न मनाने के लिए तैयारहै। इस साल उपभोक्ता कलाकारों एवं बुनकरों, महिला उद्यमियों, स्टाट,अप्स, ब्राण्ड्स एवं स्थानीय स्टोर्स सहित विभिन्न विक्रेताओं की ओर विभिन्न कैटेगरीज़ जैसे स्मार्टफ ोन, कन्ज़्यूमर इलेक्ट्रोनिक्स,ग्रॉसरी,फैशन, ब्यूटी असेन्शियल्स, होम एण्ड किचन, बड़े अप्लायन्सेज़,टेलीविज़न आदि में लाखों प्रोडक्ट्स पर आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। उपभोक्ता एसबीआई क्रेडिट कार्ड और ईएमआई लेनदेन पर अतिरिक्त 10 फ ीसदी इंस्टेन्ट ऑफ पाकर ज़्यादा बचत कर सकते हैंय साथ ही एमज़ॉन पे आईसीआईसीआई केडिट कार्ड के साथ खरीददारी पर 5 फीसदी कैशबैक पा सकते हैं । उपभोक्ता जाने-माने ब्राण्ड्स पर बेहतरीन ऑफर्स का फायदा पा सकते हैं। ग्रेट फ ्रीडम फेस्टिवल के दौरान उपभोक्ता अमेज़न लाइव के साथ जुड़ सकते हैं,जहां विशेषज्ञ इन्फ्लुएंसर्स एवं क्रिएटर्स इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किए जाएंगे।

## हिग्स कण ने अब तक ब्रह्मांड को खत्म कर दिया होता

**लंदन।** हमारा ब्रह्मांड भले ही स्थिर नजर आ रहा हो जो 13.7 अरब वर्षों से अस्तित्व में है लेकिन कई प्रयोगों से पता चलता है कि यह खतरे में है - जैसे कि एक बहुत खतरनाक खड़ी ढाल के किनारे पर चलना। और यह सब एक ही मूल कण हिग्स बोसोन की अस्थिरता के कारण है। मेरे और मेरे सहकर्मियों द्वारा किए गए नए शोध को हाल में फिजिकल लेटर्स बी में प्रकाशन के लिए स्वीकार किया गया है। शोध में हमने प्रदर्शित किया है कि प्रारंभिक ब्रह्मांड के कुछ मॉडल, जिनमें लाइट प्रीमोर्डिकल ब्लैक होल (आदिम ब्लैक होल) नामक वस्तुएं शामिल है।

## क्विक न्यूज

## अदन की खाड़ी से गुजर रहे जहाज पर हूती विद्रोहियों का हमला

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी से गुजर रहे एक मालवाहक जहाज पर शनिवार देर रात मिसाइल हमला कर दिया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह इजराइल द्वारा हमास नेता इस्माइल हनिया को निशाना बनाए जाने के बाद समूह का संभवतः पहला हमला है। हनिया को हूती विद्रोहियों का मुख्य वित्त पोषक माना जाता था। हालांकि, हूती विद्रोहियों ने अभी इस हमले की जिम्मेदारी नही ली है। हूती विद्रोहियों ने लाल सागर गलियारे से गुजरने वाले जहाजों पर अपने हमलों में दो हफ्ते के विराम का कोई कारण नही बताया है। पिछले साल नवंबर में गाजा पट्टी में हमास पर इजराइल की जवाबी कार्वाई के बाद भी क्षेत्र में हूती विद्रोहियों के हमले में इसी तरह का विराम देखने को मिला था। अदन की खाड़ी में मालवाहक जहाज पर हमला तेहरान में इजराइल के संदिग्ध हवाई हमले में हमास नेता हनिया की मौत के बाद हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि हमला अदन से लगभग 225 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में अदन की खाड़ी के उस हिस्से में हुआ, जहां हूती विद्रोही पहले भी कई जहाजों को निशाना बना चुके है। ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर (यूकेएमटीओ) के बयान के मुताबिक, जहाज पर तैनात एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि जहाज को एक मिसाइल से निशाना गया, लेकिन इससे आग लगने, पानी भरने या तेल का रिसाव होने की कोई सूचना नही है। यूकेएमटीओ पश्चिम एशिया में हमलों की जानकारी उपलब्ध कराता है। उसने मिसाइल हमले के शिकार जहाज का कोई विवरण साझा नही किया। निजी सुरक्षा कंपनी आम्ब्रे ने भी अदन की खाड़ी में मालवाहक जहाज पर हमले की खबर दी। उसने संकेत दिया कि अदन की खाड़ी में लाइबेरिया के झंडे वाले मालवाहक जहाज ग्रोटन को निशाना बनाया गया, जो संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैरा से सऊदी अरब के जेद्दा के लिए रवाना हुआ था। हालांकि, ग्रोटन के यूनानी प्रबंधकों ने घटनाक्रम पर अभी कोई प्रतिक्रिया नही दी है।

## पाकिस्तान: उच्चतम न्यायालय के दो न्यायाधीशों ने आरक्षित सीटों के मामले में असहमति व्यक्त की

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय के दो न्यायाधीशो ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए संसद और प्रांतीय असेंबली में महिलाओ तथा अल्पसंख्यको के लिए आरक्षित सीटो को लेकर शीर्ष अदालत के बहुमत के फैसले पर असहमति जताते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी को ए सीट दिलाने के लिए संविधान के कुछ प्रावधानो से परे जाने की जरूरत है। उच्चतम न्यायालय के दो न्यायाधीशो-अमीनुद्दीन खान और नईम अख्तर अफगान ने इस वर्ष 12 जुलाई को पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा के नेतृत्व वाली शीर्ष अदालत की पूर्ण पीठ द्वारा घोषित बहुमत के फैसले में 29 पृष्ठो का असहमति नोट जारी किया है। खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी द्वारा समर्थित उम्मीदवार पार्टी का चुनाव चिह्न छीन लिए जाने के बाद आठ फरवरी को हुए चुनावो में निर्दलीय के रूप में उतरे थे और जीत हासिल की थी। वे गठबंधन बनाने के लिए सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) में शामिल हो गए थे, जो पाकिस्तान में इस्लामी राजनीतिक और बरेलवी धार्मिक दलो का एक राजनीतिक गठबंधन है। तेरह सदस्ईय पूर्ण न्यायालय के आठ न्यायाधीशो ने 12 जुलाई को सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) द्वारा पेशावर उच्च न्यायालय (पीएचसी) के आदेश के खिलाफ दायर अपील को स्वीकार कर लिया। आदेश में पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग के उस निर्णय को बरकरार रखा गया था, जिसमें एसआईसी को विधायिकाओ में महिलाओ और अल्पसंख्यको के लिए आरक्षित सीट नही देने का निर्णय लिया गया था। उच्चतम न्यायालय ने फैसला सुनाया कि खान की पार्टी संसद में महिलाओ और अल्पसंख्यको के लिए आरक्षित 20 से अधिक सीट के लिए पात्र है। न्यायाधीशो ने बहुमत के फैसले मे 80 एसआईसी सांसदो मे से 39 को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के सदस्य के रूप में स्वीकार किया था क्योंकि उन्होंने आम चुनाव से पहले ईसीपी को अपनी पार्टी संबद्धता प्रमाणपत्र जमा किए थे। उन्होंने शेष 41 सांसदो को 15 दिनो के भीतर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ मे शामिल होने की अनुमति भी दी थी।

## अमेरिकी विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए गलत दस्तावेज देने का आरोपी भारतीय छात्र स्वदेश लौटेगा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका मे एक विश्वविद्यालय मे दाखिला पाने के लिए कागजात मे हेरफेर करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए भारतीय छात्र को अमेरिकी अधिकारियों के साथ हुए एक समझौते के तहत स्वदेश भेजा जाएगा। आर्यन आनंद (19) ने शिक्षण सत्र 2023-2024 मे पेंसिल्वेनिया के लेहाए विश्वविद्यालय मे प्रवेश पाने के लिए फर्जी दस्तावेज जमा कराए थे। लेहा, विश्वविद्यालय के छात्रों की ओर से प्रकाशित समाचार पत्र द ब्राउन एंड व्हाइट की पिछले महीने की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि पुलिस जांच मे पाया गया है कि आनंद ने प्रवेश और वित्तीय सहायता संबंधी दस्तावेजो मे हेरफेर की है। खबर में कहा गया था कि उसने दाखिला और छात्रवृत्ति हासिल करने के लिए अपने पिता की मौत का झूठा दावा भी किया था। आनंद पर मजिस्टेरियल डिस्ट्रिक्ट जज जॉर्डन निस्ले की अदालत मे मुकदमा चलाया गया, जिसकी जमानत राशि 25 हजार अमेरिकी डॉलर थी। उसे जालसाजी के आरोप में दोषी ठहराया गया। वेबसाइट लेहाएवैलीलाइव डॉट कॉम ने बचाव पक्ष के वकील मौली हेइडोर्न के हवाले से बताया कि याचिका समझौते के तहत आनंद को एक से तीन महीने की सजा सुनाई गई, जो उसके द्वारा जेल मे बिताई गई अवधि के समान है। इस समझौते के तहत आनंद को भारत लौटना होगा। लेहाए विश्वविद्यालय ने छात्र से 85,000 अमेरिकी डॉलर की क्षतिपूर्ति की मांग नही की। उसे रिहा करके अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन के अधिकारियो के सुपुर्द किया गया। छात्र की ओर से प्रवेश के लिए दस्तावेजो मे हेरफेर किए जाने का पूरा मामला तब सामने आया, जब उसने सोशल मीडिया मंच रेडिट पर एक पोस्ट साझा किया, जिसका शीर्षक था मैंने झूठ की बुनियाद पर अपना जीवन और करियर बनाया। हालांकि, उस पोस्ट मे उसने अपनी पहचान उजागर नही की थी, लेकिन हेरफेर के तरीके की विस्तृत जानकारी दी थी। बाद मे आनंद ने उस पोस्ट को हटा दिया था, लेकिन पुलिस की जांच मे पता चला कि यह पोस्ट आनंद ने ही किया था।

## जॉर्डन के शीर्ष राजनयिक बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच ईरान का दौरा करेंगे

**तेहरान।** जॉर्डन के विदेश मंत्री रविवार को ईरान का दौरा कर सकते है। ईरान समर्थित चरमपंथी समूह के शीर्ष उग्रवादियों के एक के बाद एक मारे जाने के बाद अमेरिका और उसके अरब सहयोगी युद्ध के खतरे को कम करने की कोशिशो मे जुटे है, जबकि हमास इजराइल से बदला लेने की कसमे खा रहा है।आयमान सफादी 20 से अधिक वर्षो मे ईरान की आधिकारिक यात्रा करने वाले जॉर्डन के पहले वरिष्ठ अधिकारी होंगे।जॉर्डन को पश्चिमी देशो का करीबी सहयोगी माना जाता है और उसने अप्रैल मे ईरान द्वारा इजराइल की ओर दागी गई कई मिसाइलो और ड्रोन को रोकने मे मदद भी की थी।ईरान ने कहा कि वह सीरिया मे इजराइली हमले मे अपने शीर्ष अधिकारियो की हत्या का बदला ले रहा है।कई लोगों को आशंका है कि पिछले सप्ताह बेरूत में इजराइल द्वारा किए गए हमले मे हिजबुल्ला के एक वरिष्ठ कमांडर के मारे जाने तथा उसके एक दिन बाद तेहरान मे हुए विस्फोट मे हमास के शीर्ष राजनेता की मौत के बाद ईरान एवं उसके क्षेत्रीय सहयोगी भी इसी तरह का हमला कर सकते है। दोनो हमलो के लिए इजराइल को दोषी ठहराया गया है और उसने हिजबुल्ला कमांडर की हत्या की बात को कबूल लिया है। ईरान, हिजबुल्ला और हमास ने इन हमलो का बदला लेने की कसम खाई है। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने एक बयान मे कहा, सफादी क्षेत्र की स्थिति और द्विपक्षीय संबंधों पर शाह अब्दुल्ला द्वितीय की ओर से ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन को संदेश देंगे।

# ऐसी जीत बरसों बाद देखी, मेरे आंसू रूके ही नहीं : धनराज

● 44 साल बाद हमें ओलंपिक का स्वर्ण दिला सकती है यह टीम

**भाषा।** नई दिल्ली




**मेरे आंसू ही** नहीं रूक रहे थे , बरसों बाद इतनी अच्छी हॉकी देखी और अब मुझे यकीन हो गया है कि यह टीम 44 साल बाद हमें ओलंपिक का स्वर्ण दिला सकती है , यह कहना है महान हॉकी खिलाड़ी धनराज पिल्लै का। भारतीय टीम ने दस खिलाड़ियों तक सिमटने के बावजूद पेरिस ओलंपिक क्वार्टर फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में ब्रिटेन को 4 -2 से हराया तो टीवी के सामने नजरें गड़ाए बैठे धनराज जैसे दिग्गज भी खुशी से उछल पड़े। चार ओलंपिक और चार विश्व कप खेल चुके धनराज ने भाषा से बातचीत में कहा , मेरी आंखों से आंसू अपने आप टपक गए। सिडनी ओलंपिक 2000 के बाद ऐसा मैच पहली बार देखा। श्रीजेश गोलपोस्ट के सामने दीवार की तरह खड़ा था और जितने उसने बचाव किए हैं, वह चमत्कार से कम नहीं। उन्होंने कहा , मेरे रोंगटे खड़े हो गए थे मैच देखते समय। मैं इतना खुश हुआ कि पेनल्टी शूटआउट में भारत के चौथे गोल के बाद जोर से चिल्लाने लगा। लोग मुझे बोलने लगे कि अरे बिल्डिंग वाले बाहर निकल आएंगे लेकिन मैं इतना खुश था कि बता नहीं सकता। धनराज ने कहा, बहुत साल बाद मैने मैच का पूरा मजा लिया। एक मिनट के लिए भी जगह से नहीं हटा। अपनी भावनाओं पर काबू करने की कोशिश करते हुए उन्होंने कहा , इस प्रदर्शन की तारीफ के लिए मेरे पास शब्द नहीं है। 42 मिनट क्वार्टर फाइनल दस खिलाड़ियों के साथ खेलना आसान नहीं था। हम रक्षात्मक हुए लेकिन वह जरूरी था। जिस तरीके से श्रीजेश और हमारे डिफेंडरों ने आज खेला और पेनल्टी शूट आउट में चारों ने कमाल का कौशल दिखाया। सेमीफाइनल के लिए टीम को क्या सलाह देंगे, यह पूछने पर उन्होंने कहा , मैं यही सलाह दूंगा कि इसी तरह खेले और खुद पर कोई दबाव नहीं डाले। इस टीम ने जैसे ए छह मैच खेले हैं , मुझे पूरा यकीन है कि 44 साल बाद यह हमें ओलंपिक स्वर्ण पदक दिला सकती है। उन्होंने कहा , इस टीम में वह सब कुछ है जो ओलंपिक चैम्पियन बनने के लिए चाहिए। खिलाड़ियों के साथ ही कोचिंग स्टाफ में क्रेग फुल्टोन और शिवेंद्र सिंह को मैं देख रहा था कि कितने ऊर्जा से भरपूर थे और लगातार खड़े होकर निर्देश दे रहे थे। अपना आखिरी टूर्नामेंट खेल रहे श्रीजेश को उन्होंने भारत के महानतम खिलाड़ियों की सूची में रखते हुए कहा , भारतीय हॉकी ने कई महान खिलाड़ी दिए हैं लेकिन श्रीजेश को लीजेंड की श्रेणी में रखूंगा। उनके जैसा खिलाड़ी एक पीढी में एक आता है। आखिरी पूल मैच में आस्ट्रेलिया को ओलंपिक में 52 साल बाद शिकस्त देने के बाद श्रीजेश ने कहा था कि वह इस पीढी के खिलाड़ियों के धनराज पिल्लै हैं। धनराज ने कहा , मेरे लिए यह बहुत बड़ा काम्पलिमेंट है। अगर कोई मेरे योगदान को इस तरह सराह रहा है और वह भी श्रीजेश जैसा खिलाड़ी तो बहुत गर्व की बात है। अब इस टीम को श्रीजेश और मनप्रीत सिंह के लिए स्वर्ण जीतना चाहिए।



## यह दिन भारत का था, सेमीफाइनल में अपना खेल दिखाएंगे : श्रीजेश



**पेरिस।** ब्रिटेन के खिलाफ पेरिस ओलंपिक क्वार्टर फाइनल खेलने से पहले भारत के अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश को ए ख्याल आया था कियह उनका आखिरी मैच होगा या आगे दो और मैच खेलने का मौका मिलेगा। श्रीजेश के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर भारत ने ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट मे 4-2 से हराकर अंतिम चार मे जगह बनाई। ब्रिटेन के कई गोल बचाने वाले श्रीजेश ने जीत के बाद कहा , एक गोलकीपर का यह रोज का काम है। कई बार अलग हालात होते है लेकिन आज हमारा दिन था। शूटआउट मे भी हमारे सभी निशाने सटीक लगे। हमारे खिलाड़ियों ने गोल किए और मेरा आत्मविश्वास बढा। उन्होंने कहा , जब मै मैदान पर आया तो मेरे सामने दो ही विकल्प थे। यह मेरा आखिरी मैच होता या मुझे दो मैच और खेलने का मौका मिलता। आखिरकार अब मुझे दो मैच और मिलेगे। उनहोने कहा , सेमीफाइनल मे सामने कोई भी हो, हम अपना स्वाभाविक खेल दिखाएंगे। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि हम आज एक खिलाड़ी के बिना खेले थे।

### ओलंपिक पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 18 | 13 | 9 | 40 |
| अमेरिका | 14 | 25 | 23 | 62 |
| फ्रांस | 12 | 14 | 16 | 42 |
| ऑस्ट्रेलिया | 12 | 8 | 7 | 27 |
| ब्रिटेन | 10 | 10 | 14 | 34 |
| कोरिया | 10 | 7 | 6 | 23 |
| जापान | 8 | 5 | 9 | 22 |
| इटली | 6 | 8 | 5 | 19 |
| नीदरलैंड | 6 | 4 | 4 | 14 |
| जर्मनी | 5 | 5 | 2 | 12 |
| भारत | 0 | 0 | 3 | 3 |



एक्सेलसन

# सेमीफाइनल के लक्ष्य से चूके सेन, कांसे पर नजर

● डेनमार्क के गत चैंपियन विक्टर एक्सेलसन ने हराया

**भाषा।** पेरिस



**भारत के** लक्ष्य सेन दोनों गेम में मजबूत बढ़त बनाने के बावजूद रविवार को यहां पेरिस ओलंपिक की बैडमिंटन पुरुष एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में डेनमार्क के दूसरे वरीय और गत चैंपियन विक्टर एक्सेलसन के खिलाफ सीधे गेम में हार गए और अब कांस्य पदक के मुकाबले में खेलेंगे। ओलंपिक सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य को रियो ओलंपिक के कांस्य और तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता एक्सेलसन के खिलाफ 54 मिनट में 20-22, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। दो बार के पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी एक्सेलसन के खिलाफ लक्ष्य की नौ मैचों में यह आठवीं हार है। दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य अब सोमवार को कांस्य पदक के मुकाबले में मलेशिया के सातवें वरीय ली जी जिया से भिड़ेंगे जिन्हें थाईलैंड के आठवें वरीय कुनलावुत वितिदसार्न के खिलाफ एक अन्य सेमीफाइनल में 14-121, 15-21 से हार झेलनी पड़ी। फाइनल एक्सेलसन और वितिदसार्न के बीच होगा।लक्ष्य सेमीफाइनल में अहम मौकों पर दबाव झेलने में नाकाम रहे जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। पहले गेम में उनके पास तीन गेम प्वाइंट थे लेकिन उन्होंने लगातार पांच अंक गंवाकर गेम भी गंवा दिया। दूसरे गेम में भी लक्ष्य ने 7-0 की बेहद मजबूत बढ़त बना रखी थी लेकिन इसके बाद डेनमार्क के खिलाड़ी ने अगले 28 में से 21 अंक जीतकर गेम और मैच अपने नाम कर लिया और ओलंपिक में लगातार तीसरा पदक सुनिश्चित किया।लक्ष्य अब ली को हराकर ओलंपिक पदक जीतने वाला पहला भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी बनने के इरादे से उतरेंगे।

## महेश्वरी, रेजा महिला स्कीट क्वालीफिकेशन में 14वें और 23वें स्थान पर



**शेटराउ (फ्रांस)।** भारतीय निशानेबाज महेश्वरी चौहान और रेजा ढिल्लो रविवार को यहां पेरिस ओलंपिक खेलो की महिला स्कीट स्पर्धा मे क्रमशः 14वे और 23वे स्थान पर रहते हुए फाइनल मे जगह बनाने मे नाकाम रहे।पांच सीरीज के क्वालीफिकेशन की अंतिम दो सीरीज रविवार को खेली गई जिसके बाद महेश्वरी का कुल स्कोर 118 रहा। उन्होने पांच सीरीज मे 23, 24, 24, 25 और 22 अंक जुटाए।रेजा का कुल स्कोर 113 रहा। उन्होंने पांच सीरीज मे 21, 22, 23, 23 और 24 अंक जुटाए। स्पर्धा मे 29 निशानेबाजो ने हिस्सा लिया जिनमे से शीर्ष छह ने फाइनल मे जगह बनाई।इटली की 2016 रियो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता डायना बेकोसी भी फाइनल मे जगह बनाने मे नाकाम रही। वह 117 अंक के साथ 15वे स्थान पर रही।पहले दिन के क्वालीफिकेशन के बाद महेश्वरी तीन सीरीज मे 23, 24 और 24 से 71 अंक जुटाकर आठवे स्थान पर चल रही थी और फाइनल मे जगह बनाने की दौड़ मे थी। रविवार को हालांकि चौथी सीरीज मे पूरे 25 अंक जुटाने के बावजूद वह शीर्ष छह निशानेबाजो मे जगह नही बना पाई।विजयवीर सिद्धू और अनीष भानवाला 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल पुरुष क्वालीफिकेशन मे हिस्सा ले रहे है।

## जूलियन अल्फ्रेड बनी पेरिस ओलंपिक की फर्राटा क्वीन

**सेंट डेनिस (फ्रांस)।** सेंट लूसिया की जूलियन अल्फ्रेड ने प्रबल दावेदार शाकैरी रिचर्डसन को पीछे छोड़कर महिलाओं की 100 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता और इस तरह से पेरिस ओलंपिक खेलों की फर्राटा क्वीन बनने का गौरव हासिल किया।अल्फ्रेड ने 10.72 सेकंड में दौड़ पूरी करके अपने देश को ओलंपिक का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। अमेरिका की रिचर्डसन 10.87 सेकंड का समय लेकर दूसरे जबकि अभ्यास में उनकी साथी मेलिसा जेफरसन 10.92 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रही। सेंट लूसिया की एथलीट को जमैका की शेली एन फ्रेज़र प्राइस के सेमीफाइनल से ठीक पहले हट जाने का भी फायदा मिला।ओलंपिक मे 100 मीटर की दौड़ सबसे प्रतिष्ठित दौड़ मानी जाती है।

## जमैका की दो बार की चैंपियन फ्रेज़र चोट के कारण 100 मी दौड़ से हटी

सेंट डेनिस।) ओलंपिक मे महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में दो बार की स्वर्ण पदक विजेता शेली एन फ्रेजर प्राइस अज्ञात चोट के कारण पेरिस ओलंपिक खेलो की इस स्पर्धा से हट गई है।जमैका की फ्रेज़र प्राइस ने शनिवार को सेमीफाइनल से पहले हटने का फैसला किया। ओलंपिक अधिकारियो के अनुसार उनकी चोट अज्ञात है।टीम मैनेजर लुडलो वॉट्स ने जमैका ऑब्जर्वर से कहा, हमे केवल इतनी जानकारी मिली है कि वह चोटिल है। टीम का एक डॉक्टर उनकी स्थिति पर नजर रखे हुए है।फ्रेज़र प्राइस ने बीजिंग ओलंपिक 2008 और लंदन ओलंपिक 2012 में 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने कहा था कि यह उनका पांचवा और अंतिम ओलंपिक होगा।

## सबालेंका को हराकर बौज़कोवा फाइनल में

वाशिंगटन। चेक गणराज्य की मैरी बौज़कोवा ने शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका को हराकर मुबाडाला सिटी डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल मे प्रवेश किया। बौज़कोवा ने बारिश से प्रभावित इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सबालेंका को 6-4, 3-6, 6-3 से हराया। फाइनल मे उनका मुकाबला स्पेन की पाउला बडोसा से होगा जिन्होंने अमेरिका की कैरोलिन डोलेहाइड को 6-3, 6-3 से पराजित किया। पुरूषो के फाइनल मे चौथी वरीयता प्राप्त सेबेस्टियन कोर्डा का सामना इटली के 10वी वरीयता प्राप्त फ्लेवियो कोबोली से होगा। कोर्डा ने पांचवी वरीयता प्राप्त फ्रांसिस टियाफो को 6-4, 6-4 से जबकि कोबोली ने दूसरे वरीय बेन शेल्टन को 4-6, 7-5, 6-3 से हराया।

## श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला से बाहर

**कोलंबो।** श्रीलंका के ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण भारत के खिलाफ चल रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए है।पहला वनडे टाई छूटने के बाद भारत और श्रीलंका दूसरे वनडे मे रविवार को यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम मे आमने-सामने होगे। हसरंगा पहले वनडे मे अपने अंतिम ओवर के दौरान असहज महसूस कर रहे थे।हसरंगा की जगह जेफ्री वांडरसे को टीम मे शामिल किया गया है लेकिन उनके बाहर होने से श्रीलंका का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हो गया है क्योंकि मथीशा पथिराना, दिलशान मदुशंका, दुष्मंथा चमीरा और नुवान तुषारा चोटिल होने के कारण पहले ही बाहर है। वानिंदु हसरंगा बाई हैमस्ट्रिंग मे चोट के कारण एक दिवसीय श्रृंखला के बाकी मैचों मे नही खेल पाएंगे। उनकी जगह जेफ्री वांडरसे को टीम में लिया गया है। भारत और श्रीलंका के बीच तीसरा और अंतिम वनडे इसी मैदान पर सात अगस्त को खेला जाएगा।

# एथलीट एल्ड्रिन और पारुल ओलंपिक से बाहर




**भाषा।** पेरिस

**भारत का** पेरिस ओलंपिक खेलों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में निराशाजनक प्रदर्शन रविवार को भी जारी रहा जब राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक पारूल चौधरी और जेसविन एल्ड्रिन क्रमशः महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ और पुरुषों की लंबी कूद में फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहे।पारुल ने अपनी हीट रेस में आठवें और कुल मिलाकर 21वें स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक में अपना अभियान समाप्त किया।ओलंपिक से पहले अमेरिका में पेरिस की अनुकूल परिस्थितियों में अभ्यास करने वाली 29 वर्षीय पारुल ने नौ मिनट 23.39 सेकेंड में दूरी तय की, जो उनके इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह हालांकि अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड नौ मिनट 15.31 सेकंड से काफी पीछे रही जो उन्होंने 2023 में विश्व चैंपियनशिप में बनाया था।तीन हीट रेस में से प्रत्एक में शीर्ष पांच में जगह बनाने वाले एथलीट फाइनल में प्रवेश करते हैं।

# लवलीना नहीं लगा सकी विजयी पंच



● मुक्केबाजी में भारतीय अभियान समाप्त

**भाषा।** पेरिस

**तोक्यो** ओलंपिक की कांस्य विजेता भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) के रविवार को यहां चीन की ली कियान से क्वार्टर फाइनल में हारने से भारत का मौजूदा पेरिस खेलों में मुक्केबाजी अभियान बिना पदक के समाप्त हो गया। इस वर्ग की मौजूदा विश्व चैम्पियन लवलीना (26 वर्ष) को कड़े मुकाबले में तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता 34 साल की ली कियान से।-4 से हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान दोनों मुक्केबाजों को बार-बार क्लिंचिंग और होल्ड करने के लिए चेतावनी दी गई।लवलीना की हार के साथ ही भारत की मुक्केबाजी में चुनौती भी समाप्त हो गई। निशांत देव शनिवार रात पुरुषों के 71 किग्रा क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए थे। भारत ने पेरिस ओलंपिक में छह मुक्केबाज उतारे थे। इनमें चार महिला और दो पुरुष मुक्केबाज शामिल थे जिसमें से चार तो शुरूआती दौर के मुकाबले हारकर बाहर हो गए थे। लवलीना और चीन की मुक्केबाज के बीच मुकाबला करीबी था। दोनों में से कोई भी पहले हमला करने की इच्छुक नहीं दिख रही थी। एक दूसरे को पकड़ना और जकड़ना मुकाबले के शुरू में ही होने लगा जिसके बाद रैफरी को बार बार दोनों को अलग करना पड़ रहा था।

# वांडरसे की फिरकी में उलझा भारत

**भाषा।** कोलंबो

● श्रीलंका से 32 रन से हारा

**श्रीलंका के लेग** स्पिनर जेफ्रे वांडरसे (33 रन देकर छह विकेट) की फिरकी में फंसी भारतीय टीम कप्तान रोहित शर्मा (64 रन) के अर्धशतक के बावजूद रविवार को यहां दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 32 रन से हारकर तीन मैच की श्रृंखला में 0-। से पिछड़ गई। दोनों टीमों के बीच पहला वनडे टाई रहा था। वाशिंगटन सुंदर की अगुआई में भारतीय स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन से श्रीलंकाई टीम संघर्ष करती दिखी लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों की बदौलत नौ विकेट पर 240 रन का स्कोर खड़ा करने में सफल रही। स्पिनरों के मुफीद इस पिच पर भारत के लिए यह लक्ष्य पहाड़ सा बन गया और पूरी टीम 42.2 ओवर में 208 रन पर सिमट गई। वांडरसे ने 33 रन देकर छह विकेट और कप्तान चरिथ असालंका ने 20 रन देकर तीन विकेट झटके। रोहित (44 गेंद, पांच चौके, चार छक्के) जब क्रीज पर थे तो नतीजा भारत के पक्ष में होता दिख रहा था। उन्होंने और शुभमन गिल (35 रन, 44 गेंद) पहले विकेट के लिए महज 13.3 ओवर में 97 रन की भागीदारी निभा ली थी। रोहित ने इस दौरान स्पिनर दुनिथ वेलालागे और अकिला धनंजय तथा तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो पर मैदान के चारों ओर शॉट लगाए। लेकिन वांडरसे की गेंद को रिवर्स स्वीप करने के प्रयास में पाथुम निसांका को कैच देकर आउट हो गए जिससे भारतीय बल्लेबाजी इकाई मुश्किल में आ गई।



### स्कोरबोर्ड

**श्रीलंका** : निसांका का राहुल बो सिराज 00,फर्नांडो का एवं बो सुंदर 40,मेंडिस पगबाधा बो सुंदर 30,समरविक्रमा का कोहली बो पटेल 14, असालंका का पटेल बो सुंदर 25, लियानागे का एवं बो कुलदीप 12,वेलालागे का दुबे बो कुलदीप 39,मेंडिस रन आउट 40, धनंजय रन आउट 15,वांडरसे नाबाद 01,**अतिरिक्त** : 24,**कुल** : 50 ओवर मे नौ विकेट पर 240 रन,**विकेट पतन** :।-0, 2-74, 3-79, 4-111, 5-136, 6-136, 7-208, 8-239, 9-240 **गेंदबाजी** : सिराज 8-।-43-।,अर्शदीप 9-0-58-0,पटेल 9-0-38-।,शिवम 2-0-10-0, सुंदर 10-।-30-3, यादव 10-।-33-2,रोहित शर्मा 2-0-11-0

**भारत** : रोहित का निसांका बो वांडरसे 64,गिल का कामिंदु मेंडिस बो वांडरसे 35, कोहली पगबाधा बो वांडरसे 14, दुबे पगबाधा बो वांडरसे 00,पटेल का एवं बो असालंका 44,अय्यर पगबाधा बो वांडरसे 07, राहुल बो वांडरसे 00, सुंदर पगबाधा बो असालंका 15,यादव नाबाद 07, सिराज पगबाधा बो असालंका 04,अर्शदीप रन आउट 03,**अतिरिक्त** : 15,**कुल** : 42.2 ओवर मे 208 रन पर सभी आउट,**विकेट पतन** :।-97, 2-116, 3-116, 4-123, 5-133, 6-147, 7-185, 8-190, 9-201,**गेंदबाजी** : फर्नांडो 7-0-31-0,वेलालागे 6-0-41-0, धनंजय 10-।-54-0, मेंडिस 3-0-19-0,वांडरसे 10-0-33,असालंका 6.2-2-20-3

# विनेश सहित भारतीय पहलवानों को देनी होगी कड़ी परीक्षा

**पेरिस।** भारत को अगर ओलंपिक खेलों की कुश्ती प्रतियोगिता में पदक जीतने का सिलसिला जारी रखना है तो फिर सोमवार से यहां शुरू होने वाले मुकाबलों में विनेश फोगाट सहित सभी छह पहलवानों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।भारत ने बीजिंग ओलंपिक 2008 से लेकर प्रत्एक ओलंपिक खेल में कुश्ती में पदक जरूर जीता है। ऐसे में सभी की निगाह अनुभवी पहलवान विनेश पर टिकी रहेंगी जिनका पिछला कुछ समय उथल-पुथल में बीता है।विनेश ने विश्व चैंपियनशिप में दो, राष्ट्रमंडल खेलों में तीन और एशियाई चैंपियनशिप में आठ पदक जीते हैं लेकिन वह अभी तक ओलंपिक पदक नहीं जीत सकी है। ओलंपिक से पहले विनेश को अभ्यास का पर्याप्त मौका नहीं मिला। वह भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप को लेकर धरना प्रदर्शन करने वाली प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल रही। विनेश की चुनौतियां यहीं पर समाप्त नहीं हुई। वह विश्व चैंपियनशिप में भाग नहीं ले सकी। अंतिम पंघाल ने उनके वजन वर्ग 53 किग्रा में कोटा हासिल कर दिया। इस कारण विनेश को 50 किग्रा वजन वर्ग में अपनी चुनौती पेश करनी पड़ रही है। वह गैर वरीयता प्राप्त है जिसका मतलब है कि उनका सफर आसान नहीं होगा।विनेश के इस वजन वर्ग में कई दिग्गज पहलवान शामिल हैं जिनमें चार बार की विश्व चैंपियन युई सुसाकी, चार बार की ओलंपिक पदक विजेता मारिया स्टेडनिक, तोक्यो खेलों की कांस्य विजेता सारा हिल्डेब्रांट और दो बार की विश्व पदक विजेता डोलगोरजाविन ओटगोंजरगल प्रमुख हैं। अंशू मलिक (महिला 57 किग्रा) और अमन सहरावत (पुरुषों का 57 किग्रा) भी पदक के दावेदारों में शामिल हैं। अंशु की फिटनेस को लेकर हालांकि संदेह बना हुआ है क्योंकि अभ्यास के दौरान उनकी गर्दन में ऐंठन आ गई थी।अंतिम पंघाल की तैयारी भी अनुकूल नहीं रही हैं।



## क्विक न्यूज

### ओलंपिक पदक जीतने तक संन्यास नही लूंगी: दीपिका

**पेरिस।** लगातार चार ओलंपिक मे विफल रही कई बार की विश्व कप पदक विजेता तीरंदाज दीपिका कुमारी ने कहा है कि वह पोडियम पर पहुंचने तक खेल को अलविदा नही कहेंगी और उन्हे लगता है कि चार साल बाद लॉस एंजिलिस मे वह ऐसा करने मे कामयाब रहेंगी। दीपिका खेलो के सबसे बड़े मंच पर दबाव भरे हालात में विफल रही है। उन्होंने यहां इंडिया हाउस मे पीटीआई से विशेष बातचीत मे कहा, निश्चित रूप से मै भविष्य में और खेलना चाहती हूं और अपना खेल जारी रखूंगी। उन्होंने कहा, मै ओलंपिक पदक जीतना चाहती हूं और जब तक मै इसे हासिल नही कर लेती, तब तक मै खेल नह छोड़ूंगी। मै कड़ी मेहनत करूंगी और मजबूती से वापसी करूंगी। दीपिका (30 साल) ने कहा, मै और मजबूती से पेश करूंगी। इसमें कई चीजे है जैसे तेजी से निशाना लगाना, मुझे इसके बारे में थोड़ा और जानने की जरूरत है और इसके अनुसार खुद को तैयार करना सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, मै ओलंपिक से यही सीखा है कि देर से निशाना लगाना कारगर नही होता, आपके पास बड़ी गलतियो की गुंजाइश नही होती। आपको इस पर नियंत्रण रखना होता है। मै यहां से यह सीख लूंगी। वह पेरिस मे अपने लगातार चौथे ओलंपिक मे खेलने उतरी। दिसंबर 2022 मे मां बनने के बाद खेल मे वापसी की। राष्ट्रीय चयन ट्रायल मे शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद उन्होंने अप्रैल मे शंघाई विश्व कप मे व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता।

### ओलंपिक में 800 फ्रीस्टाइल जीतकर इतिहास रचा

**नानटेरे।** केटी लेडेस्की पेरिस ओलंपिक खेलो में महिलाओं की 800 मीटर फ्री स्टाइल में स्वर्ण पदक जीत कर लगातार चार ओलंपिक खेलो मे एक प्रतियोगिता को जीतने वाली दूसरी तैराक बन गई है।लेडेस्की का पेरिस ओलंपिक मे यह दूसरा जबकि ओलंपिक खेलो में नौवां स्वर्ण पदक है। वह ओलंपिक में नौ या इससे अधिक स्वर्ण पदक जीतने वाली केवल छठी खिलाड़ी है। लेडेस्की ओलंपिक खेलो में सर्वाधिक पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में तैराक मार्क स्पिट्ज, ट्रैक स्टार कार्ल लुईस, सोवियत जिमनास्ट लारिसा लैटिनिना और फिनलैंड के धावक पावो नूरमी के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। ओलंपिक में सर्वाधिक स्वर्ण पदक जीतने का रिकॉर्ड अमेरिका के तैराक माइकल फेल्प्स (23 स्वर्ण पदक) के नाम दर्ज है। लेडेस्की ने 800 मीटर फ्री स्टाइल में आठ मिनट 11.04 सेकंड का समय लेकर ऑस्ट्रेलिया की एरियान टिटमस को पीछे छोड़ा। अमेरिका की एक अन्य खिलाड़ी पेज मैडेन ने कांस्य पदक जीता।इससे पहले फेल्प्स लगातार चार ओलंपिक खेलो मे एक ही स्पर्धा जीतने वाले एकमात्र तैराक थे। उन्होने एथेंस, बीजिंग, लंदन और रियो डी जनेरियो मे 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले मे स्वर्ण पदक जीता था।

### मुक्केबाजों की जांच में बहुत खामियां हैं : आईओसी

**पेरिस।** ओलंपिक आयोजकों ने रविवार को कहा कि मुक्केबाज इमाने खेलीफ और लिन यू टिंग की मनमानी से हुई जांच में इतनी खामियां है कि इस पर चर्चा करना असंभव है। इन जांच के कारण महिला मुक्केबाजों को ट्रांसजेंडर या पुरूष करार करके आलोचनाओं का दौर शुरू हो गया। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के प्रवक्ता मार्क एडम्स ने फिर से अल्जीरिया की खेलीफ और ताईवान की लिन का बचाव किया और मुक्केबाजी की प्रतिबंधित संस्था अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ की आलोचना की जिसने दावा किया था कि ए दोनों मुक्केबाज महिला स्पर्धा के लिए पात्रता के मद्देनजर की गई जांच में विफल रही थी। एडम्स ने कहा कि 2023 की मुक्केबाजी विश्व चैम्पियनशिप के दौरान दोनों मुक्केबाजों को ले जाकर उनकी जांच की गई क्योंकि उनके संबंध मे सदेह था। उन्होंने इस प्रक्रिया की आलोचना की जिसके कारण मुक्केबाजों को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा, मुझे यह कहने की जरूरत नही है कि अगर हम हर खिलाड़ियों के खिलाफ संदेह के आधार पर कार्वाई करना शुरू कर देते है तो हम बहुत खराब रास्ते पर चले जाएंगे एडम्स ने जांच को पूरी तरह से खारिज कर दिया। एडम्स ने कहा, ऐसे कई कारण है जिनकी वजह से हम इस पर काम नही करेंगे। आंशिक रूप से गोपनीयता और आंशिक रूप से चिकित्सा संबंधी मुद्दे। उन्होने कहा, पहले तो परीक्षण के लिए कोई आधार नही था। और इसका डेटा साझा करना भी अंतरराष्ट्रीय नियमों के खिलाफ है। एडम्स ने कहा, पूरी प्रक्रिया त्रुटिपूर्ण है। जांच का विचार, इसे हमसे किस तरह साझा किया गया और जांच किस तरह सार्वजनिक हुई, यह सब इतना गलत है कि इस पर चर्चा करना ही असंभव है।

### यूपी की राज्य सब-जूनियर और जूनियर तैराकी टीम

**लखनऊ।** राज्य सब-जूनियर और जूनियर तैराकी टीम 6 से 11 अगस्त 2024 तक 40वीं सबजूनियर और 50वीं जूनियर तैराकी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप.2024 भुवनेश्वर में भाग लेने जा जएगी। उसके लिए खिलाड़ियों का चयन हो गया है। धानन्या कोडकानी , दीपशिखा कुमारी ,अर्चना निशाद मिर्ज़ापुर, नव्या सिंह गौतम, अर्पिता सिंह,शीतल निषाद ,वेदांत चंद्र,यशवंत सिंह, हृदय चिकारा, अंकित यादव, अभिषेक कन्नौजिया, यथार्थ सिंह यादव , क्षितिज गोयल,आदित्य प्रताप ,गौतम शाह,जिया यादव, शैला, डोरोथी रवि कांत ,गीतिका चौहान , एंजेलीना सैंडजीवा ,अमरिस पटेल, सान्वी बाहरी, इरा गौड़ , सुभम चौहान,कृष्णा यादव,अथर्व सिंह,अजीत यादव , हिमाशु सिंह ,शिवांश मिश्रा,अनुज निषाद, शिवकांत निषाद,हर्ष निषाद , मुस्कान भाटी , साँची तिवारी,शौम्या चौहान, श्रीजा सिंह, दिब्या चौहान,नितेश निषाद, राज यादव , पीयूष कन्नौजिया, अभिषेक चौहान,अविनाश निषाद, प्रीतम निषाद मिर्ज़ापुर पुरुष तृतीय। यूपी द्वारा सभी प्रतिभागियों को सेरेमोनियल किट वितरित की गई है। आनंद कुमार श्रीवास्तव एनआईएसए देवान, बैजनाथ कन्नौजिया और सुरेश दलाल एनआईएस कोच और मैनेजर के रूप में टीम का साथ देंगे।

### विवादित स्कोरिंग ने निशांत से छीना पदक ?

**नई दिल्ली।** मुक्केबाजी में विजेता का फैसला एक दूसरे पर घूंसों की बरसात से होता है लेकिन इसकी स्कोरिंग प्रणाली आज तक किसी को समझ में नही आई और ताजा उदाहरण पेरिस ओलंपिक मे भारत के निशांत देव का क्वार्टर फाइनल मुकाबला है। निशांत 71 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में दो दौर में बढत बनाने के बाद मैक्सिको के मार्को वेरडे अलवारेज से।. 4 से हार गए तो सभी हैरान रह गए। हर ओलंपिक मे यह बहस होती है कि आखिर जज किस आधार पर फैसला सुनाते है। निशांत का मामला पहला नही है और ना ही आखिरी होगा। लॉस एंजिलिस में 2028 ओलंपिक मे मुक्केबाजी का होना तय नही है और इस तरह की विवादित स्कोरिंग से मामला और खराब हो रहा है। तोक्यो ओलंपिक 2020 मे एम सी मेरीकोम प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला हारने के बाद रिंग से मायूसी में बाहर निकली थी क्योंकि उन्हें जीत का यकीन था। उन्होने उस समय पीटीआई से कहा था , सबसे खराब बात यह है कि कोई रिव्यू या विरोध नही कर सकते। मुझे यकीन है कि दुनिया ने इसे देखा होगा। इन्होने हद कर दी है। निशांत क हारने के बाद कल पूर्व ओलंपिक कांस्य पदक विजेता विजेंदर सिंह ने एक्स पर लिखा , मुझे नही पता कि स्कोरिंग प्रणाली क्या है लेकिन यह काफी करीबी मुकाबला था। उसने अच्छा खेला। कोई ना भाई। अमैच्योर मुक्केबाजी की स्कोरिंग प्रणाली बीते बरसो मे इस तरह बदलती आई है और धीरे धीरे जजो ने अपनी विश्वसनीयता खो दी। सियोल ओलंपिक, 1988 : रोम ओलंपिक 1960 में कई अधिकारियों को एक बाउट में विवादित फैसले के बाद अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने बाहर कर दिया। इसके बावजूद सियोल ओलंपिक मे खुलेआज लूट देखी गई जब अमेरिका के रॉय जोंस जूनियर ने कोरिया के पार्क सि हुन पर 71 किलोवर्ग में स्वर्ण पदक के मुकाबले में 86 घूंसे बरसाए और सिर्फ 36 घूंसे खाए। इसके बावजूद कोरियाई मुक्केबाज को विजेता घोषित किया गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा द इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड,ए-8, सेक्टर-7, जिला-गौतमबुद्ध नगर, नोएडा ( उ.प्र. )-201301, दूरभाष-01202470700 से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5 ,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।